सूर्योदय 6:01 सूर्यास्त 6:35

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 23.9 अधि |
| धर्मशाला | 19.8 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,101.32 |
| निफ्टी | 24,868.60 |
| सोना 1,10,047 | चांदी 1,25,651 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 10 सितंबर 2025 | 26 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 253, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सियाचिन में हिमस्खलन तीन सैनिक शहीद

**एजेंसी, लद्दाख।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन सेक्टर में बड़ी अनहोनी हुई है। रविवार को 12000 फीट की ऊंचाई पर स्थित एक बेस कैंप में हिमस्खलन हुआ। अधिकारियों के अनुसार इस हादसे में सेना के तीन जवान शहीद हो गए। इनमें दो अग्निवीर भी शामिल थे, तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया और सभी तीनों जवानों के शव बरामद कर लिए गए। यह क्षेत्र दुनिया के सबसे ऊंचे और चुनौतीपूर्ण सैन्य तैनाती वाले स्थानों में से एक है। (अनंत ज्ञान)

### अब राहुल गांधी भी करेंगे हिमाचल-पंजाब का दौरा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी बाढ़ ग्रस्त हिमाचल और पंजाब का दौरा करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी की यात्रा का समय अभी निश्चित नहीं हुआ है, लेकिन वह इसी सप्ताह हिमाचल और पंजाब जाएंगे और वहां बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी बाढ़ की स्थिति पर बराबर नजर रखे हैं और उनका कहना है कि वह पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। राहुल गांधी बाढ़ की स्थिति को लेकर लगातार हिमाचल सरकार के संपर्क में हैं। (अनंत ज्ञान)

### कुलगाम में एनकाउंटर के दूसरे दिन मिला आतंकी ठिकाना

**एजेंसी, कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम स्थित गुड्डर के जंगलों में मंगलवार को एनकाउंटर के दूसरे दिन सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। सुरक्षाबलों ने गुड्डर में एक आतंकी ठिकाने का भी पता लगाया है। सेना ने आतंकियों के छिपने की जगह को नष्ट कर दिया है। जंगल के बीच में आतंकी दो से तीन फुट गहरे गड्ढा बनाकर छिपे थे। वहां से 2एके-47 राइफलें, गोला-बारूद, बर्तन और खाने का सामान बरामद हुआ है। आतंकियों के किसी भी तरह के भागने से बचने के लिए इलाके की कड़ी घेराबंदी कर रखी है। (अनंत ज्ञान)

### अयोध्या: कृष्ण मोहन होंगे राम मंदिर के नए ट्रस्टी

**एजेंसी, अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नया ट्रस्टी मिल गया है। स्व. कामेश्वर चौपाल के निधन से खाली हुई जगह पर हरदोई के कृष्ण मोहन को ट्रस्टी बनाया गया है। कृष्ण मोहन लखनऊ विश्वविद्यालय से शिक्षित हैं, एटॉमिक एनर्जी क्षेत्र में वर्षों तक कार्य कर चुके हैं और भारतीय वन सेवा (महाराष्ट्र कैडर) से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। वर्तमान में वे हरदोई में रहते हुए सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। दरअसल, बीते दिनों श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी और राम मंदिर के लिए पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हमीरपुर में राष्ट्रीय स्तर की दो शूटिंग रेंज बंद पेज 2
- ओबीसी संघर्ष समिति की धर्मशाला तक पैदल यात्रा 20 को -पेज 5
- भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, मैहला पंचायत की प्रधान निलंबित -पेज 7
- एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ करवाई एफआईआर -पेज 9
- हरियाणा सरकार ने ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स को बताया अवैध -पेज 13


# पीएम मोदी ने हिमाचल को दी 1500 करोड़ की आपदा राहत

## कांगड़ा एयरपोर्ट पर बैठक के दौरान पीएम ने की घोषणा, बाढ़ व बारिश प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के बाढ़ और बारिश प्रभावित इलाकों के लिए 1500 करोड़ रुपए की त्वरित वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की। पीएम ने यह घोषणा मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के दौरे के दौरान की। इस दौरान पीएम ने हिमाचल प्रदेश के बाढ़ और बारिश प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही कांगड़ा एयरपोर्ट पर बैठक भी की, जिसमें सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने कांगड़ा एयरपोर्ट में बैठक के माध्यम से नुकसान की समीक्षा और आकलन किया। मोदी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी मुलाकात की और उनके प्रयासों की भी सराहना की। केंद्र सरकार ने प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के लिए हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के प्रभावित इलाकों में बाढ़ की स्थिति और बादल फटने, बारिश और भूस्खलन से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए हिमाचल प्रदेश के दौरे पर आए थे। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने कांगड़ा में एक आधिकारिक बैठक की जिसमें राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में हुए नुकसान का आकलन भी किया गया।



हिमाचल दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाढ़ और बारिश से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करते हुए तथा (दाएं) हवाई सर्वेक्षण से दिखीं नुकसान की तस्वीरें।

### सीएम सुक्खू ने त्वरित वित्तीय सहायता पर पीएम मोदी का जताया आभार, मांगा विशेष राहत पैकेज

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मानसून सीजन के दौरान आई प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का जायजा लेने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गगल एयरपोर्ट पर स्वागत किया। उन्होंने हिमाचल को आपदा से हुए नुकसान पर 1500 करोड़ रुपए की त्वरित वित्तीय सहायता देने पर पीएम मोदी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी से हिमाचल प्रदेश में व्यापक स्तर पर हुए नुकसान के मद्देनजर विशेष राहत पैकेज देने की मांग भी उठाई।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आपदा त्रासदी को देखते हुए 1500 करोड़ रुपए की राहत दी है, लेकिन हिमाचल को विशेष राहत पैकेज की दरकार है। अब देखने वाली बात यह है कि स्पेशल पैकेज में हिमाचल को कितने करोड़ रुपए की मदद मिलती है।

इससे पूर्व मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गगल एयरपोर्ट पर आपदा नुकसान की बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हिमाचल में आपदा प्रभावितों को बसाने और राहत प्रदान करने के लिए नियमों में बदलाव की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखी है, ताकि प्रभावित परिवारों को वन भूमि में एक बीघा जमीन सरकार उपलब्ध करवा सके। अभी तक प्रदेश सरकार प्रभावितों को यह भूमि प्रदान नहीं कर सकती है।

सीएम ने कहा कि आपदा प्रभावितों को बसाना है तो वन नियमों में बदलाव अति आवश्यक है, यह बात पीएम के समक्ष रखी है। प्रदेश में वर्ष 1950 एक्ट के तहत 68 फीसदी भूमि वन भूमि के नाम पर दर्ज है, ऐसे में प्रभावितों को मुख्यमंत्री तो क्या, केंद्रीय मंत्री भी जमीन नहीं दे सकता है।

# सीपी राधाकृष्णन होंगे देश के 15वें उपराष्ट्रपति



एजेंसी, नई दिल्ली

### एनडीए प्रत्याशी को 452 और विपक्षी गठबंधन के बी. सुदर्शन रेड्डी को मिले 300 वोट

उपराष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का ऐलान हो गया है। एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने इस चुनाव को जीत लिया है और इसके साथ ही वह देश के 15वें नए उपराष्ट्रपति बनेंगे। राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल पीसी मोदी ने चुनाव के नतीजों के ऐलान किए।

सीपी राधाकृष्णन को इस चुनाव में 452 वोट मिले हैं। उनके सामने विपक्षी गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी सुर्दशन रेड्डी को मैदान में उतारा था। रेड्डी को महज 300 वोट ही मिल पाए। भाजपा ने दावा किया है कि चुनाव में जमकर क्रॉस वोटिंग भी हुई है। उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का सीधा मुकाबला विपक्ष के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी से था। सोमवार को संसद परिसर में पक्ष और विपक्ष दोनों खेमों में सियासी गहमागहमी रही। सत्ताधारी राजग गठबंधन के सांसदों की कार्यशाला बैठक में चुनावी प्रक्रिया तथा मतदान करने के तौर-तरीके समझाए गए।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राधाकृष्णन को जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राधाकृणन ने हमेशा समाज की सेवा की है। वह उत्कृष्ट राष्ट्रपति साबित होंगे। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन लोकतंत्र को मजबूत करेंगे तथा संसद में संवाद की नई इबारत लिखेंगे। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी राधाकृष्णन को बधाई दी। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने कि कि यह सिर्फ विचारधारा की लड़ाई थी। (अनंत ज्ञान)

### 13 सांसदों ने किया मतदान से परहेज

**संसद** के दोनों सदनों में कुल 788 सीटें हैं, लेकिन 7 सीटें अभी खाली हैं। 19 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 781 सांसदों को मतदान करना था, लेकिन 13 सांसदों ने इससे परहेज किया। इसमें बीजेडी के 7, बीआरएस के 4, अकाली दल के 1, निर्दलीय (सरबजीत सिंह खालसा) एक शामिल हैं।

# नेपाल में हिंसा जारी, पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत

एजेंसी, काठमांडू

विरोध-प्रदर्शन के बीच आखिरकार नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि भ्रष्टाचार में घिरे पीएम ओली अपने पद से इस्तीफा दें। ओली ने सैकड़ों प्रदर्शनकारियों द्वारा सरकार विरोधी नारे लगाते हुए उनके कार्यालय में घुसने के कुछ ही देर बाद पद छोड़ दिया। उनके इस्तीफे से कुछ घंटे पहले, प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को हुई मौतों की जवाबदेही की मांग करते हुए बालकोट स्थित ओली के निजी आवास में आग लगा दी थी।



प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी थी जिसमें उनकी पत्नी गंभीर रूप से जल गईं, जिस कारण उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार की मौत हो गई है।

राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। देश में जारी हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलिकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है।



### पीएम ओली का इस्तीफा, राष्ट्रपति ने पद नहीं छोड़ा, प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया

राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल और गृहमंत्री के निजी आवासों पर भी हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साए युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है।

प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि भ्रष्टाचार में घिरे पीएम ओली अपने पद से इस्तीफा दें। आज शाम ओली ने मंत्रियों की बैठक बुलाई थी, लेकिन इससे पहले ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ गया। ओली ने सैकड़ों प्रदर्शनकारियों द्वारा सरकार विरोधी नारे लगाते हुए उनके कार्यालय में घुसने के कुछ ही देर बाद पद छोड़ दिया। (अनंत ज्ञान)

# निरमंड में भूस्खलन से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

### तीन घायल

**आनी।** जिला के निरमंड खंड की घाटू पंचायत के शमारनी गांव में मंगलवार सुबह अढ़ाई बजे लैंडस्लाइड से दो घर जमींदोज हो गए। इस हादसे में दो सगे भाइयों के परिवार के 8 लोग मलबे में दब गए। इनमें से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, परिवार के तीन अन्य लोगों को ग्रामीणों ने मलबे से सुरक्षित निकाला। तीनों का निरमंड अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद रामपुर के खनेरी स्थित जोनल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घाटू पंचायत के प्रधान भोगा राम से मिली सूचना के अनुसार, निरमंड खंड की घाटू पंचायत के शमारनी गांव में धर्मदास और शिवराम का परिवार ही इन मकानों में रहता था, जो कि हादसे में शिकार हो गया। शिवराम की पत्नी तृप्ता देवी, बेटा चुन्नी लाल, बहू अंजना कुमार, पोती जागृति (7), पोता भोपेश (5) की मौत हो गई है। वहीं, शिवराम व उनके भाई धर्मदास और धर्मदास की पत्नी कला देवी तीनों घायल हैं। धर्मदास का बेटा घर पर नहीं था। इससे वह हादसे का शिकार होने से बच गया।



निरमंड आपदा हादसे में दबे लोगों की तलाशी के लिए चलाया रेस्क्यू व सर्च ऑपरेशन।

### प्रशासन ने दी फौरी राहत

**एसडीएम** मनमोहन सिंह ने बताया कि दो परिवारों के बाकी बचे सदस्यों को पंचायत घर में शिफ्ट किया जाएगा, जबकि बाकी के तीन खाली करवाए गए मकानों के सदस्यों को गांव में ही सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। मृतकों के मौके पर ही पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपए और घायलों को 5-5 हजार रुपए की फौरी राहत की गई है, जबकि क्षतिग्रस्त मकानों के मालिकों को 10-10 हजार रुपए का फौरी मुआवजा भी दिया गया।

### दिल्ली के पंजाबी बस्ती इलाके में गिरी 4 मंजिला इमारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सब्जी मंडी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के पंजाबी बस्ती इलाके में देर रात एक चार मंजिला इमारत ढह गई। घटना के बाद एहतियात के तौर पर आनन-फानन में बिल्डिंग को खाली कराया गया। जानकारी के मुताबिक, इमारत ढहने के बाद मलबे में कुछ वाहन फंसे हुए हैं। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। इमारत जर्जर होने के कारण पहले से खाली करा ली गई थी।

# हिमाचल के 3 मेडिकल कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हिमाचल के 3 मेडिकल कालेज में मंगलवार सुबह ई-मेल से बम रखे जाने की धमकी मिली है, जिसके बाद मेडिकल कालेज श्री लालबहादुर शास्त्री, मेडिकल कालेज नेरचौक मंडी और मेडिकल कालेज चंबा को खाली कर दिया गया है। तलाशी के लिए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वाड तलाशी में जुट गया है।

जानकारी के मुताबिक कॉलेज प्राचार्य डीके वर्मा को ई-मेल के जरिए अस्पताल परिसर को उड़ाने की धमकी मिली। सुबह ई-मेल की जानकारी मिलते ही मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर को खाली करवा दिया गया। प्रशासन व पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं।



अस्पताल के बाहर बैठा मरीज।

वहीं, नेरचौक मेडिकल कॉलेज चार मंजिला भवन पूरी तरह से बंद है। इसकी तलाशी के लिए पुलिस, क्यूआरटी, दमकल विभाग के साथ-साथ अन्य जवान भी तैनात हैं और स्नीफर डॉग की मदद भी ली जा रही है। उधर, चंबा में तब अफरा-तफरी मच गई जब मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल प्राप्त हुआ। ई-मेल में स्पष्ट तौर पर लिखा था कि दोपहर 2.45 बजे अस्पताल में बम विस्फोट होगा। इस धमकी के बाद न केवल अस्पताल प्रशासन बल्कि पूरे जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हलचल मच गई।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025 में परवाणू देश में दूसरे नंबर पर

अनंत ज्ञान टीम, शिमला/सोलन

हिमाचल प्रदेश के परवाणू शहर ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रतिष्ठित 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025' में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह सम्मान स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह के दौरान 9 सितंबर को नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा प्रदान किया गया।



नई दिल्ली में पुरस्कार प्रदान करते हुए।

परमाणू शहर को 3 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों की श्रेणी में देश के स्वच्छतम वायु वाले नगरों में से एक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस पुरस्कार के साथ हिमाचल को 25 लाख रुपए की नकद राशि भी प्राप्त हुई है। हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ. प्रवीन चंद्र गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व एवं सतत विकास तथा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से प्रेरित समेकित प्रयासों का परिणाम है।

यह पुरस्कार हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्थानीय प्रशासन तथा परमाणू शहर के नागरिकों के समर्पित योगदान को दर्शाता है, जिन्होंने स्वच्छ और स्वस्थ वायु सुनिश्चित करने हेतु मिलकर प्रयास किए हैं।

**होस्ट एंकर सीरीज 'एपिसोड-25'** पहले राजधानी जाने के लिए जाना पड़ता था वाया पठानकोट-कालका

# सीएम सहित तीन मंत्रियों की थी हिमाचल की पहली कैबिनेट

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में प्रथम विधानसभा चुनाव 1951-52 में हुए थे और डॉ. यशवंत सिंह परमार ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उस दौर में पूरे प्रदेश में दो ही कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे, जिसमें मंडी के पंडित गौरी प्रसाद भी शामिल थे। लोक निर्माण मंत्री का कार्यभार संभालते ही इन्होंने सबसे पहले मंडी शिमला सड़क मार्ग की नींव रखी।





हिमाचल की पहली कैबिनेट के लोनिवि मंत्री रहे पं. गौरी प्रसाद के बेटे हिप्र वित्त निगम के सीजीएम हितेंद्र शर्मा की अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत

बता दें कि इससे पहले शिमला जाने के लिए वाया पठानकोट-कालका होकर जाना पड़ता था। उस दौर में बसें भी इक्का-दुक्का ही चलती थीं और शिमला पहुंचने के लिए दो से तीन दिन लग जाते थे। पंडित गौरी प्रसाद ने इतिहास रचते हुए मंडी शिमला मार्ग तैयार करवा कर प्रदेश में विकास की नई इबारत लिख दी। यह बात होस्ट एंकर सीरीज के 25वें एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में पंडित गौरी प्रसाद के सुपुत्र मुख्य महाप्रबंधक हिमाचल प्रदेश वित्त निगम हितेंद्र शर्मा ने बताई।

उन्होंने कहा कि जोनल अस्पताल के विकास में पंडित गौरी प्रसाद का विशेष योगदान रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र से लेकर रोजगार तक उन्होंने प्रदेश को अपने पैरों पर खड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके कार्यकाल में मंडी के जोनल अस्पताल में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद भी व्यवस्थाएं जांचने आए थे।

### राजा के कैंडिडेट की जमानत करवाई जब्त

**पंडित** गौरी प्रसाद लौहार से आकर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए और वर्ष 1940 में प्रजा मंडल के अध्यक्ष स्वामी पूर्णानंद के नेतृत्व में प्रजामंडल मूवमेंट में शामिल हो गए। इस दौरान उन्होंने मंडी के राजा की तानाशाही के खिलाफ अभियान चलाया। वर्ष 1942 में मंडी रियासत के राजा ने स्टेट लेजिसलेटिव कार्उंसिल का गठन किया। तत्पश्चात बल्ह से राजा के उम्मीदवार राय साहब के खिलाफ चुनाव लड़ा और राय साहब की जमानत जब्त करवाई। तदोपरांत स्टेट लेजिसलेटिव कार्उंसिल में आ गए और लोगों की भलाई के लिए बहुत काम किया।

### छह महीने रहे जेल में

**पंडित** गौरी प्रसाद वर्ष 1947 तक प्रजामंडल मूवमेंट में जिलाध्यक्ष भी रहे। इसी दौरान मंडी राजा ने इन्हें छह महीने के लिए जेल में बंद कर दिया। हालात इतने खराब थे कि सभी बंदियों को मारने के आदेश होने वाले थे, लेकिन इतने में देश आजाद हो गया और प्रजामंडल का कांग्रेस में विलय हो गया। वर्ष 1947 से 1951 तक कांग्रेस के पहले जिलाध्यक्ष रहे और 1951 में रिवालसर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे।

### सादे समारोह में होती थी शपथ, खुद धोते थे कपड़े

**हिमाचल** प्रदेश में पहली विधानसभा के गठन के दौरान बहुत ही सादे समारोह में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाता था। सुबह चार बजे उठने वाले पंडित गौरी प्रसाद ने ताउम्र खादी वस्त्र ही धारण किए और अपने कपड़े खुद धोए और प्रेस किए।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्रग डिटेक्शन किट से नशे में पाए 4 युवा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वार एंगेस्ट ड्रग अभियान के तहत नशे के आदी युवाओं का पता लगाने के लिए ड्रग डिटेक्शन किट का उपयोग किया जा रहा है। हाल ही में बड़सर पुलिस ने चार युवाओं की इस किट के माध्यम से जांच की, जिसमें सभी पॉजिटिव पाए गए। जांच रिपोर्ट के अनुसार, चारों ने मादक पदार्थ का सेवन किया था। पुलिस ने चारों युवाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह अभियान स्थानीय युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

### नोटिस रद्द होने पर भाजपा की खुशी बेवजह

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय बन्याल ने कहा कि भोरंज की चुनाव याचिका पर विधायक द्वारा दिए गए एक नोटिस के रद्द होने पर भाजपा समर्थक बेवजह जश्न मना रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोर्ट ने केवल नोटिस नामंजूर किया है, जबकि चुनाव याचिका की कार्रवाई अब शुरू हुई है और हमारी ओर से जवाब पेश किया जाएगा। विजय बन्याल ने कहा कि विधायक सुरेश कुमार स्वयं कानूनविद हैं और उन्हें पूरी जानकारी है कि आगे की प्रक्रिया कैसे पूरी करनी है। कोर्ट द्वारा ईवीएम की क्लीयरेंस से यह साफ हो गया है कि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा 35 वर्षों तक सत्ता का आनंद उठाने के बाद अब छटपटा रही है, लेकिन भोरंज की जनता कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार के विकास कार्यों पर भरोसा रखती है।

### उखली, लदरौर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपकेंद्र लदरौर में 10 सितंबर को उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के चलते लदरौर, पट्टा, बलोखर, अघार, सनेड़, उखली, मैड़, सौर, भोटा, धलौण, झिरालड़ी, शुक्कर खड्ड, रोपड़ी पाहलू, चमयोग, जख्योल, खुथड़ी, लठवाण, सारवीं, कड़ोहता और क्षेत्र के कई अन्य गांवों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। विद्युत उपमंडल भोटा के सहायक अभियंता राजेश भारद्वाज ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### अखिल ने नौवां, अर्शिआ ने झटका 10वां स्थान



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा के दसवीं कक्षा के दो होनहार छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के बाद अखिल शर्मा ने 688 अंक ले कर नौवां व अर्शिआ ने 687 अंक दसवां स्थान प्राप्त करके स्कूल का नाम रौशन कर दिया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष बीएल चड्ढा ने बच्चों की इस उपलब्धि पर बच्चों व उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महिलाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति योजना के तहत चलाए जा रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बाल विकास परियोजना हमीरपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी व परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु बनाए गए अधिनियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से संबंधित योजनाओं और जिला बाल संरक्षण इकाई की कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया। संरक्षण अधिकारी राकेश कुमार ने घरेलू हिंसा अधिनियम पर प्रकाश डाला, जबकि मिशन शक्ति की जिला समन्वयक कल्पना ठाकुर ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम-2013 के प्रावधानों से अवगत कराया। कार्यशाला में अन्य योजनाओं व अधिनियमों पर भी चर्चा की गई।

### सुजानपुर में चल रहा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विकासखंड कार्यालय सुजानपुर में जिला आपदा प्रबंधन के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को इसका दूसरा दिन रहा। प्रशिक्षण शिविर में सभी वॉलंटियर्स को आपदा की स्थिति में सीमित संसाधनों के उपयोग से राहत कार्य करने की जानकारी दी गई। इस दौरान फर्स्ट एड, घायलों को सुरक्षित स्थान तक ले जाने की प्रक्रिया, बाढ़ और आगजनी की स्थिति में प्राथमिक प्रतिक्रिया जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. शुभम तथा आपदा प्रबंधन विभाग से कंपनी कमांडर प्रवीण कुमार ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

### बिझड़ी खंड इकाई की बैठक 12 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक 12 सितंबर को प्रातः साढ़े दस बजे शीतला माता मंदिर महारल में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संघ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, नवनिर्वाचित प्रधान केसी गौतम, वित्त सचिव शंभू राम जसवाल को बैठक में आने का अनुरोध किया जा रहा है। बैठक के एजेंडा में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं पेंशन संशोधन के परिणामस्वरूप पेंशनरों के बकाया की राशि का भुगतान न होने पर गंभीरता से मंथन होगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश व जिला पदाधिकारी उपस्थित सदस्यों को अन्य विभिन्न जानकारियां भी उपलब्ध करवाएंगे। अगर किसी सदस्य ने अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार कार्यालय को न भेजा हो तो वे बैठक में आकर अपना डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। सदस्यों की व्यक्तिगत समस्याओं के निदान के लिए भी विचार हो सकता है।

### 15 दिनों के अंदर जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** विद्युत उपमंडल गलोड़ के सभी उपभोक्ताओं से सहायक अभियंता विद्युत उप मंडल गलोड़ शिवम डोगरा ने अपील जारी की है जिसमें उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अगस्त माह और उसके पिछले महीनों के बिजली के बिल जिन उपभोक्ताओं ने जमा नहीं किए हैं उनसे 15 दिनों के अंदर बिजली के बिल जमा करने निर्देश दिये हैं शिवम डोगरा ने प्रैस नोट जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई उपभोक्ता 15 दिनों के अंदर अपने बिजली बिलों का भुगतान नहीं करता है तो ऐसे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए जाएंगे उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की भी अपील की है।

### राज धीमान को मिली सदस्य की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र की कांग्रेस नेता राज धीमान को हिमाचल सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में विनियमन एवं दुरूपयोग निवारण कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर राज धीमान ने सीएम सुक्खू और अन्य वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद प्रकट किया। राज धीमान 1995 से कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी हैं। उनकी इस नई जिम्मेदारी पर कांग्रेस के गलोड़ क्षेत्र के पदाधिकारियों सहित संतोष कुमार, कमलेश चंद शर्मा, संजय शर्मा, संजीब शर्मा, सुरजीत कुमार, पूनम धीमान, सपना शर्मा, कमलेश कुमारी, कपिल कुमार, राजीब बिट्टू और क्षेत्र के महिला मंडलों ने उन्हें बधाई दी। राज धीमान ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी में वह पूर्व की भांति अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगी और कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी।

### छात्रा को दी 25 हजार की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज के स्टाफ ने मानवीय पहल करते हुए बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कामिनी निवासी गांव लज्याणी, भोरंज को 25,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। तीन दिन पूर्व क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के चलते उसका मकान क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे उसका परिवार कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहा है।यह सहायता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा दी गई। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि महाविद्यालय न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के लिए कार्य करता है, बल्कि उनके संकट के समय भी हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में भी छात्रा और उसके परिवार की आवश्यकता अनुसार हर प्रकार की मदद की जाएगी।महाविद्यालय परिवार ने इस कदम से यह संदेश दिया है कि शिक्षा संस्थान केवल ज्ञान देने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि वे विद्यार्थियों की सामाजिक और व्यक्तिगत सुरक्षा व उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# दो और चंदन के पेड़ कटे, एक चोरी

## हमीरपुर में चंदन चोरी की घटनाओं का सिलसिला जारी, 4 सप्ताह में चौथी घटना


**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर में तीन सप्ताह के बाद एक बार फिर दो और चंदन के पेड़ अज्ञात लोगों ने काट डाले। गनीमत यह रही कि जैसे ही एक पेड़ काटकर चोरों ने नीचे गिराया, घर के लोग जाग गए और चोर भागने में सफल रहे। जबकि दूसरी घटना में ऐसा नहीं हुआ, चोर चंदन के तने को अपने साथ ले गए।

काबिले गौर यह है कि हमीरपुर में चंदन के पेड़ों को काटने की यह चौथी घटना है। इससे पहले अलग-अलग घटनाओं में 6 पेड़ अलग-अलग जगह पर चोर चंदन के पेड़ों को काटकर साथ ले गए थे। बीती रात को करीब 3:00 बजे वार्ड नंबर 10 में यह घटना हुई। इस घर के पास एक ही यह चंदन का पेड़ था। जो काफी साल पुराना था। मोटे आकार के इस पेड़ को काटे जाने के बाद चोर इसे उठाकर ले जाने का प्रयास करते, इससे पहले ही घर के लोगों की नींद टूट गई और वह बाहर निकल आए। पहली घटना भी इसी इलाके में हुई थी। उसके बाद दूसरी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में हुई थी। जहां चोरों तीन पेड़ काट कर चुरा लिए थे। अगली ही रात को हीरानगर में दो अलग-अलग पड़ोसियों के घरों के परिसर में 30 साल पुराने चंदन के पेड़ों को काटकर कर चोर ले गए थे। इस बाबत पुलिस में मामले भी दर्ज हैं, लेकिन आज तक पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पाई है। यही सबसे बड़ी दिक्कत है, चंदन उगाने वाले करें भी तो करें क्या?

वार्ड नंबर 3 के पास ही एक घटना बुधवार के आसपास भी हुई है लेकिन उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट नहीं करवाई है उनका कहना था कि उनका पेड़ भी काफी बड़ा हो चुका था और तकरीबन 15 से 20 साल पुराना था इस पेड़ को काटने के बाद तने को कर अपने साथ ले गए थे।

इस तरह हमीरपुर में एक के बाद एक चंदन चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। अब गेंद पुलिस के पाली में है वह इन चोरों को पकड़ने में कामयाब होती है या नहीं। पुलिस पर लोगों का विश्वास बनता है या नहीं, यही यक्ष प्रश्न है, जिसका आभास होना है।



### सीसीटीवी फुटेज में मिले सुराग : एसपी

एसपी भगत सिंह ठाकुर का कहना है कि पुलिस इन घटनाओं को लेकर काम कर रही है। कुछ सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई हैं। इन में कुछ सुराग तो मिले हैं, लेकिन पहचान की थोड़ी दिक्कत आ रही है। लेकिन पुलिस अपने काम में और ज्यादा बेहतर तरीके से अब जुट चुकी है, जल्दी ही पता चलेगा।

# धूमल ने 1500 करोड़ की राहत देने के लिए पीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्य की सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1500 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा पर हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रो. धूमल ने कहा कि यह उदार सहायता आपदा प्रभावित परिवारों के लिए वरदान साबित होगी और उन्हें अपने जीवन को पुन: सामान्य स्थिति में लाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि इस पैकेज में पुनर्निर्माण और पुनर्वास के लिए वित्तीय सहायता के साथ-साथ मृतकों के परिवारों को तत्काल राहत उपाय भी शामिल हैं, जो केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और दयालु दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता धूमल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) की दूसरी किस्त की अग्रिम राशि जारी करने की घोषणा की है, जिससे राज्य की आपदा प्रबंधन क्षमता मजबूत होगी। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश के किसानों को समय पर वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को प्राथमिकता दी गई है। इससे किसानों को इस कठिन समय में जरूरी सहारा मिलेगा और उनकी आय सुरक्षित रहेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. धूमल ने कहा कि ये कदम प्रधानमंत्री मोदी के हिमाचल प्रदेश के प्रति गहरे सम्मान, स्नेह और भावनात्मक जुड़ाव को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। उन्होंने लोगों से विपरीत परिस्थितियों में एकजुट और दृढ़ रहने की अपील की और आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रभावित नागरिकों को राहत और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। धूमल ने प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व के लिए पुनः धन्यवाद व्यक्त किया।

# बढ़ रहा चाइल्डहुड कैंसर, प्रारंभिक पहचान व रोकथाम जरूरी : कृतिका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एक समय पर दुर्लभ समझे जाने वाले चाइल्डहुड कैंसर के मामले अब लगातार बढ़ रहे हैं। वयस्क कैंसर के विपरीत, जो अक्सर धूम्रपान, शराब या अस्वास्थ्यकर आहार जैसी जीवनशैली से जुड़ा होता है, बच्चों में यह आमतौर पर जेनेटिक प्रवृत्तियों और गर्भावस्था के दौरान पर्यावरणीय जोखिमों से जुड़ा होता है। असिस्टेंट कंसलटेंट-पीडीऐट्रिक ऑन्कोलॉजी, मैक्स अस्पताल डॉ. कृतिका गोयल ने बताया कि कैंसर मूलत: आनुवंशिक रोग है, लेकिन इसके विकास का जोखिम हमारे पर्यावरण और जीवनशैली द्वारा आकारित होता है।

डॉ. गोयल ने कहा कि प्रिवेंटिव कदम बच्चों में कैंसर के जोखिम को कम कर सकते हैं। प्रेग्नेंट महिलाओं को स्वस्थ आहार अपनाना चाहिए, शराब और धूम्रपान से बचना चाहिए, और प्रीनेटल विटामिन का सेवन सुनिश्चित करना चाहिए। बच्चों के लिए कीटनाशक, वायु प्रदूषण और अनावश्यक रेडिएशन के संपर्क को कम करना चाहिए। शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और स्क्रीन समय सीमित करना भी महत्वपूर्ण है। टीनएजर को सुरक्षित प्रैक्टिस, धूम्रपान के खतरों और एचपीवी एवं हेपेटाइटिस बी टीकाकरण के महत्व के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए, जो कुछ कैंसर को रोक सकते हैं।

### प्रारंभिक पहचान व समय पर चिकित्सा

**हालांकि** प्रिवेंटिव उपाय महत्वपूर्ण हैं, कई बच्चों के कैंसर का कोई स्पष्ट कारण नहीं होता। माता-पिता को बार-बार बुखार, संक्रमण, वजन घटना, सूजन या गांठ, नीला पड़ना, दृष्टि में बदलाव, या हड्डी और जोड़ों में लगातार दर्द जैसे लक्षणों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। प्रारंभिक पहचान और समय पर चिकित्सा इलाज के परिणामों में काफी सुधार ला सकती है और बच्चों के जीवन को बचाने में मदद कर सकती है।

# को-ऑपरेटिव सोसायटी का चुनाव 6 अक्तूबर को

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा की कृषि सेवा सहकारी सभा समिति की नई प्रबंधन कमेटी का चुनाव 6 अक्तूबर को होगा। इस सहकारी सभा समिति की नई प्रबंधन कमेटी के चुनाव में सोसायटी द्वारा निर्धारित 9 वार्डों के शेयर धारक अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने वार्ड से नए प्रतिनिधि का चयन करेंगे। को-ऑपरेटिव सोसाइटी की नई प्रबंधन कमेटी के चुनावों को लेकर पंचायत बड़ा में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वहीं इस बारे में को-ऑपरेटिव सोसाइटी बड़ा के सभा सचिव संजय कुमार ने जारी बयान में बताया कि सभा की नई प्रबंधन कमेटी का चुनाव 6 अक्टूबर को होगा। 18 सितंबर को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के नामांकन पत्र भरे जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रत्याशी को अपने साथ नामांकन पत्र भरते समय अपने वार्ड से दो सदस्य प्रस्तावक एवं समर्थक के रूप में अवश्य साथ लाने होंगे। सभा सचिव ने बताया कि प्रबंधन कमेटी के नए सदस्यों के चयन के बाद प्रबंधन कमेटी के नए निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रबंधन. कमेटी के नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

# एनआईटी हमीरपुर की पीएचडी स्कॉलर रीटा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार से की सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार से एनआईटी हमीरपुर की पीएचडी स्कॉलर रीटा को सम्मानित करते हुए।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर की पीएचडी शोधार्थी रीटा ने हाल ही में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान सम्मेलन में अपनी भागीदारी से संस्थान एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। सम्मेलन में उन्होंने अपने शोध कार्य से संबंधित पोस्टर प्रस्तुत किया, जिसमें उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध पद्धति और प्रस्तुति कौशल को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिक समुदाय ने विशेष रूप से सराहा। उनके इस योगदान और उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर उन्हें सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि में उनके शोध मार्गदर्शक डॉ राज कौशल का भी महत्वपूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन रहा। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के अन्य पीएचडी. शोधार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी की और अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। उनकी भागीदारी ने संस्थान के शोध वातावरण और वैज्ञानिक योगदान को और अधिक समृद्ध किया। रीटा की यह सफलता न केवल हमीरपुर बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, लगन और अनुसंधान के प्रति गहरी निष्ठा के साथ-साथ उनके मार्गदर्शक के निरंतर सहयोग का परिणाम है। जिला हमीरपुर के भोरंज विधानसभा से रीटा की इस कामयाबी से निस्संदेह अन्य शोधार्थियों और विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे विज्ञान और शोध के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करें।

# पीएम ने 1500 करोड़ की राहत देकर प्रभावितों के लिए संवेदना व करुणा का दिया संदेश : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**कहा- केंद्र सरकार लगातार कर रही हिमाचल की सहायता**



प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार को हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करना और इस पहाड़ी प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपए का राहत पैकेज देने की घोषणा करना यह स्पष्ट करता है कि प्रधानमंत्री हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते हैं और यहां की जनता के साथ उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। राजेंद्र राणा ने कहा कि अपने इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने आपदा में जान गंवाने वाले परिवारों के लिए प्रति सदस्य 2-2 लाख रुपए तथा घायल व्यक्तियों के लिए 50 हजार से एक लाख रुपए तक की सहायता राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब प्रधानमंत्री ने इस आपदा में अपने पूरे परिवार को खो देने वाली मासूम बच्ची को गोद में उठाकर दुलार दिया और भावुक हो गए, तो यह दृश्य इस बात का प्रमाण था कि प्रधानमंत्री के मन में हिमाचल के लोगों के लिए कितनी संवेदना और करुणा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आए दिन यह बयान देती रहती है कि केंद्र हिमाचल की मदद नहीं कर रहा, जबकि वास्तविकता यह है कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल को भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। मगर प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस सहायता राशि का दुरुपयोग कर रही है और केंद्रीय योजनाओं से मिलने वाले फंड को वेतनमान और अन्य गैर-जरूरी मदों पर खर्च कर रही है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि आजादी के बाद केंद्र में कई बार कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन कभी भी किसी कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आपदा के समय इतनी उदारता से आर्थिक मदद नहीं दी जितनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बार-बार यह साबित किया है कि हिमाचल की पीड़ा उनकी अपनी पीड़ा है और यही कारण है कि आपदा की इस घड़ी में उन्होंने तुरंत राहत पैकेज की घोषणा की है।

# मेडिकल कॉलेज अधिकारी पर लगे उत्पीड़न के आरोप शर्मनाक: दीपक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में पिछले दो साल से एक उच्च अधिकारी के भ्रष्टाचार और महिला शोषण की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। इस बारे कई बार स्वास्थ्य मंत्री के पास भी हम मौखिक शिकायत करते आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री भी इससे वाकिफ हैं, लेकिन किस नेता के संरक्षण में पिछले दो साल से मेडिकल कॉलेज को लूटा जा रहा है, इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए।

यह बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि निष्पक्ष जांच होने तक उक्त अधिकारी को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाना चाहिए। किसान नेता ने कहा कि व्यभिचारी और भ्रष्टाचारी अधिकारियों को सहन नहीं किया जा सकता। ऐसे लोग समाज के लिए नासूर हैं।उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के इस अधिकारी द्वारा किए गए वित्तीय निर्णयों पर अक्सर उंगलियां उठती आई हैं जिसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए।

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि भ्रष्टाचारी और व्यभिचारी राज कर रहे हैं। दीपक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं के संघर्ष और मेहनत से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है। दीपक ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस मामले पर लीपापोती की गई और सच्चाई सामने नहीं लाई गई, तो वह धरना देने पर मजबूर होंगे। शर्मा ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि अन्याय के विरुद्ध लड़ाई लड़ो और डरो मत। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत से जो सरकार बनी है, इसकी छवि को जो भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा उसको सहन नहीं किया जाएगा।

# प्रशिक्षुओं से छेड़छाड़ मामले में दोषियों को संरक्षण दे रही सरकार : लखनपाल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**चेतावनी- आरोपी निलंबित न हुआ तो सड़क से सदन तक होगा आंदोलन**



**बड़सर।** हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल पर महिला प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों से अनुचित व्यवहार व छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगे हैं। इस खुलासे के बाद प्रदेशभर में हड़कंप मच गया है। यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी यही अधिकारी टांडा और चंबा मेडिकल कॉलेज में विवादित कार्यशैली और महिला प्रशिक्षुओं से अनुचित आचरण को लेकर चर्चा में रह चुका है। बावजूद इसके, बार-बार एक्सटेंशन देकर इसे पद पर बनाए रखना सरकार की मिलीभगत को उजागर करता है।

मामला शिमला तक पहुंच गया है और दबाव में आकर स्वास्थ्य विभाग को उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करनी पड़ी है। हालांकि, विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल का कहना है कि जब तक आरोपी प्रिंसिपल पद पर बना रहेगा, तब तक जांच निष्पक्ष नहीं हो सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार महिला सुरक्षा के नाम पर केवल दिखावा कर रही है और दोषियों को खुला संरक्षण मिल रहा है।

लखनपाल ने आगे कहा कि इस अधिकारी पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप भी पहले से हैं, जिससे यह साबित होता है कि सरकार मेडिकल संस्थानों को भी भ्रष्टाचार का अड्डा बना रही है। भाजपा विधायक ने चेतावनी दी कि आरोपी को तुरंत निलंबित कर निष्पक्ष जांच शुरू की जाए। यदि सरकार दोषियों को बचाने की कोशिश करती है, तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने साफ कहा कि भाजपा महिला सुरक्षा और सम्मान पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी।

# सीएम सुक्खू के खिलाफ विधायक कर रहे भ्रामक बयानबाजी : विवेक

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**



**नादौन।** कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने भाजपा के दो विधायकों, आशीष शर्मा और इंदरदत्त लखनपाल पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि जब प्रदेश में हाल ही 2025 में आपदा आई थी, तब ये दोनों नेतागण अपने आलीशान निवासों में छुपे रहे और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफ आधारहीन और भ्रामक बयान दे रहे हैं। विवेक कटोच ने कहा कि सीएम सुक्खू ने स्वयं प्रदेश के विभिन्न आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करके वहां के लोगों की स्थिति का जायजा लिया है और लोगों के साथ दुख भी सांझा किया है । सरकार ने उन लोगों के लिए, जिनके घर पूरी तरह से टूट गए हैं उन्हें सात लाख रुपये की आर्थिक सहायता चरणबद्ध तरीके से देने का वादा किया है, वहीं जिनके घर आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं, उन्हें एक लाख रुपये की सहायता चरणबद्ध तरीके से दी जाएगी। इसके साथ ही, जिन लोगों के पास रहने के लिए घर नहीं हैं, उन्हें सरकार पांच हजार रुपये मासिक किराया भी दे रही है।

विवेक कटोच ने यह भी कहा कि 2023 की आपदा के दौरान जब मुख्यमंत्री सुक्खू ने हमीरपुर के गांधी चौक पर राहत के चेक वितरित किए थे , तब इंदरदत्त लखनपाल और आशीष शर्मा भी मौजूद थे। लेकिन अब जब वे भाजपा में शामिल हो चुके हैं, तो राजनीतिक स्वार्थ के लिए वे मुख्यमंत्री सुक्खू को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। विवेक कटोच ने भाजपा विधायकों आशीष शर्मा और इंदरदत्त लखनपाल पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इन दोनों नेताओं की दोहरी नीतियां अब जनता के सामने उजागर हो रही हैं।

**अनदेखी** शूटिंग में भविष्य तलाश रहे युवाओं को प्रदेश में नहीं मिल रही सुविधा

# हमीरपुर में राष्ट्रीय स्तर की दो शूटिंग रेंज बंद

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



शहीद कैप्टन मृदुल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में बंद पड़ी शूटिंग रेंज।

**हमीरपुर।** प्रदेश को वीर भूमि के नाम से भी जाना जाता है और यहां के युवाओं ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए हैं। जिला हमीरपुर की बात करें तो यहां प्रत्येक घर से एक फौजी अवश्य सेना में अपनी सेवाएं दे चुका है।

जिला हमीरपुर के सैनिक विजय कुमार ने शूटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। वर्तमान में भी प्रदेश के कई खिलाड़ी शूटिंग में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, लेकिन शूटिंग रेंज के मक्कडजाल में फंसकर यह खेल दबता जा रहा है। प्रदेश भर में निजी स्तर पर पूर्व सैनिकों द्वारा शूटिंग रेंज बनाकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, लेकिन प्रदेश में अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर कोई ऐसी शूटिंग रेंज नहीं है जहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा सके। हालांकि शिमला के साथ 22 करोड़ का स्पोटर्स होस्टल बनाया गया है, लेकिन उसका आजतक कोई उपयोग नहीं हुआ। इसकी छतों से लेकर भवन की हालत खराब हो चुकी है। इस होस्टल के साथ तीन साल पहले राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज बनाने का प्रस्ताव भी रखा था लेकिन वो भी कागजों में ही रह गया। ऐसा नहीं है कि प्रदेश के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी है, लेकिन आवश्यक सुविधाओं के अभाव में इस खेल में पिछड़ रहे हैं। जिला हमीरपुर की बात करें तो कुछ वर्ष पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शहीद कै मृदुल शर्मा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में एक शूटिंग रेंज खोली थी, उसके बाद कुछ वर्षों तक यह शूटिंग बंद रही अब यहां पर कुछ भी नहीं है। वहीं कांगू में भी बनाई गई शूटिंग रेंज भी नहीं चल पाई। हालांकि शूटिंग एसोसिएशन है वो राष्ट्रीय स्तर पर शूटर रह चुके उन्हें कोच रखने को भी तैयार है, लेकिन शूटिंग रेंज की सुविधा बहुत कम है।

बता दें कि अभी तक 150 शूटर राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर नौकरी भी लग गए हैं। इसके अलावा इंडिया टीम में चयनित होने के लिए ट्रायल भी दे रहे है और भाग भी ले रहे हैं। इसके अलावा हिमाचल के खिलाड़ी एशियन गेम भी खेल रहे हैं। इस बारे में प्रदेश शूटिंग एसोसिएशन के महासचिव ईश्वर रोहाल ने बताया कि शिमला में हीरा नगर के पास बने होस्टल के साथ ही 10 मीटर, 25 मीटर पिस्टल राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज बनाने की प्रस्ताव रखा था, इसके लिए पैसा जारी कर दिया गया है, लेकिन वो पैसा कहां है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं बाल स्कूल हमीरपुर के प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद ने बताया कि शूटिंग रेंज मेरे आने से पहले ही बंद हो गई थी। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में जिला स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप हुई थी। उन्होंने कहा कि शूटिंग चैंपियनशिप करवाने के लिए जिला प्रशासन से मंजूरी लेनी पड़ती है और यहां पर बच्चों की भी सुरक्षा का सवाल है।

## न्यूज ब्रीफ

### लोक निर्माण विभाग को मिली 35 बोलेरो कैंपर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को शिमला में महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड से खरीदे गए 35 बोलेरो कैंपर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी वाहन हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने जेम गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से खरीदे हैं। मंत्री ने कहा कि इन वाहनों से विभागीय कार्यों में तेजी आएगी। खासकर दूरदराज के इलाकों तक पहुंच बढ़ेगी और आपदा प्रबंधन व निरीक्षण कार्य अधिक प्रभावी होंगे। उन्होंने बताया कि अभियंताओं और निरीक्षण दलों को जमीनी स्तर तक आसानी से पहुंचने की सुविधा मिलेगी। इससे कार्य की गुणवत्ता और गति में सुधार होगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जेम पोर्टल के माध्यम से यह खरीद पारदर्शी और किफायती तरीके से हुई है। यह सरकार की डिजिटल इंडिया और सुशासन की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। इन बोलेरो कैंपर का उपयोग मुख्य रूप से विभागीय निरीक्षण, निगरानी, निर्माण कार्यों की समीक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

### शिक्षा मंत्री आज से जुब्बल-कोटखाई दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 10 से 12 सितंबर तक जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। तीन दिनों के इस प्रवास के दौरान वे भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण करेंगे और मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 10 सितंबर को दोपहर 12 बजे चमैण पहुंचेंगे, जहां वे सड़कों की स्थिति का जायजा लेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे वे देओरी खनेटी के विश्राम गृह में पहुंचकर निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। 11 सितंबर को सुबह 11 बजे रोहित ठाकुर कुडू में क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण करेंगे और मरम्मत कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसी दिन वे क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करेंगे। 12 सितंबर को मंत्री सुबह 11 बजे टिक्कर का दौरा करेंगे। यहां भी वे सड़कों की स्थिति का निरीक्षण करेंगे और लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जानेंगे।

### कठीन गांव के युवाओं ने क्षतिग्रस्त मार्ग को किया बहाल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, कुमारसैन।** बीते दिनों की भारी बारिश और भूस्खलन से कुमारसैन क्षेत्र में भी कई सड़कें व ग्रामीण संपर्क मार्ग बंद हुए हैं। एक ओर जहां लोग सरकारी सहायता की आस लगाए रहते हैं और सघरा ठीकरा विभाग के सर फोड़ते हैं वहीं कुमारसैन उप मंडल के कठीन गांव के युवाओं ने सरकारी सहायता की परवाह न करते हुए गांव के क्षतिग्रस्त मार्ग को स्वयं ही ठीक करने का फैसला लिया,और आपसी सहयोग का परिचय देते हुए मार्ग को दुरुस्त कर वाहन योग्य किया। बताते चलें कि मार्ग बंद हो जाने से गांव में कई गाड़ियां खड़ी हो गई थी और गांव में राशन पानी का संकट खड़ा हो गया था। गांव के उप प्रधान जगमोहन वर्मा की अगुवाई में हीरालाल भंडारी, जितेंद्र, धर्मेंद्र, सरदारी लाल, संतोष, अंशुल, अर्पित, सूरज, ललित ने मिलकर इस काम को सर अंजाम दिया। जहां लोग युवाओं के इस कार्य की सराहना कर रहे हैं वही इन युवाओं से और लोगों को सबक लेना चाहिए।

### नवनियुक्त निदेशक डॉ. गोपाल से कर्मचारियों को आस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के मुख्य संरक्षक और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सनाइक एमआर वर्मा ने विश्वास जताया है कि विभाग के नवनियुक्त निदेशक डॉ. गोपाल बेरी की अगुवाई में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि डॉ. बेरी विभाग की बुनियादी समस्याओं से अच्छी तरह वाकिफ हैं, इसलिए अब इनके समाधान में तेजी आएगी। कर्मचारी संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधु नेगी, अतिरिक्त महासचिव श्याम चौहान, आनंद नेगी, सुनीला वर्मा, नीतू चौहान, सरोज वर्मा, तनु शर्मा, रामकृष्ण, नरेंद्र शर्मा, संजीव कुमार और नीलम ने संयुक्त रूप से कहा है कि वे नवनियुक्त निदेशक को हर संभव सहयोग देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि कर्मचारियों और विभाग के बीच बेहतर तालमेल से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलेगी।

# हिमाचल का इतिहास बनेगा पाठ्यक्रम का हिस्सा

## रोहित ठाकुर बोले-शिक्षा को बनाया जाएगा रुचिकर और व्यवहारिक

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की पहचान केवल उसकी पर्वत श्रृंखलाओं और प्राकृतिक सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें हजारों वर्षों की गौरवशाली परंपराओं, वीरता और संस्कृति से भी जुड़ी हुई हैं। इन्हीं पहलुओं को अब स्कूली शिक्षा से जोड़ने की बड़ी पहल की गई है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में घोषणा की कि आने वाले समय में प्रदेश के बच्चों को अपने ही राज्य की संस्कृति, इतिहास, लोक परंपराओं और आधुनिक चुनौतियों से परिचित कराने वाला पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कदम से विद्यार्थियों में जहां अपनी भूमि के प्रति आत्मगौरव की भावना जागेगी, वहीं उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और व्यावहारिक जीवन में भी बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि पाठ्यक्रम में जनरल जोरावर सिंह, वजीर राम सिंह पठानिया और डॉ. वाईएस परमार जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को समुचित स्थान दिया जाएगा। साथ ही कैप्टन विक्रम बत्रा, मेजर सोमनाथ शर्मा और कैप्टन सौरभ कालिया जैसे शहीदों की शौर्यगाथाओं को बच्चों तक पहुंचाया जाएगा। उनका कहना था कि ऐसे प्रसंग केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि विद्यार्थियों में देशभक्ति और हिमाचल की माटी के प्रति गर्व की भावना भी जगाएंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बच्चों को आधुनिक वैश्विक चुनौतियों से भी परिचित कराया जाएगा। आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, हरित ऊर्जा और सतत विकास जैसे विषय अब पढ़ाई का अहम हिस्सा होंगे।

रोहित ठाकुर ने स्पष्ट किया कि आपदा प्रबंधन शिक्षा केवल सैद्धांतिक नहीं होगी, बल्कि इसे गतिविधि-आधारित बनाया जाएगा ताकि बच्चे वास्तविक परिस्थितियों में अपनी भूमिका निभाना सीख सकें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों को केवल रटने की आदत से बाहर लाने की जरूरत है। इसके लिए कार्यशालाओं, क्षेत्रीय भ्रमण, दृश्य सामग्री और व्यावहारिक अभ्यासों के जरिए शिक्षा को रोचक बनाया जाएगा।


शिमला में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

### स्थानीय भाषाओं व लोक परंपराओं को मिले बढ़ावा

**रोहित** ठाकुर ने स्थानीय भाषाओं और लोक परंपराओं को भी बढ़ावा देने पर बल दिया। इसी क्रम में एससीईआरटी को यह निर्देश दिए कि वह डिजिटल लिंक और क्यूआर कोड के माध्यम से शिक्षण सामग्री बच्चों तक पहुंचाए, ताकि सीखने का अनुभव और अधिक सरल और आधुनिक बन सके।

### प्रदेश की विरासत को जोड़ने की शुरुआत

**प्रदेश** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने आपदा प्रबंधन, हरित ऊर्जा और कौशल विकास जैसे विषयों को हिमाचल की विरासत के साथ जोड़ने की शुरुआत कर दी है। उनका मानना है कि इस तरह की पहल विद्यार्थियों को सीखने के बेहतर अवसर और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करेगी।

# रूट बंद होने से परिवहन निगम को करोड़ों का नुकसान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण शिमला डिविजन में सड़कों के बंद होने से एचआरटीसी को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब तक निगम को एक करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हो चुका है।

वर्तमान में शिमला डिविजन के करीब 360 रूट ठप पड़े हैं। इससे परिवहन निगम को रोजाना लगभग 35 से 40 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। वहीं, इन रूटों के ठप होने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

**शिमला डिविजन में 360 रूट ठप**

निगम अधिकारियों का कहना है कि मुख्य सड़कों को खोल दिया गया है, लेकिन संपर्क मार्गों पर अब भी बस सेवा शुरू नहीं हो पाई है। सबसे ज्यादा रूट नेरवा डिपो में बंद हैं, जिससे वहां के लोगों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बसों की आवाजाही बंद होने से स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों और कामकाज के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बहाली कार्य जारी है, लेकिन हालात फिलहाल सामान्य होने में समय लग सकता है।

# अवैध कटान और खनन पर पूरी तरह लगे रोक : कुलदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के चलते प्रदेश को अब तक लगभग 5000 करोड़ रुपये का नुकसान आंका गया है और हालात के चलते इसके और बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण की सख्त जरूरत है। अवैध कटान और अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने की आवश्यकता है।

राठौर ने कहा कि सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखनी होगी। भूस्खलन प्रभावित स्थलों को चिन्हित कर समय पर सुधारना जरूरी है ताकि नुकसान से बचा जा सके। राठौर ने कहा कि प्रदेश सरकार इस आपदा के समय लोगों को राहत पहुंचाने के लिए दिन-रात कार्य कर रही है, लेकिन इसके लिए केंद्र का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोगों ने कांग्रेस की सरकार चुनी है, जबकि केंद्र में चार लोकसभा और तीन राज्यसभा सांसद भेजे हैं, इसलिए केंद्र सरकार को प्रदेश की खुलकर मदद करनी चाहिए।

उन्होंने भाजपा सांसदों से आग्रह किया कि आपदा के इस समय में राजनीतिक भेदभाव भुलाकर एकजुट होकर केंद्र से विशेष आर्थिक सहायता दिलवाने में भूमिका निभाएं। राठौर ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि आपदा प्रभावित लोगों की मदद का है। राहुल गांधी पर पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की टिप्पणी की आलोचना करते हुए राठौर ने कहा कि उनके नेता का अपमान करने का किसी को अधिकार नहीं है।

## मुख्यमंत्री ने शमानीं गांव में हुई जनहानि पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुल्लू जिला की निरमंड तहसील के घाटू ग्राम पंचायत के शमानीं गांव में सोमवार रात हुई प्राकृतिक आपदा में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

जानकारी अनुसार इस घटना में पांच लोगों की मृत्यु हो गई है जबकि तीन घायल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। मुकेश अग्निहोत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते कहा कि प्रभावितों को हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए।

# आपदा प्रभावितों को धमकियां देना शर्मनाक : अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी ठियोग के नेता अजय श्याम ने कहा कि ठियोग-कुमारसैन क्षेत्र में भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मकान, खेत, बाग-बगीचे और पेयजल योजनाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं।

सेब सीजन के बीच बागवानों को अपनी मेहनत की फसल मंडियों तक पहुंचाने में भारी कठिनाइयां झेलनी पड़ रही हैं। जगह-जगह बंद सड़कों और क्षतिग्रस्त पुलों के कारण हजारों पेटियां सेब फंसी हुई हैं, जिससे किसानों को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन इस संकट के समय पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। जिन परिवारों के घर मलबे में दब गए, उन्हें राहत देने के बजाय कुछ अधिकारी जेल में डालने की धमकियां दे रहे हैं।


ठियोग में बैठक की अध्यक्षता करते भाजपा नेता अजय श्याम व अन्य।

**प्रभावितों को मुआवजा, सेब फसल की निकासी के लिए कदम उठाए सरकार**

अजय श्याम ने कहा कि स्थानीय विधायक भी इस असंवेदनशील व्यवहार को संरक्षण दे रहे हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी के विपरीत है। भाजपा नेता ने मांग की कि प्रभावित परिवारों को तुरंत मुआवजा और सुरक्षित आश्रय दिया जाए। बंद पड़ी सड़कों को चौबीसों घंटे मशीनें लगाकर बहाल किया जाए और बागवानों की सेब फसल को मंडियों तक पहुंचाने के विशेष प्रावधान किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो भाजपा क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

## डॉ. वंदना मैहता ने हासिल की पीएचडी की डिग्री


डॉ. वंदना मैहता कानून विषय में पीएचडी की डिग्री हासिल करते हुए।

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** डॉ. वंदना मैहता पत्नी विवेक मैहता गांव झड़ग तहसील जुब्बल ने कानून विषय में पीएचडी की डिग्री पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से हासिल की है। इस शैक्षणिक उपलब्धि के लिए उनके परिवार वालों एवं रिश्तेदारों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उनके पिता हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा में बतौर डिप्टी कमिश्नर ( एक्साइज एंड टैक्सेशन ) के पद से सेवानिवृत्त हुए है। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा एवं कानून की पढ़ाई हिमाचल प्रदेश से की है। वहीं उन्होंने एलएलएम व पीएचडी की डिग्री पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से हासिल की है ।

# समस्या की आवाज उठाने के लिए गठित किया जाएगा संयुक्त मोर्चा

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** प्रदेश में बरसात में हुए भरी नुकसान के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बरसात में सतलुज नदी में सिल्ट के कारण जलभराव से सुन्नी, तत्तापानी, थली, शाकरा, घरयाना और जूनी के अधिकांश क्षेत्र जलमग्न होने की कगार पर है ।

इस समस्या के चलते मंगलवार को सुन्नी में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से पूर्व प्रधान शकरोडी यश पाल ने क्षेत्र में जल भराव के कारण हो रही समस्या को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि समस्या सरकार के समक्ष कई मर्तबा रखी गई लेकिन सरकार द्वारा लगातार क्षेत्र की समस्या को नजरअंदाज किया गया।

आज समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है और जल भराव के कारण सुन्नी व तत्तापानी के नदी के साथ लगते क्षेत्र जलमग्न होते जा रहे है । परिवहन सुविधा भी चरमरा गई है । जल भराव के कारण सड़कों पर भूमि कटाव हो रहा है,हालात ये है कि तत्तापानी सुन्नी मार्ग पर लगातार हो रहे भूमि कटाव के कारण तत्तापानी से वाहनों की आवाजाही बंद हो सकती है।

**सतलुज में सिल्ट के कारण सुन्नी, तत्तापानी, थली जलमग्न होने की कगार पर**

**प्रभावितों ने दी आंदोलन करने के चेतावनी**

उन्होंने कहा कि थली पुल और अन्य गांव को जोड़ने वाले झूला पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए है । उन्होंने इस समस्या को देखते हुए गुरुवार को सुन्नी, तत्तापानी, थली, शाकरा व घरयाना की जन प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और अन्य ग्रामीणों द्वारा संयुक्त मोर्चा बनाया जाएगा और समस्या के समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा ।

इस दौरान समाज सेविका सीमा सोनी, व्यापार मंडल सुन्नी के अध्यक्ष टेक चंद ठाकुर, पार्षद नगर पंचायत सुन्नी अमित वर्मा, ठाकुर सेन और हेम दास कोंडल भी मौजूद रहे ।

# जिले के हर उपमंडल में चिन्हित होंगे ब्लैक स्पॉट्स : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जिले के सभी उपमंडलों में ब्लैक स्पॉट्स की सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इन स्थलों के सुधार के लिए वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**ब्लैक स्पॉट्स सुधार को मिलेगा वित्तीय प्रावधान**

**स्कूल में बनेगा सड़क सुरक्षा पार्क, बढ़ेगी जागरूकता**

उपायुक्त ने पुलिस विभाग को उपमंडलवार सड़क दुर्घटनाओं का विस्तृत डाटा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए, ताकि ठोस रणनीति बनाई जा सके।

उपायुक्त ने विभागों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाने को कहा। उन्होंने यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने, ब्लैक स्पॉट्स के सुधार, सड़क चिन्ह और चेतावनी पट्टिकाओं की स्थापना तथा आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। शिमला के एक विद्यालय में सड़क सुरक्षा पार्क बनाया जाएगा, जहां जिले के अन्य स्कूलों के छात्र भी सड़क सुरक्षा का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। शिक्षा और परिवहन विभाग को इस दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। शहर के प्रवेश द्वारों और प्रमुख स्थानों पर सड़क चिन्ह एवं चेतावनी पट्टिकाएं लगाई जाएंगी। समय-समय पर रैलियां और शिविर आयोजित कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा।


उपायुक्त शिमला बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### रिज पर लगेगा रक्तदान शिविर

**बैठक** में निर्णय लिया गया कि शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर एक मेगा रक्तदान शिविर आयोजित होगा। इस अवसर पर न केवल रक्तदान की महत्ता को उजागर किया जाएगा, बल्कि सड़क सुरक्षा का संदेश भी जन-जन तक पहुंचेगा। इसके अलावा वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे।

### जीपीएस से जुड़ेंगी एंबुलेंस सेवा

**जिला** की सभी सरकारी और निजी एम्बुलेंस को जीपीएस से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे ताकि दुर्घटना की स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। एम्बुलेंस की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

# पुलिसकर्मी बीर सिंह को मानद एएसआई पदोन्नति का निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि मानद हेड कांस्टेबल बीर सिंह को मानद सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नति दी जाए। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केवल एक आपराधिक मामला लंबित होने मात्र से पदोन्नति रोकी नहीं जा सकती, खासकर तब जब आरोप पत्र दाखिल न हुआ हो।

न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया तभी लागू होती है जब आरोप पत्र या आरोप ज्ञापन जारी हो। इसके लिए उन्होंने भारत संघ बनाम केवी जानकीरमन (1991) मामले का हवाला दिया।

बीर सिंह के खिलाफ मालखाना रिकॉर्ड में गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी, लेकिन विभागीय कार्यवाही में उन्हें 2012 में दोषमुक्त कर दिया गया था। इसके बावजूद निचली अदालत ने आगे की जांच के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया कि इसी तरह के मामलों में अन्य अधिकारियों को पहले ही पदोन्नति और सेवा लाभ मिल चुके हैं।



**बीर के खिलाफ मालखाना रिकॉर्ड में गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर हुई थी दर्ज**

न्यायालय ने कहा कि किसी भी कर्मचारी को केवल एफआईआर में नाम आने के आधार पर कैरियर प्रगति से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने सरकार को निर्देश दिया कि बीर सिंह को उनके कनिष्ठों की तिथि से ही पदोन्नति और सभी परिणामी लाभ प्रदान किए जाएं।

**निराशा** | आधार से बैंक खाते में जुड़ने से अटक गई स्कॉलरशिप

# 1,234 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति पर संकट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 1,234 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति पर संकट खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री यशस्वी प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए इन विद्यार्थियों ने आवेदन तो कर दिया है, लेकिन उनका बैंक खाता आधार से सीड न होने के कारण छात्रवृत्ति की राशि जारी नहीं हो पा रही है।

केंद्र सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है कि केवल उन्हीं विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप का लाभ मिलेगा जिनके बैंक खाते आधार से लिंक और एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया) से मैप होंगे। ऐसे में जिन छात्रों की यह प्रक्रिया अधूरी है, उनकी स्कॉलरशिप पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। शिक्षा विभाग ने इस बारे में विद्यार्थियों और स्कूलों को कई बार चेतावनी दी थी। स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भी निर्देश दिए गए थे कि वे विद्यार्थियों को अपने बैंक खाते आधार से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। बावजूद इसके समय रहते यह काम नहीं हो पाया। नतीजा यह हुआ कि अब बड़ी संख्या में छात्र इस योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्कॉलरशिप राशि सीधे छात्रों के खातों में डालनी होती है, इसलिए बैंक खाता और आधार का सीड होना अनिवार्य है। इसके बिना न तो एनपीसीआई से मैपिंग संभव है और न ही भुगतान।

उच्च शिक्षा विभाग ने अब स्कूलों के प्रधानाचार्यों को विशेष पत्र लिखकर आदेश दिया है कि वे जल्द से जल्द विद्यार्थियों की इस प्रक्रिया को पूरा करवाएं। पत्र के साथ उन छात्रों की सूची भी भेजी गई है, जिनके बैंक खाते अब तक आधार से लींक नहीं हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय रहते यह खाता आधार से लिंक नहीं हुआ तो संबंधित छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह जाएंगे।

### 15 दिन के भीतर बच्चों के बैंक खाते आधार से करवा लें लिंक

**अतिरिक्त** निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी प्रधानाचार्य और मुख्य अध्यापक वर्चुअल बैठक कर इस मुद्दे पर चर्चा करें। उन्होंने कहा है कि अभिभावकों को भी इस बैठक में शामिल किया जाए और उन्हें यह समझाया जाए कि अगले पंद्रह दिनों के भीतर अपने बच्चों के बैंक खाते आधार से लिंक करवा लें। साथ ही एनपीसीआई से खाते की मैपिंग कराना भी जरूरी है। यदि किसी छात्र को खाता लिंक कराने में कठिनाई हो रही है तो वह इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में नया खाता खुलवा सकता है।

### समय रहते जरूरी कदम उठाना अनिवार्य

**हालात** यह है कि यदि छात्र, अभिभावक और स्कूल समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाते हैं तो इन 1234 बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलेगा। शिक्षा विभाग का कहना है कि यह विद्यार्थियों और अभिभावकों की साझा जिम्मेदारी है कि वे प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें ताकि छात्रवृत्ति की राशि बिना किसी रुकावट के उनके खातों तक पहुंच सके।

## नड्डा ने हिमाचल को 1500 करोड़ देने पर पीएम मोदी का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

उन्होंने प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता की घोषणा की। साथ ही प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और एसडीआरएफ की दूसरी किस्त का अग्रिम भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

नड्डा ने बताया कि मोदी सरकार आपदा प्रभावितों के पुनर्वास और प्रदेश के ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पीएम ने नुकसानग्रस्त मकानों की मरम्मत व निर्माण के लिए पीएम आवास योजना के तहत सहायता, समग्र शिक्षा अभियान से स्कूलों को सहयोग, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार और वर्षा जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण जैसे कदमों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने देवभूमि की जनता को मजबूत संबल प्रदान किया है, जिसके लिए हिमाचल प्रदेश की जनता उनकी आभारी है।

# प्रधानमंत्री का दौरा उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री से जो उम्मीदें थीं, वे अधूरी रह गईं।

प्रदेश में अब तक 5000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान आंका गया है, जबकि इसके एवज में 1500 करोड़ रुपए की सहायता बहुत कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अक्सर हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर बताते हैं, इसलिए इस घर की मदद करने में उन्हें कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए।



**प्रदेश को 5000 करोड़ का नुकसान मिली सिर्फ 1500 करोड़ की मदद**

प्रतिभा सिंह ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और पुनर्वास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार की मांग के अनुरूप और अधिक आर्थिक मदद दी जाए।

# हर्ष महाजन ने उठाया एनएच-154 ए बहाली का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**केंद्र से त्वरित कार्रवाई की उठाई मांग**

भाजपा नेता हर्ष महाजन ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-154 ए पठानकोट-चंबा-भरमौर मार्ग की दुर्दशा का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है।

उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसके बाधित होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और संबंधित विभाग से मार्ग की बहाली के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। महाजन ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को अवगत कराया है और अधिकारियों को दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 10 सितंबर को इस संबंध में मंत्रालय की बैठक भी बुलाई गई है।

उनका कहना है कि जल्द ही मार्ग को बहाल करने के लिए ठोस योजना सामने आएगी, ताकि लोगों को राहत मिल सके और यातायात सुचारू रूप से बहाल हो।

# पौंग बांध से आउटफ्लो घटा, मंडवासियों को राहत

## बांध का जलस्तर 1390.35 फुट पहुंचा, अभी भी खतरे के निशान से ऊपर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**कांगड़ा** जिले स्थित पौंग बांध से धीरे-धीरे राहत की खबरें आने लगी हैं। मंगलवार सुबह 7 बजे बांध का जलस्तर 1390.48 फुट था, जो घटकर शाम 5 बजे तक 1390.35 फुट रह गया। खतरे के निशान 1390 फुट से अब कुछ ऊपर है। इस दौरान इनफ्लो 32,054 क्यूसेक और आउटफ्लो 39,586 क्यूसेक रहा। डाउनस्ट्रीम ब्यास नदी का बहाव भी 28,086 क्यूसेक तक घटा। बीबीएमबी प्रशासन ने चरणबद्ध तरीके से आउटफ्लो को कम करना शुरू किया है।

दोपहर बाद आउटफ्लो 40,000 क्यूसेक था, जिसे योजना अनुसार शाम से घटाकर 35,000 क्यूसेक कर दिया गया। जलस्तर अभी भी खतरे के निशान 1390 फुट से ऊपर है और प्रशासन आउटफ्लो को चरणबद्ध तरीके से घटा रहा है। जलस्तर 1389.50 फुट पर पहुंचते ही बीबीएमबी प्रशासन चंडीगढ़ में बैठक कर अगला निर्णय लेगा, जिसमें पौंग बांध के गेट बंद करने पर भी फैसला संभव है।


पौंग बांध का जलस्तर 1389.50 फुट पर पहुंचते ही बीबीएमबी प्रशासन चंडीगढ़ में बैठक कर लेगा अगला निर्णय।

### मंड और आसपास के गांवों में हुई है भारी तबाही

**ब्यास** नदी के उफान और पौंग बांध से छोड़े गए पानी ने मंड और आसपास के गांवों में तबाही मचाई। प्रभावित किसान रामलाल, सुरेश, अनिल, जीतू और उनके परिवारों की खेतों की फसलें बह गईं। घरों की नींव प्रभावित हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें सरकार से तत्काल राहत और स्थायी मुआवजे की योजना की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी आपदाओं का बोझ अकेले ग्रामीणों पर न पड़े।

**मंड** क्षेत्र में ब्यास नदी किनारे रहने वाले परिवारों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जलस्तर 1389.50 फुट पर पहुंचते ही बीबीएमबी प्रशासन चंडीगढ़ में बैठक करेगी और मानसून के हालात को देखते हुए अगला निर्णय लेगी। मौसम साफ रहा तो पौंग बांध के गेट बंद किए जा सकते हैं। प्रभावित मंडवासियों को हरसंभव राहत और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

**-विश्रुत भारती, एसडीएम, फतेहपुर।**

## 297 छात्राओं का परीक्षण 36 एनीमिया से ग्रस्त

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के उपमंडल फतेहपुर के तहत वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर महाविद्यालय के रसायन विज्ञान, जीवन विज्ञान और शारीरिक शिक्षा विभागों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें सिविल अस्पताल फतेहपुर की टीम ने सहयोग प्रदान किया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुल 297 छात्राओं का परीक्षण किया गया, जिसमें उनके हीमोग्लोबिन स्तर के साथ-साथ ऊंचाई, वजन और बॉडी मास इंडेक्स (BMI) की भी जांच की गई। परीक्षण में 36 छात्राएं गंभीर एनीमिया से ग्रस्त पाई गईं। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं की सक्रिय भागीदारी को सराहते हुए कहा कि यह शिविर 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' विषय को सार्थक करता है।

# शिक्षा बोर्ड ने जारी किया टेट एग्जाम का शेड्यूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- 2 से 16 नवंबर तक दो सत्रों में होगा आयोजन
- 10 से 30 सितंबर तक हो सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10 विषयों की टेट परीक्षाओं का शेड्यूल मंगलवार को घोषित कर दिया है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, 10 विषयों की टेट परीक्षाएं 2 नवंबर से 16 नवंबर तक दो सत्रों में आयोजित की जाएंगी। टेट परीक्षा के लिए 10 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे, जो 30 सितंबर तक किए जा सकेंगे।

इसके बाद अभ्यर्थी 1 अक्तूबर से 3 अक्तूबर तक विलंब शुल्क 600 रुपए के साथ आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही 4 से 6 अक्तूबर तक आवदेन में त्रुटियों को दूर किया जा सकेगा। वहीं, परीक्षा का एडमिट कार्ड अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि से 4 दिन पूर्व डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षाओं का आयोजन सुबह 10 से 12:30 बजे और दोपहर बाद के 2 बजे से 4:30 बजे तक दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 10 विषयों में सबसे पहले 2 नवंबर को पंजाबी और उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 5 नवंबर को सुबह के सत्र में टीजीटी आर्ट्स और दूसरे सत्र में टीजीटी मेडिकल, 8 नवंबर को सुबह के सत्र में जेबीटी और दूसरे सत्र में टीजीटी संस्कृत विषय की परीक्षा का आयोजन होगा। इसके अलावा 9 नवंबर को टीजीटी नॉन मेडिकल और दूसरे सत्र में टीजीटी हिंदी टेट की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 16 नवंबर को स्पेशल एजुकेटर (प्री प्राइमरी से 5वीं कक्षा) और दूसरे सत्र में दोपहर बाद (छठी कक्षा से 12वीं कक्षा) के अभ्यर्थियों के लिए टेट परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### शहीद कैप्टन विक्रम बतरा की जयंती पर कार्यक्रम

# विधायक आशीष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले स्टूडेंट्स नवाजे

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पालमपुर** के विधायक आशीष बुटेल ने मंगलवार को शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय पालमपुर में शहीद कैप्टन विक्रम बतरा की जयंती पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक ने इस दौरान शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा, शहीद कैप्टन विक्रम बतरा और शहीद मेजर सुधीर वलिया की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि पालमपुर वीरभूमि के नाम से जाना जाता है। देश की रक्षा में यहां के अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र सर्वप्रथम शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा को प्रदान किया गया। वहीं कारगिल युद्ध में अपने अदम्य साहस व पराक्रम के लिए शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को भी परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया। उन्होंने कहा कि शांतिकाल का सर्वोच्च सम्मान अशोक चक्र शहीद मेजर सुधीर वलिया को दिया गया, जबकि कैप्टन सौरभ कालिया सहित कई वीरों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

आशीष ने कहा कि हाल ही में कॉलेज में गर्ल हॉस्टल निर्माण के लिए शिक्षा मंत्री द्वारा 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी तथा पीजीडीसीए कोर्स की कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिल रहे हैं। वहीं, पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्राचार्य पंकज सूद ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित गणमान्यजनों का स्वागत एवं सम्मान किया तथा शहीद विक्रम बतरा के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के पिता डॉ. एनके कालिया को भी सम्मानित किया गया।

# सेवा पखवाड़ा को जन आंदोलन बनाएगी भाजपा : टंडन

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**भाजपा** के सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि यह एक सेवा संगठन है, जो समाज की हर समस्या और हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करता है। यह बात संजय टंडन ने देहरा जिला भाजपा की परिचय बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कही। टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को भाजपा हर वर्ष सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती है। यह परंपरा केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि भाजपा के संस्कारों और विचारधारा का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से लेकर 2 अक्तूबर तक चलने वाला सेवा पखवाड़ा, वास्तव में समाज की सेवा और राष्ट्र निर्माण का अभियान है।

उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा को भाजपा जन आंदोलन बनाएगी। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत यही है कि उसका हर कार्यकर्ता सेवा की भावना से काम करता है। भाजपा का कार्यकर्ता न तो सत्ता और न ही पद की लालसा रखता है, बल्कि समाज की भलाई को ही अपना ध्येय मानता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में सेवा और पारदर्शिता का एक नया मानक स्थापित किया है। मोदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर आपदा और संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़े होकर यह साबित किया है कि भाजपा वास्तव में सेवा के संकल्प को जीने वाली पार्टी है।


भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन की अध्यक्षता में हुई देहरा जिला भाजपा की बैठक।

### बोले- कांग्रेस का इतिहास वादों और भ्रष्टाचार से भरा

**संजय** टंडन ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास केवल वादों और भ्रष्टाचार से भरा है, जबकि भाजपा का इतिहास सेवा और समर्पण से। कांग्रेस केवल सत्ता का उपभोग करती रही है, जबकि भाजपा सत्ता को सेवा का माध्यम मानती है। जनता का विश्वास भाजपा पर इसलिए है, क्योंकि भाजपा ने हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर समुदाय की सेवा की है। सेवा पखवाड़ा उसी परंपरा को और मजबूत करने का संकल्प है। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए वे घर-घर जाएंगे और लोगों को इसमें शामिल करेंगे।

## मंडल रेलवे प्रबंधक ने किया क्षतिग्रस्त पुलों का निरीक्षण

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** भारी बारिश से उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के पठानकोट कैंट और कंदरोड़ी ब्लॉक क्षेत्र के बीच चक्की खड्ड पर बने दिल्ली-कटड़ा रेलवे पुल संख्या 232 को नुकसान पहुंचा। पुल से रोजाना 70 के करीब ट्रेने अप-डाउन होती थी।


क्षतिग्रस्त पुलों की मरम्मत का कार्य तेज

वर्तमान में इस रेलवे पुल संख्या 232 पर मरम्मत कार्य अभी भी जारी है। रेलवे पुल संख्या 17, जो कठुआ व माधोपुर पंजाब और रेलवे पुल संख्या 137 जो घगवाल और हीरानगर के बीच स्थित है। इन पर भी निर्माण कार्य सुचारु रूप से जारी है। जम्मू मंडल के रेल प्रबंधक विवेक कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इन पुलों का निरीक्षण किया गया। वहीं, मरम्मत कार्य के दौरान इस पुलों पर वर्तमान में 250 से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक विवेक ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाढ़ की घटनाओं के बाद हमने तुरंत पुलों के बुनियादी ढांचे का विस्तृत निरीक्षण शुरू किया और अब तक सभी आवश्यक मरम्मत कार्य पूरे किए जा रहे हैं और इसे जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## शांता के गिले पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने दी पांच करोड़ रुपए की राहत राशि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने पंजाब और जम्मू-कश्मीर को आपदा राहत के लिए 5-5 करोड़ रुपए दिए। मैंने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया है। साथ में एक वाक्य लिखा कि 'इस बधाई के साथ एक गिला भी' हरियाणा के पड़ोस में छोटा सा पहाड़ी प्रदेश हिमाचल आपदा में त्रस्त है, उसके लिए आपने कुछ नहीं भेजा। सोमवार दोपहर सैनी का टेलीफोन आया कहा कि 'आपका गिला मिला' 5 करोड़ रुपए भेज रहा हूं। यह सैनी का बहुत बड़ा बड़प्पन है। उनका हार्दिक धन्यवाद। हिमाचल में नया इतिहास बना ' शांता का गिला और सैनी के 5 करोड़'। उन्होंने कहा कि 12 सितंबर को मेरे जन्मदिन पर सब मित्र आशीर्वाद और शुभकामना देने 10-12 बजे के बीच अवश्य आएं, लेकिन एक बात का ध्यान रखें हिमाचल में भयंकर आपदा है। 'जन्मदिन सादगी से मनाऊंगा। कोई भी किसी प्रकार का उपहार लेकर न आए। आपका प्यार ही सबसे बड़ा उपहार होगा।

**शांता का जन्मदिन सादगी से मनाने का आह्वान, उपहार न लाने की अपील**

# टीबी रोगियों को संत निरंकारी मिशन ने बांटी पोषण किट्स


क्षयरोग से पीड़ित मरीजों को पोषण किट्स और विटामिन प्रदान किए गए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**संत** निरंकारी मिशन द्वारा कांगड़ा जिले में क्षयरोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को पोषण किट्स और विटामिन प्रदान किए गए।

जोनल अस्पताल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सूद तथा मिशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. अनुराधा शर्मा ने कहा कि निक्षय मित्र कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को जोड़कर टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करना है। डॉ. सूद ने संस्था के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इससे मरीजों का मनोबल बढ़ता है। मिशन के जोनल प्रभारी डॉ. केसी धीमान ने कहा कि मानव सेवा मिशन का प्रमुख उद्देश्य है, और टीबी मरीजों को सहयोग प्रदान करना इसी भावना का प्रतीक है। उनकी संस्था सदैव मानवता की सेवा को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीज समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता है। मिशन के क्षेत्रीय संचालक तिलक डोगरा ने इसे समाज के प्रति एक जिम्मेदारी बताया। वहीं, संत निरंकारी मंडल, दिल्ली ने क्षय रोग (टीबी) से प्रभावित व्यक्तियों को 150 पोषण किट्स प्रदान किए। कार्यक्रम में एचएमटीबीए सलाहकार शिल्पी, डॉ. धीमान की पत्नी आशा, संचालक रूपा गुरुंग व अन्य उपस्थित रहे।

## रोगी कल्याण समिति चढ़ियार की बैठक में व्यवस्थाओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** नागरिक अस्पताल चढ़ियार में रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक किशोरी लाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अस्पताल की वर्तमान व्यवस्थाओं, प्रगति एवं भविष्य की जरूरतों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक किशोरी लाल ने नर्स ड्यूटी रूम के निर्माण और अन्य सुधार कार्यों के लिए 3 लाख रुपए की राशि जारी करने की घोषणा की। साथ ही, खराब पड़े सामान के शीघ्र ऑक्शन के निर्देश दिए गए। समिति सदस्यों ने अस्पताल व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के सुझाव दिए। अस्पताल प्रशासन ने पूर्व खर्चों का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिस पर विस्तार से विचार हुआ। विधायक ने कहा कि पारदर्शिता और योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन से ही समिति अपने लक्ष्य में सफल हो सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देना प्राथमिकता हो। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी दिलावर सिंह देओल, नायब तहसीलदार अक्षित शर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**विधायक ने सुधारात्मक कार्यों के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की**

# विधायक ने बाग गांव में लिया नुकसान का जायजा

## किशोरी लाल ने अधिकारियों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के दिए निर्देश


विधायक किशोरी लाल ने प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता करवाने का आश्वासन दिया।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने मंगलवार को संसाल पंचायत के बाग गांव का दौरा कर बरसात से हुए नुकसान का जायजा लिया। बाग गांव में जमीन धंसने के कारण खेतों को भारी क्षति पहुंची है और आसपास के कई मकान खतरे की जद में आ गए हैं।

विधायक ने प्रभावित परिवारों के साथ भेंट की और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत राशि उपलब्ध करवाई जाए, साथ ही उन्हें सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक आपदा प्रभावित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और किसी भी परिवार को बेघर अथवा असहाय नहीं रहने दिया जाएगा।

### प्रभावित क्षेत्र पर लगातार रखें निगरानी

**विधायक** किशोरी लाल ने निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जाए और यदि किसी अन्य परिवार को भी खतरा उत्पन्न होता है, तो तत्काल उन्हें भी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। विधायक ने कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रभावित परिवारों को यथाशीघ्र हरसंभव सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत संसाल उर्मिला, प्रधान पंचायत पंजाला अंजू देवी, तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर, रेंज वन अधिकारी दीपक भरमौरी आदि मौजूद रहे।

**दौरा** कृषि वैज्ञानिकों ने किया फसल का निरीक्षण, इच्छी के किसानों का किया मार्गदर्शन

# धान की फसल पर कीट और रोगों का प्रकोप

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** कृषि विभाग की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर एवं कृषि विभाग कांगड़ा के विशेषज्ञों ने कांगड़ा ब्लॉक की इच्छी पंचायत में धान की फसल का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य धान की फसल में कीट एवं रोगों की स्थिति का आकलन करना व किसानों का मार्गदर्शन करना था।

निरीक्षण के दौरान पाया कि धान की फसल पर विभिन्न कीट एवं बीमारियों का प्रकोप दिखाई दे रहा है, जिसके कारण किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने किसानों को रोगों की समय पर पहचान, रोकथाम के लिए उपयुक्त दवाइयों तथा उनकी सही मात्रा के प्रयोग संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी मौसम में फसल की शुरुआत से ही सावधानियां बरतकर किसान बड़े नुकसान से बच सकते हैं।


कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर एवं कृषि विभाग कांगड़ा के विशेषज्ञों ने इच्छी पंचायत में धान की फसल का निरीक्षण किया।

### कीट प्रबंधन के लिए जैविक उपाय अपनाने की सलाह

**राज्य** जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर से विषय विशेषज्ञ डॉ. अंजू ठाकुर ने किसानों को कीट प्रबंधन के लिए जैविक उपाय अपनाने की सलाह दी। उन्होंने पालम ट्रैप, परजीवी कीटों के प्रयोग तथा उपयुक्त जैविक कीटनाशक दवाओं के चयन पर विशेष जोर दिया। डॉ. रुपिका शर्मा विषयवाद विशेषज्ञ, ब्लॉक कांगड़ा ने किसानों को फसल चक्र अपनाने, खेतों की नियमित निगरानी करने तथा शुरुआती लक्षणों पर तुरंत उपचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, टीम द्वारा किसानों को विभिन्न सब्जियों जैसे फूलगोभी, आलू, प्याज एवं लहसुन की वैज्ञानिक पद्धति से खेती व भंडारण की तकनीकों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और उपयोगी सुझाव भी प्रदान किए गए। कृषि विभाग ने आश्वस्त किया कि किसानों को समय-समय पर तकनीकी सलाह और फील्ड विजिट्स के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जाती रहेगी। इस दौरान कृषि विभाग से कृषि प्रसार अधिकारी डॉ. इंदु राणा राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर, डॉ. शिल्पी कृषि प्रसार अधिकारी इच्छी, ब्लॉक कांगड़ा, कुसुम, पंचायत प्रधान इच्छी, एग्रीकल्चर को ऑपरेटिव सोसाइटी इच्छी के सलाहकार भी मौजूद रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय और आईआरआरआई फिलीपींस ने शुरू की शोध परियोजना

## प्राकृतिक खेती में वैश्विक साझेदारी से सतत विकास और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई), फिलीपींस के सहयोग से 'हिमाचल प्रदेश की चावल आधारित फसल प्रणालियों में उत्पादकता, लाभप्रदता, मृदा स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा पर प्राकृतिक खेती परिवर्तनों के प्रभाव का प्रमाण' नामक एक प्रतिष्ठित शोध परियोजना शुरू की है।

यह परियोजना 2025 के खरीफ मौसम में जैविक कृषि और प्राकृतिक खेती विभाग में शुरू हुई। कुलपति, प्रो. नवीन कुमार ने मीडिया को बताया कि इस परियोजना को आईआरआरआई द्वारा 15.30 लाख रुपए के प्रारंभिक अनुदान के साथ मंजूरी दी गई है, जिसमें से विश्वविद्यालय को पहली किस्त के रूप में 7.65 लाख पहले ही मिल चुके हैं। उन्होंने सहयोगी वैज्ञानिकों, आईआरआरआई फिलीपींस के डॉ. पन्नीरसालवेन और डॉ. एके मिश्रा तथा विश्वविद्यालय के डॉ. रामेश्वर, डॉ. गोपाल कतना और डॉ. राकेश कुमार के समर्पण की भी सराहना की।

**चावल आधारित फसल प्रणालियों पर प्राकृतिक खेती के प्रभाव का होगा अध्ययन**

### 2027 तक जारी रहेगा अध्ययन

**यह** शोध चावल-गेहूं और चावल-आलू प्रणालियों में प्राकृतिक कृषि परिवर्तनों के प्रभाव का अध्ययन करेगा और 2027 तक जारी रहेगा। उन्होंने वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आईआरआरआई के प्रति आभार व्यक्त किया और अनुसंधान, शिक्षण और प्रसार के माध्यम से सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जैविक कृषि और प्राकृतिक खेती विभाग, जिसे राष्ट्रीय 'प्राकृतिक खेती मिशन' के तहत 'प्राकृतिक खेती केंद्र' और प्रमाणन के लिए 'क्षेत्रीय परिषद' के रूप में नामित किया गया है। 2002 से प्राकृतिक और जैविक खेती को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। इसने प्राकृतिक और जैविक खेती पर विभिन्न पद्धतियां, प्रशिक्षण, सेमिनार और सम्मेलन आयोजित किए हैं और अब इस अंतरराष्ट्रीय सहयोग का नेतृत्व कर रहा है।

## कौना स्कूल में शिक्षकों को किया सम्मानित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना में मंगलवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह राणा ने की, जबकि सेवानिवृत्त प्रो. संजीव शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने शिक्षकों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया और कहा कि अध्यापक विद्यार्थियों के जीवन में आदर्श व मार्गदर्शक होते हैं। प्रो. शर्मा ने विद्यार्थियों को नशा निवारण और सार्वजनिक स्वच्छता पर लघु फिल्म दिखाकर संवाद किया और उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर उस पर काम करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में 15 शिक्षकों और 4 गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर यशपाल, ममता रानी, मोनिका, अंजलि शर्मा, विनोद कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मानित हुए।

# क्षतिग्रस्त घरों की होगी जियो टैगिंग : मोदी

## कहा- नुकसान के सटीक आकलन और प्रभावितों को जल्द सहायता देने में मिलेगी मदद

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्षतिग्रस्त घरों की जियो टैगिंग की जाएगी। इससे नुकसान का सटीक आकलन करने और प्रभावित लोगों तक सहायता शीघ्र पहुंचाने में मदद मिलेगी। एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मंजूरी, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत राहत का प्रावधान और पशुधन के लिए मिनी किट भी जारी किए जाएंगे।


प्रधानमंत्री ने आपदा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना जताई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर आयोजित बैठक में कहा कि कृषि समुदाय को सहायता प्रदान करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए विशेष रूप से उन किसानों को अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी, जिनके पास वर्तमान में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए, स्कूल नुकसान की रिपोर्ट और जियो टैगिंग कर सकेंगे, जिससे समग्र शिक्षा अभियान के तहत समय पर सहायता मिल सकेगी।

पीएम ने कहा कि वर्षा जल संग्रहण और भंडारण में सहायता के लिए जल संचयन के लिए पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इन प्रयासों से भू-जल स्तर में सुधार होगा और बेहतर जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने नुकसान का आकलन करने के लिए हिमाचल प्रदेश का दौरा करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल पहले ही भेज दिए हैं और उनकी विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार किया जाएगा। वहीं, प्रधानमंत्री ने आपदा से प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की। उन्होंने जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना और गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस कठिन समय में राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेगी और हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

### राज्यों को प्रदान की जा रही हर सहायता

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि राज्यों को अग्रिम भुगतान सहित आपदा प्रबंधन नियमों के तहत सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने तत्काल राहत और बचाव कार्यों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, राज्य प्रशासन और अन्य सेवा-उन्मुख संगठनों के कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। केंद्र सरकार राज्य के ज्ञापन और केंद्रीय दलों की रिपोर्ट के आधार पर आकलन की आगे समीक्षा करेगी। प्रधानमंत्री ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी

# आपदा प्रभावितों के जख्मों पर मरहम ही नहीं, हिम्मत भी दे गए पीएम : जयराम

## कहा, भरोसा तो नहीं पर उम्मीद कांग्रेस सरकार जताएगी पीएम का आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश भूस्खलन से हुए नुकसान का दौरा करने के लिए और हिमाचल प्रदेश को 1500 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

उन्होंने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा के समय प्रदेश के हालात का जायजा लेने वाले नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं। पीएम ने हिमाचल प्रदेश का दौरा ही नहीं किया गया, बल्कि दिल्ली पहुंचने के पहले ही 1500 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता भी दी है। हमारा दुख बांटने के साथ-साथ पीएम ने हमें हौसला और हिम्मत भी दी। उनका यह सहयोग हमें बड़ी से बड़ी मुश्किलों का सामना करने की ताकत देता है। हिमाचल प्रदेश के प्रति प्रधानमंत्री के मन में सदैव विशेष भावना रहती है। त्रासदी देखकर वह बहुत आहत थे। जयराम ने कहा कि भरोसा तो नहीं है, लेकिन उम्मीद करते हैं सीएम और प्रदेश सरकार पीएम का आभार व्यक्त करेंगे। लोगों को घर बनाने के लिए जमीन देने के लिए फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट में संशोधन करने के लिए हमने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है। इस पर प्रधानमंत्री ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भरोसा भी दिया है।

**केंद्र सरकार हमेशा हिमाचल के साथ खड़ी है**

अब जिम्मेदारी राज्य सरकार की भी है कि केंद्र से सभी प्रकार के समन्वय स्थापित करे, जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। राज्य सरकार के द्वारा भी हमारी कुछ मांगों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से शामिल कर प्रधानमंत्री के सम्मुख प्रस्तुत किया गया।

प्रकृति के साथ समन्वय करते हुए हमें विकास को अपनाना होगा, जिससे आपदा की स्थिति में भी कम से कम नुकसान हो। कानून के अनुपालन करवाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है, जिसे उसे करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों का दर्द समझे और ईमानदारी के साथ काम करे। केंद्र सरकार हमेशा हिमाचल प्रदेश के साथ खड़ी थी और खड़ी है, आगे भी खड़ी रहेगी।

# योगी सरकार की ओर से भेजे गए राहत सामग्री के 26 ट्रक जयराम ने किए रवाना

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की ओर से बाढ़ पीड़ितों के लिए 26 ट्रक राशन सामग्री के मंगलवार को ज्योति रिसोर्ट कंडवाल से पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व स्पीकर व विधायक विपिन परमार, विधायक रणबीर निक्का, पूर्व विधायक रीता धीमान आदि आदि भाजपा नेताओं की उपस्थिति में प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना किए।

**बाढ़ पीड़ितों के लिए 5 करोड़ की राशि भेजी : निक्का**


जयराम ठाकुर ने हिमाचल के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री के लिए आभार जताया।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर सहित देश के इन उत्तरी राज्यों में इस बार भारी बरसात कारण कुदरती आपदा लोगों को झेलनी पड़ी है। इस आपदा में हिमाचल प्रदेश को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है, जिससे उभरने के लिए कुछ समय जरूर लगेगा। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जो 26 ट्रक राशन सामग्री व आर्थिक सहायता 5 करोड़ रुपए की राशि हिमाचल के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी है, उसके लिए हम योगी का आभार व्यक्त करते हैं।

# आपदा में परिवार को खोने वाली मासूम को गोदी में उठाकर भावुक हुए मोदी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला/मंडी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला दौरा, जहां उन्होंने बाढ़ और बारिश प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया, एक भावुक पल का गवाह बना। इस दौरे के दौरान कांगड़ा हवाई अड्डे पर पीएम मोदी ने आपदा में अपने परिवार को खोने वाली सराज विधानसभा क्षेत्र की एक साल की नन्ही बिटिया निकिता को देखा, तो गोदी में लेकर दुलार किया और भावुक हो गए। निकिता का मासूम चेहरा और किलकारी पीएम मोदी को गहराई तक छू गई। पीएम ने न केवल निकिता को स्नेह दिया, बल्कि कहा कि मैं हूं न, उन्होंने पालन-पोषण कर रहे करीबी परिजनों का हालचाल भी पूछा और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। नन्ही निकिता ने पीएम मोदी के हाथ से टॉफी भी ली।

**कहा- मैं हूं न हरसंभव मदद का आश्वासन दिया**

यह मुलाकात दिखाती है कि प्रधानमंत्री केवल एक राजनेता नहीं हैं, बल्कि वे देश के हर नागरिक के साथ एक भावनात्मक बंधन सांझा करते हैं। त्रासदी के समय में जब लोग मुश्किलों से घिरे होते हैं, ऐसे पल न सिर्फ दिलासा देते हैं बल्कि यह भी बताते हैं कि सरकार और उसके नेता जनता के साथ खड़े हैं।


पीएम मोदी ने आपदा में अपने परिवार को खोने वाली सराज विधानसभा क्षेत्र की एक साल की नन्ही बिटिया निकिता को देखा, तो उसे अपनी गोदी में लेकर दुलार किया और भावुक हो गए। पालन-पोषण कर रहे करीबी परिजनों का हालचाल भी पूछा।

# विधायक कमलेश ने मणिमहेश से लौटे श्रद्धालुओं का पूछा कुशलक्षेम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डाडासीबा** की निकटवर्ती पंचायत वैह और ढौंटा में मंगलवार को देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने मणिमहेश से सकुशल वापस लौटे श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम जाना तथा विधायक कमलेश ठाकुर ने उनके साथ वार्तालाप भी किया। उन्होंने वैह पंचायत में जनसमस्याएं भी सुनीं। तथा अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया।

उन्होंने कहा कि वैह ग्राम पंचायत को विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए 12 लाख रुपए से ऊपर की राशि जारी की गई है। उन्होंने इस राशि को जल्द खर्च करने के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित कार्यों को अति शीघ्र पूरा किया जाए तथा बरसात के दौरान लोगों के घरों और पशुशालाओं को पहुंचे नुकसान की रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाए। उन्होंने साथ लगती दूसरी पंचायत ढौंटा का दौरा किया तथा बरसात के कारण लोगों के घरों को हुए नुकसान का स्वयं जायजा लिया और क्षतिग्रस्त पशुशालाओं का भी मौका देखा। इनके साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा ग्राम पंचायतों प्रतिनिधियों के साथ-साथ ग्राम पंचायतों का स्टाफ भी उपस्थित रहा। कांग्रेस विधायक कमलेश ठाकुर ने लोगों की ओर से उठाई गई कुछेक समस्याओं का शीघ्र निपटारा करने का आश्वासन दिया तथा बरसात के कारण बंद हुए तीन नालों व खड्डों में आई बाढ़ के कारण बंद हुए रास्तों का मौका भी देखा। विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि ढौंटा पंचायत को भी लगभग 10 लाख रुपए से ऊपर की राशि विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए जारी कर दी गई है। संबंधित पंचायत प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को समयावधि में पूर्ण करें, ताकि जरूरतमंद लोग दी गई मदद से समय पर लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में 400 करोड रुपए से ऊपर के विकास कार्य चल रहे हैं तथा बड़े से बड़े दफ्तरों की देहरा में स्थापना की जा रही है। विकास की दृष्टि से देहरा को प्रथम नंबर पर रखना उनकी प्राथमिकता है।

# पीएमश्री योजना का उद्देश्य गुणवत्ता शिक्षा, न कि बोर्ड में परिवर्तन

## प्रदेश के 200 स्कूलों को एचपी बोर्ड से हटाकर केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड में शिफ्ट करने पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

पीएमश्री योजना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, न कि बोर्ड में परिवर्तन करना। योजना में सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता अनिवार्य नहीं है, राज्य बोर्ड भी इसके तहत कार्यान्वित हो सकता है। यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील शर्मा ने बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा को ज्ञापन सौंपने के बाद जारी प्रेस बयान में कही।


बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा को मंगलवार को ज्ञापन सौंपता स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सूबे के 200 सरकारी स्कूलों को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से हटाकर केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है, जिस पर कर्मचारी यूनियन ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के 200 स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, तो इससे जहां प्रदेश सरकार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

वहीं, ग्रामीण छात्रों के लिए भी कठिनाई होगी। उन्होंने कहा कि एचपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक विशेषताओं को समाहित किया जाता है, जबकि सीबीएसई में यह स्थानीय दृष्टिकोण नहीं होता, जिससे विद्यार्थियों की स्थानीय पहचान और समझ कमजोर होगी। इस बदलाव का सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण छात्रों पर पड़ेगा। राज्य में बड़ी संख्या में छात्र हिंदी माध्यम में पढ़ते हैं। सीबीएसई का पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली मुख्यत: अंग्रेजी आधारित है, जिससे ग्रामीण व वंचित वर्ग के छात्रों को कठिनाई होगी। इसके चलते सीबीएसई का पाठ्यक्रम ग्रामीण, पिछडे और हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए अचानक लागू करना अनुचित होगा, जिससे वे मानसिक और शैक्षणिक दवाब में आ सकते हैं। इसके अलावा इस बदलाव का असर प्रतियोगी परीक्षाओं, अभिभावकों की आर्थिक क्षमता पर दवाब, शिक्षकों व कर्मचारियों की अस्थिरता व रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव, अनुभवहीनता और प्रशासनिक जटिलताएं, स्थानीय प्रशासनिक नियंत्रण का नुकसान होगा। इसके अलावा राज्य की स्वायत्ता का सम्मान को भी इससे ठेस पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सीबीएसई की ओर अचानक स्थानांतरण से शिक्षा व्यवस्था अस्थिर हो चुकी है, जिसमें से आंध्र प्रदेश ने लगभग 1000 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई में परिवर्तित किया था, उन्हें अब दोबारा से संबंधित राज्य के बोर्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बोर्ड अध्यक्ष से मांग की कि वे उनकी आवाज को प्रदेश सरकार के साथ उठाएं और इन स्कूलों के होने वाले परिवर्तन को रोकें।

# रैहन कस्बे में ट्रेड फेयर को लेकर व्यापारी लामबंद

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के रैहन कस्बे में प्रस्तावित निजी ट्रेड फेयर को लेकर स्थानीय व्यापारी लामबंद हो गए हैं। रैहन राजा राम व्यापार मंडल के प्रधान चेतन की अगुवाई में व्यापारी एसडीएम फतेहपुर कार्यालय पहुंचे और फेयर को रोकने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। आपदा प्रबंधन कार्यों में व्यस्त होने के कारण एसडीएम ने फोन पर व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**कहा- सुनवाई नहीं की तो होगा प्रदर्शन और चक्का जाम**

**व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बाहरी राज्यों से आने वाले फेयर आयोजक न तो जीएसटी जमा करते हैं और न ही अन्य कानूनी दायित्व निभाते हैं, जबकि स्थानीय व्यापारी नियमित टैक्स अदा करते हैं। मेले में न तो पार्किंग की सुविधा होती है और न ही शौचालय, जिससे जनता व दुकानदार दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं, सड़कों पर लगातार दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। व्यापारी सोम दत्त, उमेश, शिंपू, रामपाल, अनिल आदि दुकानदारों ने एसडीएम से कहा कि इस तरह के ट्रेड फेयर से उनका धंधा चौपट हो जाता है। सरकारी नियम हम पर लागू होते हैं, लेकिन इनके लिए कोई कानून नहीं। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द सुनवाई नहीं की तो वे धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम करने को मजबूर होंगे।

**विशेष बातचीत** अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार और आरक्षण केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार नहीं मिले : सौरव

# ओबीसी संघर्ष समिति की धर्मशाला तक पैदल यात्रा 20 को

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** ओबीसी संघर्ष समिति के बैनर तले 20 सितंबर को कांगड़ा से धर्मशाला तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी। धर्मशाला डीसी ऑफिस पहुंचकर समिति सरकार को मांग पत्र सौंपेगी। अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता सौरव कौंडल से बातचीत की। सौरव कौंडल ने कहा कि प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को अब तक उनके संवैधानिक अधिकार और आरक्षण केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार नहीं मिले हैं।



हमारी यह यात्रा इसी आवाज को बुलंद करने के लिए है। उन्होंने कहा कि 93वां संविधान संशोधन प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में तुरंत लागू हो और ओबीसी को आरक्षण मिले। मंडल आयोग व सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, सरकारी व अर्धसरकारी सेवाओं में स्थायी प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी विश्वविद्यालयों में ओबीसी छात्रावास बनाए जाएं।

राइट टू एजुकेशन एक्ट राज्य में पूर्ण रूप से लागू हो। सरकारी विभागों में रोस्टर प्रणाली के तहत ओबीसी को आरक्षण मिले और उसका सही रखरखाव हो। एचपीपीएससी व कर्मचारी चयन आयोग में ओबीसी को प्रतिनिधित्व दिया जाए। नगरोटा बगवां, पालमपुर, नूरपुर आदि में बने ओबीसी भवनों व हॉस्टलों को ओबीसी संगठनों को सौंपा जाए। एससी/एसटी की तरह ओबीसी कल्याण के लिए पृथक बजट बने। ओबीसी बैकलॉग पदों को शीघ्र भरा जाए।

पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी आवंटन में ओबीसी को आरक्षण दिया जाए। हिमाचल विधानसभा और लोकसभा में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित सीटें सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि हमारी सभी मांगें संविधान के अनुच्छेदों, सामाजिक न्याय और समान अवसर के सिद्धांतों पर आधारित हैं, अगर सरकार ने शीघ्र नहीं माना तो आने वाले दिनों में ओबीसी संघर्ष समिति आंदोलन करेगी। कांगड़ा से धर्मशाला तक यह पैदल यात्रा केवल शुरुआत है। सरकार ने फिर भी ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में संघर्ष और तेज होगा। हिमाचल प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंडल के अध्यक्ष कर्नल स्वरूप कोहली ने कहा कि इस आंदोलन का पूर्ण समर्थन करते हैं। समिति ने जो मांगें उठाई हैं, वे न केवल जायज हैं, बल्कि संविधान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हैं। हम चाहते हैं कि सरकार गंभीरता से इन पर विचार करे। हमारा मंडल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूप से इस आंदोलन में भाग लेगा।

### आंदोलन का करेंगे समर्थन : राजीव



**प्रदेश** सर्वजन संरक्षण समिति के प्रधान राजीव मेजर ने कहा कि हमारा संगठन पूर्ण रूप से इस आंदोलन का समर्थन करता है। समिति ने जो सामाजिक और संवैधानिक मांगें उठाई हैं, उन्हें सरकार को मानना ही चाहिए। राज्य व केंद्र में जो रोस्टर सिस्टम बनता है, वह सही तरीके से लागू ही नहीं होता। लागू करने वाले ही पक्षपाती रहते हैं। संविधान में 93वां संशोधन समाज के उस तबके को ऊपर उठाने के लिए किया था, जो अब तक पीछे रह गया है। जब तक इसे जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जाएगा, तब तक उस वर्ग को वास्तविक लाभ नहीं मिलेगा।

### पदयात्रा के लिए बनाएंगे रणनीति




**प्रदेश** घृत, बाहती, चाहंग संगठन के अध्यक्ष श्रीकांत ने कहा कि 20 तारीख को ओबीसी संघर्ष समिति पदयात्रा निकाल रही है। ओबीसी वर्ग की कुछ मांगें हैं, जो वह लंबे समय से उठाता आ रहा है। हम भी सरकार से मांग करते हैं कि इन मांगों को शीघ्र पूरा किया जाए। इस संबंध में 14 तारीख को एक बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें 20 तारीख की पदयात्रा के लिए अगली रणनीति बनाई जाएगी। यह लड़ाई शोषण और अन्याय के खिलाफ है और हम पूरी तरह साथ हैं।

# समेला में 30 .57 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस की विशेष टीम द्वारा गश्त के दौरान समेला बस स्टॉप के समीप कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के कब्जे से 30.57 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। आरोपियों की पहचान 31 वर्षीय गुरप्रताप सिंह निवासी मकान नं. 438, गुरुद्वारा रोड, धर्मशाला, 34 वर्षीय सोवित कुमार निवासी लोअर श्यामनगर, डाकघर एवं तहसील धर्मशाला और 34 वर्षीय अंकुर कुनाल सिंह निवासी गांव मनेड, डाकघर चैतड़ू, तहसील धर्मशाला के रूप में हुई है।


पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपी।

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि इन तीनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया तथा इनके विरुद्ध पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया गया है। उक्त आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध धंधे में सक्रिय थे और निरंतर पुलिस की निगरानी में थे। जब ये आरोपी बाहरी राज्य से गाड़ी में चिट्टे की खेप लेकर आ रहे थे, उस समय जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने समेला बस स्टॉप के समीप बने रेनशेड पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए इन्हें काबू किया और इनके कब्जे से 30.57 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है।

# जिले के 40 युवा मंडलों को वितरित की जाएगी खेल सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपनिदेशक, मेरा युवा भारत ध्रुव डोगरा ने बताया कि कांगड़ा जिले के 40 सक्रिय युवा मंडलों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। यह सुविधा केवल उन्हीं मंडलों को दी जाएगी, जो सभी पात्रता शर्तें पूरी करते हैं। शर्तों में मॉय भारत पोर्टल पर पंजीकरण, नियमित खेल गतिविधियों का रिकॉर्ड तथा सामुदायिक स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन शामिल है। उन्होंने बताया कि उन्हीं मंडलों पर विचार होगा, जो 2024-25 और 2025-26 में मॉय भारत कार्यक्रमों में सक्रिय रहे हैं, साथ ही जिन्हें पिछले वर्ष खेल सामग्री नहीं मिली थी। सभी पात्र युवा मंडलों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरकर 16 सितंबर तक कार्यालय, मेरा युवा भारत, जवाहर नगर, धर्मशाला को भेजें। देर से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# न्यूज ब्रीफ

## पूर्णिमा बनीं चिकित्सक, सीएचसी हटवाड़ में देंगी सेवाएं



**अनंत ज्ञान, दधोल।** बिलासपुर क्षेत्र की बेटी डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित चिकित्सा अधिकारी परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया है। डॉ. पूर्णिमा शर्मा, पिता नवेंद्र कुमार संख्यान (सेवानिवृत्त अध्यापक, TGT — Arts) और माता वीना देवी (गृहिणी) की पुत्री हैं। वह सीएचसी हटवाड़ में अपनी सेवाएं देंगी।

## बरठीं में सार्वजनिक शौचालय समस्या का समाधान

**मदन गोपाल, अनंत ज्ञान, बरठीं।** विकास खंड झंडूता के अंतर्गत बरठीं पंचायत में वर्षों से चली आ रही सार्वजनिक शौचालय की समस्या का आखिरकार समाधान हो गया। आज पंचायत प्रधान कुलदीप धीमान ने बड़गांव चौक में शौचालय निर्माण की नींव रखी। गौरतलब है कि लगभग 25 पंचायतों का केंद्र बिंदु रहा इस पंचायत में आम जन के लिए अब तक शौचालय सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जबकि प्रतिदिन हजारों की संख्या में क्षेत्र भर से बरठीं बाजार में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। पंचायत प्रधान ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 30 हजार रुपए स्वास्थ्य विभाग मिशन तथा 2 लाख रुपए पंचायत निधि से उपलब्ध कराए गए हैं। लोगों ने उक्त सुविधा को लोगों के सुविधार्थ जिला प्रबंधन के लिए संबंधित पंचायत व प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है। इस मौके पर उपप्रधान राकेश मेहता सहित पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने शौचालय निर्माण में सहयोग देने के चलते विवेक कुमार के प्रयासों की सराहना की और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## सेवा पखवाड़े की तैयारियों में जुटी बिलासपुर भाजपा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा जिला बिलासपुर अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने बताया कि सेवा पखवाड़े के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर टोली का गठन किया गया है। इसमें संयोजक नवीन शर्मा जिला महामंत्री, सह संयोजक नीना कौशल जिला उपाध्यक्ष, लेख राम ठाकुर जिला उपाध्यक्ष, दिनेश चंदेल जिला सचिव और कमल गौतम जिला प्रवक्ता सह संयोजक रहेंगे। सेवा पखवाड़े के दौरान रक्तदान, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, प्रबुद्धजन सम्मेलन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, पुस्तक वितरण, नमो मैराथन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, आत्मनिर्भर भारत वोकल फॉर लोकल प्रचार, दिव्यांग और विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## प्रयास संस्था ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत री में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए प्रयास संस्था ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के सहयोग से लगाया गया। लगातार बारिश से दो गांवों के कई घरों में दरारें आने के बाद प्रभावित ग्रामीणों को आईटीआई स्वारघाट (डडवाल) में अस्थायी रूप से ठहराया गया था। इन्हीं परिवारों के लिए आयोजित शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच, मेडिकल टेस्ट और दवाइयां उपलब्ध कराईं। प्रभावित ग्रामीणों ने इस पहल के लिए आभार जताया।

## प्रधान संघ नयना देवी की बैठक में आपदा पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, नयनादेवी।** श्री नयना देवी जी के लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में प्रधान संघ विकासखंड श्री नयना देवी जी जिला बिलासपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रधान संध्या देवी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सर्वप्रथम हिमाचल प्रदेश में आई भारी आपदा के चलते हुए भारी जानमाल के नुकसान पर चिंता प्रकट की। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा जो 15वें वित्त आयोग की राशि है, को जल शक्ति विभाग को ट्रांसफर करने के निर्णय को भी रद्द किया जाए, जिसके लिए सीएम से मांग की गई। बैठक में विकासखंड प्रधान, संघ श्री नयना देवी जी के सभी पंचायतों के प्रधान उपस्थित रहे।

## साईं मंदिर धरोटी में वृद्धजनों की जांची आंखें

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत साईं मंदिर धरोटी में वृद्धजनों के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता बरठीं पंचायत प्रधान कुलदीप धीमान ने की। शिविर आयोजन का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों में मोतियाबिंद जैसी नेत्र समस्याओं की समय रहते पहचान करना और उनके आंकड़े राज्य स्तर पर वरिष्ठ नागरिक राज्य कार्य योजना तथा राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्य योजना के अंतर्गत भेजना रहा। इस शिविर में कुल 61 वृद्धजनों तथा 60 वर्ष के कम आयु वर्ग के 48 लोगों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 14 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। शिविर के दौरान बधिर जागरूकता दिवस भी मनाया गया।

---

### चार आपदा प्रभावित पंचायतों में पहुंचकर पीड़ितों से मिले विधायक जीतराम कटवाल

# खेतीबाड़ी और पशुपालन को भारी नुकसान

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते विधायक जीतराम कटवाल।

**बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए हर गांव में पहुंच रहे विधायक जीतराम कटवाल ने मंगलवार को 4 पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने बड़गांव गलू पंचायत में 20, जडू कुलज्यार में 30, मलरांव में 25 और पपलोआ पंचायत के गाह घोड़ी गांव में 22 प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। पीड़ित परिवारों को यथासंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार भी हिमाचल के साथ है।

मंगलवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल आकर नुकसान का जायजा लेने के साथ ही आपदा पीड़ितों से भी मुलाकात की है। प्रधानमंत्री ने हिमाचल को 1500 करोड़ रुपए का विशेष सहायता पैकेज, मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। यह उनका हिमाचल के प्रति आत्मीय स्नेह और संवेदनशीलता का प्रतीक है। जीतराम कटवाल ने बड़गांव गलू, जडू-कुलज्यार, मलरांव व पपलोआ पंचायत के आपदा प्रभावितों अशोक, विनोद, सुभाष चंद, देवराज,

#### हर पंचायत में हालात का लिया जायजा लोगों को दिया सहायता का भरोसा

भाग सिंह, संकाराम, नारायण दास, रामप्रकाश, विजय, रक्षा देवी, बलीराम, सुमन, रामआसरा व रतनलाल आदि से मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि इस बार प्राकृतिक आपदा से पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रह पाया है। आपदा इस क्षेत्र की लगभग सभी पंचायतों में तबाही से लोगों को गहरे जख्म दे गई है। कईयों के आशियाने क्षतिग्रस्त हुए हैं और कइयों के रसोईघरों, शौचालयों और मवेशीखानों को नुकसान पहुंचा है। फसलों की बर्बादी ने उनकी मेहनत मिट्टी में मिला दी है। ग्रामीण इलाकों में खेतीबाड़ी और पशुपालन, अधिकांश लोगों की आजीविका के मुख्य आधार हैं, लेकिन नुकसान से उनकी रोजी-रोटी भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इन कठिन और प्रतिकूल हालातों में वे प्रभावित परिवारों का दुख-दर्द बखूबी समझ सकते हैं।

जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल से आत्मीय लगाव है। जब भी कोई संकट आता है, प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार इस पर्वतीय राज्य और प्रदेशवासियों की ढाल बनकर खड़े हो जाते हैं। मोदी ने विशेष सहायता पैकेज के साथ ही आपदा पीड़ितों के हित में जो घोषणाएं की हैं, वे स्वागत योग्य हैं। यह पैकेज आपदा प्रबंधन, पुनर्वास और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन में स्थिरता भी आएगी।

प्रदेश सरकार को भी चाहिए कि वह केवल राजनीतिक दृष्टि से केंद्र सरकार को बेवजह कोसने के बजाए एक्शन मोड में आकर प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत पहुंचाए। उन्होंने कहा कि अब मौसम भी साफ होने लगा है। भूस्खलन या जमीनें धंसने से बंद हुई सड़कों को जल्द बहाल किया जाएगा। सड़कों की बहाली के बाद लोगों को सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में भी आसानी होगी। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री कमल चैहान, पंचायत प्रधान रामकृष्ण, मोहर सिंह, ओंकार चंदेल, प्रेम सिंह, बालकृष्ण, पीआर सांख्यान, प्रीतम सिंह, कुंजुराम व बीना देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

---

## जीएसटी दरों को दो स्लैब में करने से जनता को मिलेगा सीधा लाभ: कमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

#### बोले-भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा

जिला भाजपा प्रवक्ता एवं नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में किए गए ऐतिहासिक संशोधन से लोगों को इसका व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने अब चार दरों की व्यवस्था को समाप्त करके केवल दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह सुधार आगामी 22 सितंबर से प्रभावी होगा। कमल गौतम ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम से देशवासियों को रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं पर बड़ी राहत मिलेगी।

रसोईघर के बर्तन, साबुन, टूथपेस्ट, कपड़े, जूते, सिलाई मशीनें, टीवी, एयर कंडिशनर, छाते, साइकिल, डाइग्नोस्टिक किटें, ट्रैक्टर टायर, सिंचाई हेतु प्रयोग होने वाले डीजल इंजन, सीमेंट सहित लगभग 175 आवश्यक वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए 33 जीवन रक्षक दवाइयों को जीएसटी के दायरे से पूरी तरह से बाहर कर दिया है, जिससे लोगों को अब सस्ती दरों पर दवाई उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि दवाइयों को 12 और 18 प्रतिशत से सीधे 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। इससे गंभीर बीमारियों दिल के मरीजों सहित अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत मिलेगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में यह महत्वपूर्ण निर्णय देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि मोदी ने हमेशा गरीब व मध्यम वर्ग के उत्थान को प्राथमिकता दी है। जीएसटी की दरों में यह संशोधन भी उसी विजन का हिस्सा है, जिससे आम जनता की जेब पर टैक्स का बोझ कम होगा और उनके जीवन में आर्थिक सहजता आएगी। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

---

# एम्स बिलासपुर भ्रष्टाचार का अड्डा न बने: रामलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर ने बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए एम्स बिलासपुर की व्यवस्थाओं पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिलासपुर को मिला एम्स कांग्रेस पार्टी की देन है। यह निर्णय तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में हुआ था, लेकिन भाजपा ने इसे अपने प्रचार का साधन बनाकर रख दिया है।

रामलाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र में बैठे स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा बिलासपुर के ही हैं, लेकिन उन्हें यह भली-भांति पता है कि एम्स में इन दिनों किस तरह से भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सारी नियुक्तियां ठेके पर दी जा रही हैं। सभी भर्तियां भाजपा के चहेते ठेकेदारों को सौंप दी गई हैं। एम्स में जो भवन निर्माण हो रहे हैं, उनके ठेके भी भाजपा समर्थित ठेकेदारों को दिए गए हैं। ठाकुर ने कहा कि यह सारी गड़बड़ियां एम्स को धीरे-धीरे भ्रष्टाचार का गढ़ बना रही हैं। यही कारण है कि यहां से नामी डॉक्टर एक-एक कर नौकरी छोड़कर जा रहे हैं। यह संस्था जनता की उम्मीदों का केंद्र है, इसे भाजपा के छुटभैया नेताओं की जागीर नहीं बनने देंगे।

### पूरे देश में वोट चोरी अभियान चला रही भाजपा

रामलाल ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया है कि भाजपा पूरे देश में 'वोट चोरी अभियान चला रही है'। उन्होंने अपने विधानसभा चुनाव पराजय का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें महज 171 वोटों से हराया गया, जिसके पीछे तत्कालीन उपायुक्त की मिलीभगत थी, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के इशारों पर काम कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देशभर में चलाया जा रहा वोट चोरी अभियान पूरी तरह वास्तविकता पर आधारित है, क्योंकि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर कर रही है।

---

### राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. अरुण बने कॉलेज की शान

# विदेशों में शोध कर रहे डॉ. अरुण के छात्र बने मिसाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



डॉक्टर अरुण कुमार का स्वागत करते प्रधानाचार्य एवं अन्य।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पहली बार कॉलेज स्तर पर राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार शुरू किया गया है। इसी कड़ी में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार को शिक्षक दिवस (5 सितंबर) पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने पीटरहॉफ शिमला में सम्मानित किया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद जब डॉ. अरुण बिलासपुर कॉलेज लौटे तो पूरे महाविद्यालय परिवार ने उनका भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से अभिनंदन करते हुए छात्रों और शिक्षकों ने उन्हें गर्व का प्रतीक बताया। घुमारवीं के मूल निवासी डॉ. अरुण ने अपनी शिक्षा जीएसएसएस भराड़ी से जमा दो, धर्मशाला कॉलेज से स्नातक, और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से बी.एड, एमएससी

#### कॉलेज पहुंचने पर प्रधानाचार्य सहित स्टाफ ने किया भव्य स्वागत

(भौतिकी) व पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. अरुण ने हाल ही में प्रदेश के 9 जिलों के लगभग 5 हजार विद्यार्थियों को फिजिक्स विषय को सरल भाषा में समझाने का विशेष प्रशिक्षण दिया। उनके पांच विद्यार्थी विदेशों में नैनो मैटेरियल मॉडलिंग और मशीन लर्निंग पर पीएचडी कर रहे हैं, जबकि उनकी छात्रा रीना इसी माह नीदरलैंड में पीएचडी के लिए जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने इसे पूरे कॉलेज के लिए गौरव का क्षण बताया।

उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम रिसर्च के क्षेत्र को बढ़ावा देगा और प्रदेश व देश की प्रगति में सहायक होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए डॉ. अरुण को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर आईक्यूएसी के सदस्य सहायक प्राचार्य प्रो. प्रेमजीत, प्रो. रणजीत, डॉ. रितु, डॉ. जसवाल, डॉ. विजय, डॉ. नम्रता पठानिया सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

---

## कैंची मोड़ से स्वारघाट रोड तक कई प्वॉइंट डेंजर जोन किए घोषित

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** बीते दिनों हुई भारी बारिश ने पुराने नेशनल हाइवे पर कैंची मोड़ से छड़ोल तक भारी तबाही मचा दी है। जगह-जगह भूस्खलन से सड़क का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। कई स्थानों पर सड़क के साथ-साथ नजदीकी गांवों तक खतरा पहुंच गया है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन कई प्वॉइंट पर डेंजर जोन घोषित कर दिए हैं, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर कैंची मोड़ से छडोल तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। इस मार्ग से केवल छोटे वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश का दौर अगर इसी तरह जारी रहा तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। रोड को सुचारू रूप से खोलने के लिए लोक निर्माण विभाग (PWD) ने भी अपनी कमर कस ली है और अपनी पूरी मशीनरी रोड को बहाल करने में लगा दी है।

---

# बिलासपुर की पहचान बनेगा 'व्यासप्योर'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी ओम कांत ठाकुर, साथ हैं अन्य।

बिलासपुर जिला अब अपने विशिष्ट उत्पादों की पहचान 'व्यासप्योर' ब्रांड के माध्यम से पूरे प्रदेश और देश में बनाएगा। 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में निर्णय लिया गया कि दीपावली से पहले इस ब्रांड को औपचारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओमकांत ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि 'व्यासप्योर' केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि बिलासपुर की संस्कृति, गुणवत्ता और महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनेगा।

इसके तहत स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'व्यासप्योर गिफ्ट पैक' विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे, जिन्हें 2 अक्तूबर को लॉन्च किया जाएगा। इन पैक्स में जिले की पारंपरिक और विशिष्ट वस्तुएं शामिल होंगी, जो बाजार में बिलासपुर की अलग पहचान बनाएंगी।

बैठक में कृषि, बागवानी, उद्योग, पशुपालन, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग व मार्केटिंग को लेकर सुझाव साझा किए। अधिकारियों ने माना कि 'व्यासप्योर' से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती, युवाओं और महिलाओं को रोजगार और बिलासपुर को एक नई ब्रांड वैल्यू मिलेगी। एडीसी ने निर्देश दिए कि किसानों और उद्यमियों को आधुनिक तकनीक व प्रशिक्षण से जोड़ा जाए और विभागीय समन्वय को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यासप्योर बिलासपुर के लिए गौरव बनेगा, यह ब्रांड हमारे जिले की शुद्धता, गुणवत्ता और आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा तय करेगा।

बैठक के अंत में सभी अधिकारियों ने संकल्प लिया कि योजना के सफल क्रियान्वयन में पूरी मेहनत और सामूहिक प्रयास किए जाएंगे, ताकि बिलासपुर जल्द ही व्यासप्योर के नाम से पहचाना जाए और यह ब्रांड प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में चमके।

---

# स्वच्छ वायु दिवस पर घुमारवीं कॉलेज में जागरूकता रैली और पोस्टर प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट कॉलेज घुमारवीं में आज स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर ईको क्लब के तत्वावधान में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने शहर में स्वच्छ वायु हेतु रैली निकाली और प्रभावशाली नारों के माध्यम से आमजन को प्रेरित किया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने "स्वच्छ वायु का नारा है–जीवन सबसे प्यारा है", "आओ मिलकर पेड़ लगाएं–स्वच्छ हवा हम सब पाएं" जैसे नारे बुलंद किए।

इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टर कॉलेज परिसर और मुख्य बाजार क्षेत्र में प्रदर्शित किए गए। ईको क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी वर्धन (B.Sc. xrd वर्ष), द्वितीय स्थान पलक (B.Sc. xrd वर्ष) तथा सौरभ राणा (B.Sc. wnd वर्ष) ने प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काव्यांशी चंदेल (B.Sc. vst वर्ष), द्वितीय स्थान तमन्ना (B.Sc. wnd वर्ष) तथा अभिनव (B.Sc. vst वर्ष) ने हासिल किया। इस अवसर पर ईको क्लब इंचार्ज प्रो. ज्योति बरवाल एवं डॉ. अंजु ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

कार्यक्रम में प्रो. लिपिका, प्रो. कविता सहित अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ वायु हमारे स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें और प्रदूषण कम करने में सहयोग करें।

---

# खो-खो खेल में बिलासपुर जिले का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**





सुंदरनगर में हुए प्रदेश खो-खो चुनावों में चुनी गई कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य।

बिलासपुर जिले ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। सुंदरनगर में संपन्न हुए प्रदेश खो-खो संघ कार्यकारिणी चुनावों में बिलासपुर जिले के छह पदाधिकारियों को स्थान मिला है। यह उपलब्धि न केवल जिले के खेल इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई है, बल्कि बिलासपुर का नाम प्रदेश स्तर पर भी रोशन किया है।

इस ऐतिहासिक मौके पर जिला एमच्योर खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन ठाकुर ने खुशी जताते हुए कहा कि आज तक कभी भी बिलासपुर को प्रदेश स्तर पर इतना बड़ा प्रतिनिधित्व नहीं मिला था। यह क्षण जिले के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। चुनी गई टीम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व पवन ठाकुर को, आईटी सैल प्रदेश प्रभारी प्रदीप कपलस को,

#### प्रदेश कार्यकारिणी में छह पदाधिकारियों को मिला स्थान

संगठन सचिव चुनी लाल ठाकुर को, सोशल मीडिया इंचार्ज अश्वनी ठाकुर को, एथलीट एलीट ग्रुप सदस्य रंजना ठाकुर को और प्रदेश सह-प्रेस सचिव का पद पुरुषोत्तम शर्मा को मिला है।

इन सभी पदाधिकारियों के स्वागत के दौरान खेल प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पवन ठाकुर ने नवनिर्वाचित चेयरमैन आरके डोगरा, संघ के सीईओ देवीदत्त तंवर, प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर और राष्ट्रीय खो-खो संघ के संयुक्त सचिव एलआर वर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से इन पदाधिकारियों का अनुभव और दृष्टिकोण और व्यापक होगा, जिसका सीधा लाभ जिले में खो-खो खेल के उत्थान और प्रसार में मिलेगा। स्वागत कार्यक्रम में सतपाल ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, जय पाल ठाकुर, मुकेश कटवाल, विक्रम ठाकुर, सुभाष, रवि, मनोज ठाकुर, मुनीश, आदि जिला पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे।

---

# त्रिलोक जम्वाल का आरोप-आपदा प्रबंधन के नाम पर सरकार बेपरवाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक एवं प्रदेश भाजपा वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हिमाचल में राहत व पुनर्वास कार्यों को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर तबाही हुई है, लेकिन इतने दिनों बाद भी प्रदेश सरकार आपदा से निपटने के लिए जरा भी तैयार नहीं है। प्रभावित लोगों को फौरी राहत तो दूर, तिरपाल तक नहीं मिल रहे हैं। राहत व पुनर्वास कार्यों के लिए अधिकारियों का फील्ड में पहुंचना बेहद जरूरी है, लेकिन वे भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। इससे ऐसा लग रहा है कि आपदा प्रबंधन एक्ट लागू करके बाकी सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि इस बार बरसात के मौसम में भूस्खलन तथा बादल फटने जैसी घटनाओं के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। पूर्व में पीड़ित परिवारों को फौरी राहत के तौर पर 5, 10 या 20 हजार रुपए दिए जाते रहे हैं। इस बार भी प्रभावित लोग सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन फौरी राहत के नाम पर उन्हें फूटी कौड़ी तक नहीं मिल पाई है। अपने आशियाने ढह जाने से बेघर हुए लोगों को दूसरे स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। उनके लिए खाने-पीने की उचित व्यवस्था करना सरकार का नैतिक दायित्व है, लेकिन उनकी सुध लेने की जहमत तक नहीं उठाई जा रही है। मलबे में दबने से कई लोगों के मवेशी काल का ग्रास बन गए, लेकिन उन्हें भी मुआवजा नहीं मिल पाया है।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि फौरी राहत के नाम पर केवल 10 गुना 10 फुट का एक-एक तिरपाल दिया जा रहा है। इसमें भी भाई-भतीजावाद हो रहा है। लोगों को खतरे की जद में आए अपने मकान, रसोईघर, शौचालय व मवेशीखाने बचाने के लिए 5-6 तिरपालों की जरूरत है। इकलौते तिरपाल से वे क्या बचाव कर पाएंगे। नुकसान का जायजा लेकर राहत व पुनर्वास कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों का फील्ड में जाना जरूरी है, लेकिन वे भी हाथों पर हाथ धरे बैठे हैं। बेहतर होगा कि बड़े पैमाने पर हुए नुकसान को रूटीन मैटर समझने के बजाय प्रदेश सरकार इसे गंभीरता से आपदा के रूप में लेकर धरातल पर काम करे, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

---

### संगोष्ठी
### साहित्यकार एवं शिक्षाविद रविंद्र नाथ भट्ठा 'साहित्य शिरोमणि' सम्मान से अलंकृत

# काव्य-पाठ के बहते झरने में गूंजी पहाड़ों की पुकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक संगोष्ठी शहर के वरिष्ठ नागरिक सभागार में गरिमामय ढंग से संपन्न हुई। 'बिलासपुर के हस्ताक्षर' श्रृंखला की ताजा कड़ी में जिले के प्रख्यात साहित्यकार एवं शिक्षाविद रविंद्रनाथ भट्ठा को काले बाबा साहित्य शिरोमणि सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके कृतित्व और जीवन परिचय को अमरनाथ धीमान ने विस्तार से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रधान सुरेंद्र मिन्हास ने की, जबकि संचालन महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर ने किया।

जीतराम सुमन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को साहित्यिक रंग में रंग दिया। संगोष्ठी में लगभग 36 रचनाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए काव्य-गंगा बहाई। दूसरे सत्र में काव्य पाठ का दौर आरंभ हुआ, जिसमें कर्मवीर कंडेरा ने 'कौन सुने पहाड़ों की पुकार', आशा कुमारी ने 'शहनाइयां गूंज रही थी घर में', शिवनाथ सहगल ने 'दिल बेकरार सा है', जय महलवाल ने 'नन्ही चिड़िया





रवींद्रनाथभट्ठा को सम्मानित करते कल्याण कला मंच बिलासपुर के पदाधिकारी।

बड़ी प्यारी', अंजना ने 'कविता में सुनाता हूं' और चंद्रशेखर पंत ने 'राम हमारे, बुद्ध तुम्हारे' जैसी रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर किया।

इसके बाद बृजलाल लखनपाल ने 'जिस देश में गंगा जमुना', बुद्धि सिंह चंदेल ने 'अजगर पाक ने जब तुमको', बाबूराम धीमान ने 'मारकंडे का गिरी जल', जीतराम सुमन ने 'ए दुख भरी कहानी', अरुण डोगरा ने 'मैं विवश पेड़ हूं', धर्म चंद धीमान ने 'आंखें मत मूंद तू प्यारे' और श्याम सुंदर सहगल ने 'करो पितृ देवों को अर्पण' सुनाकर माहौल को और गहराई दी। तेज राम तेजस ने 'हर क्षेत्र में रहे डटा रविंद्र भट्ठा', हुसैन अली ने 'उसने कहा इश्क ढोंग है', अमरनाथ धीमान ने 'बैटूर बैठूर हऊं', रविंद्र शर्मा ने 'गाय और बैल अब सड़कों पर आ गए', जगदीश सहोता ने 'हम शीश नवाते हैं', राकेश मन्हास ने 'तू मेरी कमियां ना गिन', पूजा कुमारी ने 'सावन आया, बादल छाए', रविंद्र कमल ने 'नदियां नाले खड्डें लांघीं', ओमकार कपिल ने 'जाना था हमसे दूर, बहाने बना दिए' और आशा लाल ने 'गिनती में जीरो का' सुनाकर कार्यक्रम को विविध रंग दिए। सुशील पुंडीर परिंदा ने 'जब भी आसमान में काले बादल देखता हूं', महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर ने 'जैं कांव कांव करदा, समझो ताली परौना आऊंदा' और अध्यक्ष सुरेंद्र मिन्हास ने 'चूहा मैं एक नन्हा सा, रहता तेरे घर में' जैसी रचनाओं से श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। अंत में मुख्य अतिथि रविंद्रनाथ भट्ठा ने मंच की गतिविधियों की सराहना करते हुए अपनी भावनात्मक रचना 'टूट जाती है हिम्मत पहाड़ों की भी, परिस्थितियां जब साथ नहीं देतीं' सुनाई। उनकी पंक्तियां श्रोताओं के हृदय को गहराई तक छू गईं। कार्यक्रम का समापन स्थानीय स्वाद कहलूरी धाम के सामूहिक आनंद के साथ हुआ, जिसने संगोष्ठी को यादगार बना दिया।

### सम्मानित साहित्यकार का परिचय

रविंद्रनाथ भट्ठा बिलासपुर के प्रख्यात साहित्यकार, शिक्षक और शिक्षाविद रहे हैं। उन्होंने कई दशकों तक शिक्षण कार्य करते हुए नई पीढ़ी को संस्कार और शिक्षा की राह दिखाई। उनकी रचनाएं सामाजिक सरोकार, मानवीय मूल्यों और पहाड़ी संस्कृति की झलक पेश करती हैं। सरल, सहज और प्रभावशाली लेखन शैली के कारण उन्हें साहित्यिक जगत में विशेष पहचान मिली है। स्थानीय भाषा और बोली को समर्पित उनकी रचनाएं क्षेत्रीय साहित्य को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

---

# मोरसिंधी मंडल अक्तूबर से करेगा रामलीला का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

रामलीला मंडल मोरसिंधी की कार्यकारिणी की बैठक आज सोसायटी भवन मोरसिंधी में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अक्तूबर माह के पहले सप्ताह से रामलीला का भव्य आयोजन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने आगामी आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। मंडल के प्रधान राहुल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार की रामलीला कई मायनों में विशेष होगी। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की अखंड ज्योति अमृतसर से विशेष रूप से लाई जाएगी। यह ज्योति पूरे रामलीला मंचन के दौरान प्रज्वलित रहेगी और इससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बनेगा।

रामलीला मंडल के निर्देशक सुनील चौहान ने कहा कि आयोजन में कलाकारों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। कलाकारों के लिए प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था रहेगी, वहीं रामलीला देखने आने वाले सभी भक्तजनों को प्रसाद एवं चाय-पानी भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार मंडल रामलीला के मंचन को आधुनिक तकनीकों और आकर्षक प्रस्तुति के साथ और भी मनमोहक बनाने जा रहा है। विशेष रोशनी, ध्वनि संयोजन और मंच सज्जा से रामलीला के हर दृश्य को जीवंत रूप दिया जाएगा ताकि दर्शक प्रभु श्रीराम की लीलाओं का अनुभव भक्ति और आनंद के साथ कर सकें।

बैठक में यह भी तय किया गया कि आयोजन के दौरान सामाजिक और धार्मिक वातावरण को और अधिक सशक्त बनाने के लिए स्थानीय जनता की सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर मदन लाल, अमन गर्ग, सुकांत चौहान, कशिश कुमार, शिवम शर्मा, अनुप कुमार, मनीष चौहान, विशाल, अनुराग, मुनीश कुमार और विकास शर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रहे। रामलीला मंडल मोरसिंधी के इस आयोजन को लेकर पूरे इलाके में पहले से ही उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार की रामलीला न केवल भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बनाएगी, बल्कि समाज को एकता और मर्यादा का संदेश भी देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### खजियार मार्ग 3 हफ्तों से बंद, बढ़ी परेशानी



**अनंत ज्ञान, धरवाला।** पर्यटन स्थल खजियार में जो मार्ग खजियार से साहूगलू नामक स्थान के लिए जाता है जो पिछले तीन हफ्तों से बंद पड़ा था जिससे राहगीरों वह स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों रंजू मदनलाल सुनील कुमार सतपाल विकास कुमार इत्यादि लोगों ने बताया कि जब प्रशासन की तरफ से कोई भी कार्रवाई यहां नहीं की गई तो स्थानीय लोगों ने बंद पड़े रास्ते को खोलने का निर्णय लिया ताकि स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। वहीं दूसरी तरफ लिंडीवेही नामक स्थान जो जगह-जगह अवरुद्ध हो चुका है जहां पर लोगों की गाड़ियां अभी भी मलबे में फंसी हुई है। लोगों ने बताया कि लिंडीवेही नामक स्थान पर फंसी गाड़ियों व रास्ते को बहाल करने में हमारी यथासंभव सहायता की जाए। वहीं बैंसका नामक गांव को जोड़ती एकमात्र पुली जो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है स्थानीय लोगों ने पुली को रिपेयर करने की मांग की है।

### 3 दिवसीय चंबा प्रवास पर जयराम व बिंदल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल बुधवार से तीन दिन के चंबा प्रवास पर हैं। इस दौरान दोनों नेता जिला चंबा में हाल ही में आई आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार वे पहले भटियात विधानसभा क्षेत्र के ककीरा, चंबी और डुंडियारा का दौरा करेंगे, इसके बाद डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के बाथरी, शिमनी और भलेई जाएंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस चंबा में रहेगा। 11 सितंबर को चंबा में पत्रकारवार्ता करने के बाद राख, धरवाला, दुनाली, होली और हडसर का दौरा करेंगे। 12 सितंबर को भरमौर विधानसभा क्षेत्र के लिल्ह में प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे।

### दो घर जमींदोज, 40 भेड़-बकरियां दबकर मरीं

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** बीते दिनों हुई भारी बारिश ने ग्राम पंचायत पूलन में भारी तबाही मचाई है। पंचायत प्रधान अनीता कपूर ने बताया कि इस आपदा में दो मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि चार घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। वहीं लैंडस्लाइड के चलते करीब 40 भेड़-बकरियां जिंदा दफन हो गईं। घटना की जानकारी मोबाइल नेटवर्क बहाल होने के बाद सामने आई। प्रशासन ने राजस्व, पशुपालन और पंचायती राज विभाग की टीमों को नुकसान का आकलन करने के लिए मौके पर भेजा है। पंचायत के सुपा, पालन, पूलन, सिरडी ठठान, डुग, जुकेड़, मेहतर और बगड़ू गांवों के लगभग 25 रास्ते पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। प्रधान ने कहा कि अगले दो दिनों में नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर विभाग को सौंपी जाएगी ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और क्षतिग्रस्त रास्तों का पुनर्निर्माण किया जा सके।

### पंडोह के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** मंडी जिला पंचायत अधिकारी अजित डोगरा ने मंगलवार को पंडोह पंचायत के विकासात्मक कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत घर के प्रांगण में बने सीएससी भवन और पुस्तकालय सभागार का अवलोकन किया। डोगरा ने पंचायत प्रधान गीता को बधाई दी और बताया कि सीएससी भवन सुंदर है, केवल आंतरिक सज्जा शेष है। उन्होंने कहा कि पंडोह में पुस्तकालय की आवश्यकता अत्यंत है, और विभाग की पहल से इसे जल्द शुभारंभ किया जाएगा, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं को लाभ मिलेगा। पंचायत प्रधान गीता ने बताया कि जिला पंचायत अधिकारी ने सीएससी के लिए 5 लाख और सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए 7 लाख रुपए मंजूर किए हैं। दोनों कार्य प्रगति पर हैं और शीघ्र शुरू किए जाएंगे, जिससे स्थानीय जनता को सीधे लाभ मिलेगा।

### मंडी कॉलेज को बीएड प्रवेश प्रक्रिया की अनुमति

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी को बीएड काउंसिलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की है। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि यह प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत राहतपूर्ण निर्णय है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के समक्ष महाविद्यालय का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा 02 सितंबर 2025 को एक आदेश में इस महाविद्यालय को बीएड पाठ्यक्रम की सौ सीटों की चल रही काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति प्रदान की। इस आदेश के बाद अब मंडी सहित आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थी भी सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी के माध्यम से बीएड प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. हरीश कुमार चौहान, डॉ. राजकुमार ठाकुर, डॉ. संजय नारंग तथा अधीक्षक खुशाल सिंह शामिल रहे।

### वरिष्ठ कल्याण परिषद की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की जिला मंडी की त्रैमासिक बैठक 11 सितंबर को वरिष्ठ नागरिक भवन मांडव चेरीटेबल ट्रस्ट जेल रोड में होगी। यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव तेज सिंह गुप्ता ने बताया कि जिला प्रधान रणपत सिंह राणा की अध्यक्षता में यह बैठक सुबह ठीक 11 बजे शुरू होगी। इसमें जिला की सभी इकाइयों के प्रधान, महासचिव व कोषाध्यक्ष एवं जिला के पदाधिकारी भाग लेंगे। सभी से अनुरोध किया गया है कि वह इस बैठक में जरूर भाग लें। बैठक में जिला स्तर पर पहली अक्टूबर को राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन करना, वर्षा ऋतु में भारी बारिश के कारण हुई जिला में प्राकृतिक आपदा को लेकर सहायता करने के बारे में विचार होगा। प्रधान ने सभी इकाइयों से आग्रह किया है कि यदि उन्होंने अभी तक अपना वार्षिक शुल्क जमा नहीं करवाया है तो वह इसे बैठक के दिन साथ लेकर आएं।

### पपराहल के संघर्ष ठाकुर देश सेवा को तैयार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी की सदर तहसील के गांव पपराहल के संघर्ष ठाकुर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्त कर सेना की वर्दी पहनने को तैयार हो गए हैं। उन्होंने चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में कठिन प्रशिक्षण पूरा कर यह गौरव हासिल किया है। केंद्रीय विद्यालय मंडी के विद्यार्थी और वल्लभ महाविद्यालय मंडी के स्नातक संघर्ष ठाकुर ने हमेशा पढ़ाई के साथ अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण को प्राथमिकता दी। दृढ़ निश्चय और परिश्रम के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि पाई है। संघर्ष के पिता श्याम लाल ठाकुर, जो सरदार पटेल विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त सेक्शन ऑफिसर हैं और माता रमा ठाकुर जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में फार्मेसी ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं ने बताया कि उनके बेटे ने हमेशा परिवार से मिली सादगी, ईमानदारी और कार्य के प्रति निष्ठा को अपनी प्रेरणा माना है। उन्होंने बताया कि संघर्ष इस समय चेन्नई में है और आगे की तैनाती की तैयारी कर रहे हैं। श्याम लाल ठाकुर ने कहा कि उनके बेटे का मानना है कि सफलता का अर्थ असफलता से बचना नहीं, बल्कि कठिनाइयों के बावजूद निरंतर आगे बढ़ते रहना है। हर रैंक के पीछे वर्षों की मेहनत, अनुशासन और परिवार के त्याग छिपे होते हैं।

### प्रभावितों के लिए एक लाख का योगदान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिले में हाल ही में आई आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए करसोग स्थित भारद्वाज शिक्षण संस्थान आगे आया है। संस्थान ने आज उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को एक लाख रुपये की धनराशि का चेक भेंट किया। यह चेक संस्थान के अध्यक्ष धर्मपाल चौहान और कार्यकारी प्रधानाचार्य सीमा ठाकुर ने सौंपा। उपायुक्त ने इस योगदान के लिए संस्थान का आभार जताते हुए कहा कि यह राशि प्रभावित लोगों को राहत व पुनर्वास कार्यों में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने संस्थान की संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना की सराहना की। संस्थान के निदेशक ने बताया कि आपदा के कारण शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ तथा विद्यार्थी गहरे दुःख में थे। सभी ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि इस वर्ष वार्षिक समारोह आयोजित नहीं किया जाएगा और उस पर होने वाला व्यय आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए प्रशासन को भेंट किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिलेवासियों से भी अपील की कि वे आगे बढ़कर जरूरतमंद परिवारों की मदद करें और प्रशासन को राहत कार्यों में सहयोग दें।

# भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, मैहला पंचायत की प्रधान निलंबित

## पूर्व सैनिक रमेश कुमार का आमरण अनशन बना निर्णायक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला प्रशासन ने पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए ग्राम पंचायत मैहला की प्रधान राधा देवी को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला मनरेगा योजना से जुड़ा हुआ है, जिसमें जांच के दौरान यह पाया गया कि प्रधान ने नियमों की पूरी तरह अनदेखी करते हुए गुजरात टाइल एंड सेनेटरी स्टोर, भद्रम, सरोल को 42,48,300 रुपये का अग्रिम भुगतान कर दिया।

खंड विकास अधिकारी द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ कि प्रधान द्वारा प्रस्तुत उत्तर न केवल असत्य बल्कि असंतोषजनक भी है। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत अधिकारी तिलक राज ने पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 145(1)(ग) व नियम 142(1)(क) के तहत कार्रवाई कर प्रधान राधा देवी का

**नियमों की अवहेलना कर 42 लाख से अधिक का अग्रिम भुगतान**

निलंबन आदेश जारी किया। साथ ही निर्देश दिए गए कि यदि उनके पास पंचायत की कोई चल-अचल संपत्ति है तो उसे तत्काल पंचायत सचिव के हवाले किया जाए।

इस कार्रवाई के पीछे पूर्व सैनिक रमेश कुमार का संघर्ष निर्णायक साबित हुआ। भ्रष्टाचार के खिलाफ उन्होंने आमरण अनशन का रास्ता अपनाया और लगातार दो दिन तक भोजन त्यागकर न्याय की मांग की। रमेश कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि अगर सोमवार तक कार्रवाई नहीं की गई तो मंगलवार से पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज भी उनके आंदोलन से जुड़ जाएंगे। प्रशासन ने हालात की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को ही त्वरित फैसला लिया और प्रधान को निलंबित कर दिया। इससे न केवल अनशन पर बैठे रमेश कुमार को न्याय मिला बल्कि क्षेत्र की जनता में भी प्रशासन की साख मजबूत हुई है।

गौरतलब है कि पंचायत स्तर पर मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाती हैं। ऐसे में यदि इनके क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार और नियमों की अवहेलना होगी तो गरीब और जरूरतमंद लोगों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पाएगा। जिला प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई ने एक संदेश दिया है कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। पूर्व सैनिक रमेश कुमार के इस संघर्ष ने यह साबित कर दिया है कि ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के आगे भ्रष्टाचार को झुकना ही पड़ता है।

# गरीब, आपदा प्रभावितों की मदद के लिए सरकार ने लिए संवेदनशील और ऐतिहासिक निर्णय: नीरज

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** प्रदेश पिछले कुछ वर्षों से लगातार प्राकृतिक आपदाओं और भारी बारिश से जूझ रहा है। जान-माल और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे कठिन हालात में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने वित्तीय बोझ की परवाह किए बिना आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि गरीब, असहाय और आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए सरकार ने संवेदनशील और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि चंबा सहित प्रदेश की जनता इस पहल के लिए मुख्यमंत्री की ऋणी है। विधायक नैय्यर ने पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों से राजनीति से ऊपर उठकर राहत योजनाओं को सही पात्रों तक पहुँचाने की अपील की। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रशासन सक्रियता से कार्य करेगा, ताकि हर जरूरतमंद तक यह मदद पहुंच सके। यह कदम न सिर्फ राहत बल्कि प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और जनहितैषी दृष्टिकोण का भी प्रमाण है।



### मकान के लिए 7 लाख रुपए की राहत

**सरकार** ने पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए 7 लाख, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए 1 लाख, दुकान या ढाबे के नुकसान पर 1 लाख, घर के सामान पर 70 हजार और किरायेदारों के सामान के नुकसान पर 50 हजार रुपये की राहत तय की है। वहीं, पूरी तरह क्षतिग्रस्त गौशाला पर 50 हजार और घर से मलबा हटाने के लिए भी 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### खेतीबाड़ी व पशुधन के लिए मिलेगा मुआवजा

खेतीबाड़ी क्षेत्र में पॉलीहाउस क्षति पर 25 हजार, खेतों/बगीचों से मलबा हटाने पर 6 हजार रुपये प्रति बीघा, भूमि नुकसान पर 10 हजार और फसल नुकसान पर 4 हजार रुपये प्रति बीघा सहायता दी जाएगी। पशुधन के लिए बड़े दुधारू पशु की मृत्यु पर 55 हजार और भेड़-बकरी की मृत्यु पर 9 हजार रुपये प्रति पशु मुआवजा मिलेगा।

### मनरेगा और सड़क मरम्मत में किया बदलाव

**सरकार** ने सड़कों की मरम्मत और खोलने के लिए अतिरिक्त राशि जारी करने का निर्णय लिया है। मनरेगा योजना में निजी भूमि सुधार की सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 2 लाख की गई है। उपायुक्तों को पंचायत शेल्फ स्वीकृत करने और 20 कार्यों की सीमा से छूट देने का अधिकार दिया गया है। आपदा से प्रभावित अन्य कार्यों की स्वीकृति का अधिकार भी उपायुक्तों को दिया गया है।

# सड़क दुरुस्त होने के बाद भी नहीं पहुंच रही एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मेडी से कुठार, धनौता होते हुए मौआ तक जाने वाली सड़क पूरी तरह दुरुस्त और आवागमन योग्य है, लेकिन इसके बावजूद पिछले दो वर्षों से इस मार्ग पर एम्बुलेंस सेवा नहीं चलाई जा रही है। बीमार लोगों और ग्रामीणों को समय पर चिकित्सकीय सहायता नहीं मिल पाने से क्षेत्र की जनता लगातार परेशान है।

स्थानीय निवासी चमारू राम ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन दोनों ही इस गंभीर समस्या पर मौन हैं। इतना ही नहीं, संबंधित व्यक्ति ने इस मामले में एचपीपीडब्ल्यूडी (HPPWD) से (RTI) के तहत जानकारी भी हासिल की है और उसकी प्रति संबंधित विभाग को सौंप दी है। इसके बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं और एम्बुलेंस बीमार लोगों को



**स्थानीय निवासी चमारू राम ने कई बार संबंधित अधिकारियों व प्रशासन से लगाई गुहार**

लाने के लिए नहीं भेजी जा रही। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति बिल्कुल सही होने के बावजूद यदि एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं होगी तो आपात स्थिति में मरीजों की जान पर बन सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की जाए और क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान की जाए। यह मामला अब प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है कि आखिर क्यों एक दुरुस्त सड़क पर एम्बुलेंस सेवा बाधित है, जबकि लोगों की जान इससे जुड़ी हुई है।

# खराब सड़क ने बढ़ाई सेब बागवानों की मुश्किलें

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** भारी बारिश के बाद चंबा-भरमौर सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे भरमौर जनजातीय क्षेत्र के सेब बागवान बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। निचले इलाकों में सेब की फसल पूरी तरह तैयार है, लेकिन खराब मार्ग के चलते मंडियों तक फसल पहुंचाना मुश्किल हो गया है।

हर साल मणिमहेश यात्रा के दौरान हजारों यात्री अपने वाहनों में सेब के डिब्बे खरीदकर ले जाते थे, जिससे बागवानों को सड़क पर ही बिक्री हो जाती थी। मगर इस बार भारी बारिश के कारण यात्रियों की संख्या बहुत कम रही और जो आए उनके वाहन भरमौर में ही फंसे हुए हैं। इस कारण बागवानों के हजारों डिब्बे सड़कों के किनारे पड़े हैं और उनके खराब होने का खतरा बढ़ गया है।



मणिमहेश यात्रियों की कमी व मार्ग अवरुद्ध होने से मंडियों तक नहीं पहुंच रहे सेब।

बागवानों रिशु, जोगिंदर, रवि, दिला राम और नंदलाल ने बताया कि इस बार सेब की बंपर फसल है और वे खुद फसल मंडियों तक ले जाने की योजना बना रहे थे। मगर मार्ग अवरुद्ध होने से यह संभव नहीं हो पा रहा।

एडीएम भरमौर कुलवीर राणा ने कहा कि मार्ग को खोलने के लिए दिन-रात काम जारी है और उम्मीद है कि एक-दो दिन में छोटे वाहनों के लिए सड़क बहाल हो जाएगी।

# सालूणी में 500 से 550 मकान क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, सालूणी।** विकास खंड सालूणी में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा ने बड़ी तबाही मचाई है। बीडीओ कंवर सिंह के अनुमान के अनुसार इस आपदा से लगभग 500 से 550 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल प्रारंभिक और अनुमानित आंकड़ा है और प्रभावितों की वास्तविक स्थिति का पूरी तरह से आंकलन अभी जारी है। बीडीओ कंवर सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए खुद फील्ड स्तर पर कई पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद और राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन प्रभावितों की मदद के लिए पूरी तरह सक्रिय है और राहत तथा पुनर्वास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की तत्परता की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि जल्दी ही प्रभावित परिवारों को आवास और आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

# दिनेश पुनः बने आईएमए आयुष हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) आयुष के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर नरेश छवन्निया ने डॉक्टर दिनेश कुमार को पुनः हिमाचल प्रदेश इकाई का राज्याध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही राज्य कार्यकारिणी और सभी जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई है। घोषित टीम में मुख्य संरक्षक की जिम्मेदारी डॉक्टर बलदेव अवस्थी (कुल्लू) को दी गई है, जबकि सलाहकारों, उपाध्यक्षों, महासचिवों और सचिवों के पद पर विभिन्न जिलों से वरिष्ठ चिकित्सकों को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्षों में बिलासपुर से डॉक्टर प्रदीप गुलेरिया, चंबा से डॉक्टर अवधेश पंडित, हमीरपुर से डॉक्टर रमेश भारद्वाज, कांगड़ा से डॉक्टर साहिब सिंह दबकू सहित कुल 12 जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि नई कार्यकारिणी शीघ्र ही मुख्यमंत्री, आयुष मंत्री और विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर प्रदेश में आयुष चिकित्सा सेवाओं के विस्तार पर चर्चा करेगी।

# भाजपा नेता कर रहे प्रभावितों की मदद

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। प्रदेशभर में सड़कें बंद हैं, घर ढह गए हैं और अनेक परिवार कठिनाई का सामना कर रहे हैं। इसी बीच डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को धर्मशाला में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे हैं। विधायक ठाकुर ने कहा कि हम भी आज धर्मशाला में हैं, लेकिन डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं। वे प्रभावित परिवारों तक पहुंचकर राहत सामग्री उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद परिवार तक समय पर सहायता पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने आपदा की इस घड़ी में मानव सेवा को प्राथमिकता दी है और गांव-गांव जाकर लोगों को खाद्य सामग्री, आवश्यक वस्तुएं और अन्य मदद पहुंचाई जा रही है। विधायक ठाकुर ने आश्वस्त किया कि डलहौजी क्षेत्र में कोई भी परिवार मदद से वंचित नहीं रहेगा और भाजपा कार्यकर्ता हर मोर्चे पर जनता के साथ खड़े रहेंगे।

# माता त्रिपुरी भैरवा मेले में महिलाओं ने मचाया धमाल



**अनंत ज्ञान, पंडोह**

माता त्रिपुरी भैरवा मेला स्योग का तीसरा दिन महिला शक्ति को समर्पित रहा। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजी महिलाओं ने मेला मैदान को जीवंत बना दिया। अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी पेश की। शिव शंकित महिला मंडल खनीरली के समूह गान और पहाड़ी नाटी ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

वहीं, स्वयं सहायता समूह त्रियंबाला की महिलाओं ने भी मंच पर धमाल मचाया। हर्षिता और भवानी के नृत्य ने साबित किया कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। भैरवा

**नाटी के रंग में नाच उठा पूरा पंडाल, तीसरा मेला महिला शक्ति के नाम**

महिला मंडल जागर और विकास महिला मंडल सराड़ा की प्रस्तुतियों ने भी खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर मुख्यातिथि नोबल स्कूल एवं कॉलेज पंडोह की प्रधानाचार्य प्रीत किरण ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। मेला कमेटी की अध्यक्ष एवं स्योग पंचायत प्रधान वीना महंत ने उन्हें सम्मानित किया। प्रीत किरण ने कहा कि यह मेला न केवल हमारी देव संस्कृति और एकता का प्रतीक है, बल्कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और आत्मविश्वास का परिचायक भी है।

# कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर बनाला में दरकी पहाड़ी

## भूस्खलन से मंडी-कुल्लू मार्ग दो घंटे रहा बंद, गिर रहे पत्थर बने खतरा

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** मंगलवार सुबह किरतपुर-मनाली फोरलेन पर उस समय हड़कंप मच गया जब सुबह करीब 6 बजे मंडी-कुल्लू एनएच पर बनाला के पास अचानक भूस्खलन हो गया। सबसे चौंकाने वाली बात ये रही कि क्षेत्र में कहीं बारिश नहीं हुई थी, फिर भी पहाड़ियों से पत्थरों का गिरना शुरू हो गया, जिससे सफर बेहद जोखिम भरा हो गया।एनएचएआई की मशीनें मौके पर तैनात थीं, जिन्होंने लगभग सुबह 8 बजे तक मार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया। इस दौरान करीब दो घंटे तक मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह बंद रहा। औट पुलिस थाना ट्रैफिक इंचार्ज गुलजार मोहम्मद ने जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही पत्थर गिरने शुरू हुए, ट्रैफिक को दोनों ओर से तुरंत रोक दिया गया। गनीमत यह रही कि उस समय कोई वाहन मलबे की चपेट में नहीं आया। यह पहला मौका नहीं है जब इस क्षेत्र में बिना बारिश के भूस्खलन हुआ हो।



कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर पहाड़ी से गिर रहे पत्थर बने जानलेवा।

पंडोह से लेकर बनाला और पनारसा तक का मार्ग अब एक खतरनाक ज़ोन बनता जा रहा है। जोगणी मोड़, झलोगी और बनाला ऐसे संवेदनशील स्थान हैं, जहां सूखे मौसम में भी पहाड़ी दरकने लगी है। प्रशासन और पुलिस की ओर से लगातार यात्रियों से अपील की जा रही है कि इस मार्ग पर यात्रा करते समय खास एहतियात बरतें। एनएचएआई भी संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी और मशीनरी की तैनाती में जुटा हुआ है। बिना बारिश के भूस्खलन की घटनाएं विशेषज्ञों के लिए भी चिंता का विषय हैं। जानकारों के अनुसार, कटिंग के दौरान की गई लापरवाहियां, भारी ट्रैफिक का दबाव और पहाड़ी सतह की कमजोर बनावट इसके पीछे संभावित कारण हो सकते हैं। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने हाईवे की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नोटंकी छोड़ो और जनता की सेवा करो : रजत ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भाजपा नेता रजत ठाकुर ने क्षेत्रीय विधायक पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि विधायक को अब नोटंकी और दिखावे की राजनीति छोड़कर जनता की सेवा करनी चाहिए, क्योंकि जनता ने उन्हें विकास कार्यों और समस्याओं के समाधान के लिए चुना है।

ठाकुर ने कहा कि जनता उम्मीद लेकर वोट देती है, लेकिन जब प्रतिनिधि केवल बयानबाजी और दिखावे में उलझ जाते हैं तो क्षेत्र का विकास ठप पड़ जाता है। उन्होंने साफ कहा कि अब समय आ गया है कि विधायक जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनें और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाएं, तभी जनता का विश्वास बना रह सकता है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा सदैव जनता के साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं को उठाने का काम करती रहेगी। यह बातें धर्मपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्यासी रहे रजत ठाकुर ने एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि धर्मपुर जब विकट परिस्थिथिओं का सामना कर रहा है आपदा में दर्जनों परिवार बेघर हुए हैं दर्जनों सड़क मार्ग दो से अढ़ाई महीने से बंद पड़े हैं।

निर्माणाधीन राष्ट्रीए उच्च मार्ग धर्मपुर, बनाल सहित कई जगह बंद पड़ा है और धर्मपर का विधायक जिसे धर्मपुर की जनता ने धर्मपुर की भलाई के लिए चुना है वो ड्रामे करने में व्यस्त है, जबकी असल में ऐनएच कंपनी के साथ जो सौदे बाजी अंदर दी टेबल हुई है। इसके सबूत भी उनके पास मौजूद हैं आज कंपनी जब उस सौदे बाजी से आनकानी करके ठेकेदारों के करोड़ों रुपए देने से आनकानी कर रही है। इसमें विधायक की भी हिसेदारी की बु आ रही है उस सबकी बसूली के लिए पिछली रात से की धर्मपुर की बाउंड्री पर तम्बू लगाकर नौटंकी की जा रही है।



मकान क्षतिग्रस्त होने के बाद हुए नुकसान का पूर्व सीपीएस सोहन लाल जायजा लेते हुए।

# सिहल गांव में वर्षा से जमींदोज मकानों का सोहन लाल ठाकुर ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

डैहर उपतहसील की ग्राम पंचायत जांबला के सिहल गांव में भारी वर्षा से गत दिनों दो मकान क्षतिग्रस्त होने के बाद हुए नुकसान का पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने मंगलवार दोपहर बाद पहुंचकर जायजा लिया।

उन्होंने प्रभावित परिवारों के मुखिया कुलदीप और हरिचंद से मुलाकात कर उनके दुख-दर्द को साझा किया और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। पूर्व सीपीएस ने कहा कि सरकार और प्रशासन से प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने मकान के नुकसान पर गहरा दुख जताया और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोग और पार्टी कार्यकर्ता भी उनके साथ उपस्थित रहे।

# सब कुछ तबाह होने पर धरने पर बैठे धर्मपुर के विधायक : माकपा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पिछली रात को अवाहदेवी में टिहरा चौक पर धरने पर बैठ गए हैं, जिसकी बजह उन्होंने गत रोज केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के परियोजना निदेशक जो हमीरपुर में बैठते हैं उनको विधायक व एसडीएम द्वारा वहां बुलाने पर न आने और फिर उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग 003 के निर्माण में अब तक बरती जा रही लापरवाही के साथ जोड़ दिया और बहुत से मुद्दे सोशल मीडिया के माध्यम जोड़ दिए तथा अब परियोजना निदेशक को यहां से बदलने की मांग प्रमुख बना कर धरना जारी रखा है।

इस पर माकपर के सचिव व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक का ये कदम उनकी हताशा को दर्शाता है और यदि ये धरना उनको उस समय देना चाहिए था जब गावर, सूर्या व बीआरएन के मनमर्जी के निर्माण कार्य के कारण दर्जनों घर लोगों ने खाली कर दिए हैं और सैंकड़ों घर गिरने के कगार पर हैं। लोगों हजारों बीघा जमीन खराब कर दी है। कंपनी ने पिछले सालों ने अवैध रूप से कटिंग, ब्लास्टिंग, खनन करके धर्मपुर की दो दर्जन ग्राम पंचायतों को सीधे तौर पर प्रभावित किया है।

पाड़छु पुल डालने के लिए खड्ड में डाली गई हजारों टन मलवा डाल दिया था, जो धर्मपुर होते हुए ब्यास नदी में पहुंच गया है। यही नहीं हिमाचल किसान सभा फरवरी महीने से ही इसके खिलाफ सड़कों पर उतर कर दर्जनों धरने दिए और कंपनी पर एफआईआर दर्ज करने के लिए 4 जून को सरकाघाट और 23 को धर्मपुर थाने में शिकायतें एफआईआर दर्ज करने के लिए दी हैं। उन पर अभी तक पुलिस ने कंपनी पर एफआईआर दर्ज नहीं की है, जिसके बारे 15 अगस्त को सरकाघाट में मुख्यमंत्री को मिलकर भी मांगपत्र विधायक की उपस्थिति में दिया था, लेकिन उसके बाद भी कंपनी पर केस दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इतना सब कुछ होने पर विधायक मौन धारण किए हुए थे।

**जिस** दिन आपके सामने कोई समस्या न आए, आप यकीन कर सकते हैं कि आप गलत रास्ते पर चल रहे हैं। –**स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# जख्मों पर मरहम

बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने पूरे हिमाचल प्रदेश को हिलाकर रख दिया है। सैकड़ों घर जमींदोज हो गए हैं और हजारों लोग बेघर हैं। जीनजीवन अस्त-व्यस्त है। हिमाचल में अब तक 4122 करोड़ रुपए की संपत्ति नष्ट हो चुकी है। इन हालातों ने हिमाचल की नाजुक अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे को गहरी चोट पहुंचाई है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल का दौरा और 1500 करोड़ रुपए की तत्काल वित्तीय सहायता की घोषणा निश्चित तौर पर जख्मों पर मरहम रखने जैसा कदम है। पीएम ने आपदा प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर हालात को करीब से देखा और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। साथ ही मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा भी की गई। हालांकि, राहत की यह राशि हुए नुकसान के मुकाबले बहुत कम है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने विशेष आपदा पैकेज की मांग की थी, लेकिन केंद्र सरकार ने अभी इस पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया है। हकीकत यह है कि 1500 करोड़ रुपए हिमाचल की तबाही की तुलना में एक मामूली सहारा ही कहा जा सकता है।

विपक्षी भाजपा इसे पीएम मोदी की उदारता बता रही है, जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस इसे नाकाफी बता रही है। यह राजनीतिक बयानबाजी अपने-अपने हिसाब से हो सकती है, लेकिन सच यही है कि हिमाचल को अभी और बड़े आर्थिक सहयोग की सख्त जरूरत है। प्रदेश सरकार ने अपने स्तर पर राहत पैकेज घोषित किया है। जिनके घर पूरी तरह ढह गए हैं उन्हें सात लाख रुपए, आंशिक नुकसान वालों को एक लाख रुपए, दुकानों व ढाबों को एक लाख, किराएदारों को 50 हजार और मकान मालिकों को 70 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। मवेशियों के नुकसान पर 55 हजार और गोशाला बनाने को 50 हजार रुपए दिए जाने का प्रावधान है। खेती-बागवानी के नुकसान पर भी अलग-अलग मुआवजे की घोषणा की गई है। यह राहत पैकेज कागज पर भले पर्याप्त लगे, मगर जमीनी सच्चाई यह है कि प्रभावित परिवारों को अपने जीवन को दोबारा पटरी पर लाने के लिए इससे कहीं ज्यादा सहयोग की आवश्यकता है। प्राकृतिक आपदाएं न सिर्फ इंसानी जान लेती हैं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को भी तोड़ देती हैं।

हिमाचल की स्थिति और ज्यादा गंभीर इसलिए भी है, क्योंकि इसकी आर्थिकी का मुख्य आधार पर्यटन है। मानसून की इस तबाही के चलते पूरा पर्यटन सीजन चौपट हो गया है। सड़कें टूटी हैं, होटल व गेस्ट हाउस खाली पड़े हैं और बाहर से आने वाले पर्यटक हिमाचल आने से कतराने लगे हैं। यह परिस्थिति सिर्फ वर्तमान की नहीं, बल्कि आने वाले महीनों तक असर डालने वाली है। जब तक बुनियादी ढांचा दुरुस्त नहीं होगा, तब तक पर्यटकों की वापसी भी मुश्किल होगी। इसका सीधा असर राज्य की जीडीपी, रोजगार और राजस्व पर पड़ेगा। इसलिए हिमाचल को केंद्र से विशेष राहत पैकेज मिलना ही चाहिए, ताकि न सिर्फ प्रभावित परिवारों कोराहत मिले, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें।

अब सवाल उठता है कि ऐसे वक्त में हिमाचल अपनी मदद खुद कैसे कर सकता है? सबसे पहले राज्य सरकार को अपने संसाधनों का ईमानदारी से आकलन करना होगा। टैक्स वसूली, खनन नीति, पर्यटन कर, बिजली उत्पादन से प्राप्त आय जैसे क्षेत्रों में सुधार कर अतिरिक्त राजस्व जुटाना जरूरी होगा। साथ ही प्रदेश के उद्योगपतियों और कारोबारी घरानों को भी आगे आकर मदद करनी चाहिए। आपदा राहत कोष में योगदान सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को इसमें अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। देश-विदेश की समाजसेवी संस्थाएं भी इस दिशा में मददगार साबित हो सकती हैं। अगर सही रणनीति बनाई जाए तो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और प्रवासी भारतीयों से भी हिमाचल को राहत सहायता मिल सकती है। जरूरत इस बात की है कि राज्य सरकार इस आपदा को सिर्फ मुआवजा वितरण तक सीमित न रखे, बल्कि एक दीर्घकालिक पुनर्वास और पुनर्निर्माण नीति पर अमल करे। आपदा ने यह भी साबित कर दिया है कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में आपदा प्रबंधन की तैयारी कितनी कमजोर है।

हर साल बादल फटना, भूस्खलन होना और सड़कें टूटना अब आम हो चुका है। ऐसे में राहत राशि बांटने से ज्यादा जरूरी है कि ठोस बुनियादी ढांचा तैयार किया जाए। नदी-नालों का वैज्ञानिक प्रबंधन, पहाड़ों पर अनियंत्रित निर्माण पर रोक और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों के आधार पर योजनाओं को मंजूरी देना, यह सब कदम अनिवार्य हो गए हैं। हिमाचल के लिए यह वक्त सिर्फ पुनर्निर्माण का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी है। अगर हम इस आपदा से सबक लेकर भविष्य के लिए ठोस तैयारी करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को इस तरह की तबाही से बचाया जा सकेगा। उम्मीद है कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस संकट से पार पा लेंगे और हिमाचल एक बार फिर खड़ा होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### असम के प्रसिद्ध कवि और साहित्यकार



नीलमणि फूकन
जन्म: 10 सितंबर, 1933

**नीलमणि** फूकन भारतीय राज्य असम के प्रसिद्ध कवि और साहित्यकार हैं। वह 'जनकवि' के रूप में जाने जाते हैं। असमिया साहित्य में उन्हें ऋषि तुल्य माना जाता है। असमिया साहित्य में विशेष स्थान रखने वाले नीलमणि फूकन पद्म श्री, साहित्य अकादमी पुरस्कार, असम वैली अवार्ड, 56वां ज्ञानपीठ पुरस्कार तथा साहित्य अकादमी फैलोशिप सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके हैं। ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले वह असम से तीसरे साहित्यकार हैं। असम के गोलघाट जिले में जन्मे नीलमणि फूंकन मूलत: असमिया भाषा के भारतीय कवि और कथाकार हैं। 1961 में गुवाहाटी विश्वविद्यालय से इतिहास में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद 1964 में गुवाहाटी में आर्य विद्यापीठ कॉलेज में व्याख्याता के रूप में करियर की शुरुआत की, जहां वे 1992 में अपनी सेवानिवृत्ति तक कार्यरत रहे। सुप्रसिद्ध कथाकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार प्रतिभा राय की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में वर्ष 2020 के लिए असमिया साहित्यकार नीलमणि फूकन को 56वां ज्ञानपीठ पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया था। ■



कविता

### कब पीछा छोड़ेगी बारिश

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार,हिमाचल प्रदेश

*कब पीछा छोड़ेगी बारिश, मुंह कब तू मोड़ेगी बारिश।*
*लील लिए हैं जीवन कितने, घर कितने तोड़ेगी बारिश।*
*कब पीछा छोड़ेगी बारिश..........*
*बहुत भयावय तेरा आना, भेद तेरा न हमने जाना।*
*बूंदें मिल-मिल बन गया बादल, क्या-क्या न जोड़ेगी बारिश।*
*कब पीछा छोड़ेगी बारिश..........*
*तबाह धराली किया है तूने, स्वाह मनाली किया है तूने।*
*न छोड़ी है छोटी काशी, अब क्या-क्या फोड़ेगी बारिश*
*कब पीछा छोड़ेगी बारिश..........*
*चट्टानें और पेड़ संहारे, अनजाने मारे बेचारे।*
*हुए धराशाई चौबारे, अब कितना दौड़ेगी बारिश।*
*कब पीछा छोड़ेगी बारिश..........कब पीछा छोड़ेगी बारिश..........*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पाकिस्तान से क्रिकेट खेलना सैन्य बलिदान का अपमान







प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

खेल प्रतिस्पर्धाएं विश्व में आपसी सौहार्द बढ़ाने का एक बड़ा माध्यम है। खेल संस्कृति के दृष्टिकोण पर गौर करें तो बड़े से बड़े खिलाड़ी भी खेल मैदान पर शालीनता, मैत्रीपूर्ण व सकारात्मक तरीके से खेलना पसंद करते हैं। जीत-हार खेल के दो पहलू हैं। खेल का परिणाम जो भी हो प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करके जीत व हार को विनम्रता से स्वीकार करना खिलाड़ी व खेल की महानता को दर्शाता है। अंग्रेजों ने क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' कहा था, लेकिन खेल के मैदान में यदि प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान हो तो नैतिकता व शिष्टाचार वजूद तराशते हैं। क्रिकेट में पाकिस्तान भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चार युद्धों को अंजाम देकर कई आतंकी हमले भी कराए। हजारों सैनिक व सैकड़ों बेगुनाह लोग मारे गए मगर पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी में कोई बदलाव नहीं हुआ। सन् 1949 में कश्मीर युद्ध की जंगबंदी का एलान हुआ।

28 जुलाई 1952 को इंग्लैंड के लॉर्ड्स में 'इंपीरियल क्रिकेट कॉन्फ्रेंस' में भारत ने सिफारिश करके पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट का दर्जा दिलाने में अहम किरदार अदा किया। उसके बाद पाकिस्तान ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच अक्टूबर 1952 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर भारत के खिलाफ खेला था। भारत-पाक की उस टेस्ट सीरीज में 'अब्दुल हफीज कारदार' पाक टीम के कप्तान थे। विभाजन से पूर्व हफीज कारदार भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। कंगाली से जूझ रही पाक क्रिकेट टीम सन् 1952 में जब भारत के दौरे पर आई तो उनकी पूरी आर्थिक मदद 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड' ने की थी। इस बात को पाकिस्तानी लेखक 'उमर नोमान' ने अपनी किताब 'ए हिस्ट्री ऑफ क्रिकेट इन पाकिस्तान' में तफसील से बयान किया था। 'भोपाल रियासत' से ताल्लुक रखने वाले व पाक क्रिकेट बोर्ड के चीफ रहे 'शहरयार खान' ने भी उस बात को तसलीम किया था।

भारतीय इतिहासकार 'रामचंद्र गुहा' ने भी अपनी किताब 'ए कार्नर ऑफ ए फॉर्नर फील्ड' में लिखा था कि बीसीसीआई ने वित्तीय मदद से पाक क्रिकेट की बुनियाद को मजबूत किया था। मगर पाकिस्तान ने अपनी आवाम को क्रिकेट के लिए भारत का एहसान कभी नहीं बताया। एहसान फरामोशी की हद देखिए भारत की आर्थिक मदद से पाक क्रिकेट टीम सन् 1952 में जब हिंदोस्तान के दौरे पर आई तो टीम कैप्टन कारदार का दिमाग कश्मीर की वादियों में घूम रहा था। टेस्ट सीरीज खत्म होते ही अब्दुल हफीज कारदार ने कश्मीर को पाकिस्तान का अभिन्न अंग बता कर एक नया विवाद खड़ा कर दिया। कारदार के उस विवादास्पद बयान को खेल भावना के खिलाफ मानकर भारत की तत्कालीन हुकूमत ने अब्दुल हफीज कारदार को भविष्य में भारत आने पर प्रतिबंध लगा दिया था। सन् 1986-87 के दौर में भारतीय सेना सियाचिन गलेश्यिर के महाज पर कब्जा करने के लिए पाक सेना से संघर्ष कर रही थी।

हमारे सैनिक बलिदान हो रहे थे। पंजाब सूबे में पाक परस्त आतंक चरम पर था मगर उसी दौरान 21 फरवरी 1987 को पाकिस्तान में आतंकवाद के जनक जनरल 'जिया उल हक' भारत और पाक के बीच जयपुर टेस्ट मैच देखने के बहाने दिल्ली में तशरीफ ले आए। दिल्ली से पाकिस्तान वापसी के वक्त जिया उल हक ने एक मखसूस लहजे में जिक्र किया था कि भारत और पाक के बीच अगली जंग पारंपरिक नहीं, बल्कि परमाणु युद्ध होगा। जिया उल हक का वो बयान सियाचिन पर पाक सेना की शर्मनाक शिकस्त की बौखलाहट थी। जनवरी 199 में पाक फौज कारगिल में घुसपैठ कर चुकी थी।

जून 19 में कारगिल युद्ध चरम पर था। जंग के मैदान से भारतीय सैनिकों की लाशें ताबूतों में आ रहीं थीं, मगर आठ जून 1999 को भारत व पाक के दरम्यान विश्व कप का मैच खेला गया। कारगिल युद्ध समाप्त हुआ पाक परस्त आतंकियों ने 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हमला कर दिया। जिसमें नौ सुरक्षाकर्मियों ने शहादत को गले लगाकर हमारे मुल्क के सियासी हुक्मरानों को महफूज बचा लिया था। भारतीय सेना 'ऑपरेशन पराक्रम' के तहत सरहदों पर पहुंच चुकी थी। मगर कारगिल जंग का गुनाहगार पाक जरनैल 'परवेज मुशर्रफ' 14 जुलाई 2001 को 'आगरा समिट' के बहाने अपनी बेगम के साथ ताजमहल का दीदार करने भारत पहुंच गया।

मुशर्रफ का भारत में आना कारगिल युद्ध के बलिदानी सैनिकों व सैन्य परिवारों का अपमान था। 24 सितंबर 2002 को अक्षरधाम हमला हुआ। मगर सन् 2004 में भारतीय टीम पाकिस्तान के दौरे पर थी। 16 अप्रैल 2005 परवेज मुशर्रफ अजमेर शरीफकी चौखट पर सजदा कर रहा था। सन् 2006 में तथा जून 2008 में 'एशिया कप' के लिए भारतीय टीम एक बार फिर पाक दौरे पर थी। उसके ठीक बाद 26 नवंबर 2008 को पाक पोषित आतंकियों ने मुंबई पर हमला करके 166 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। मगर 30 मार्च 2011 को पाक वजीरे आजम 'यूसुफ रजा गिलानी' वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल देखने के लिए 'मोहाली' में तशरीफले आए थे। सन् 2012-13 में पाक टीम भारत के दौरे पर थी। पाकिस्तान से क्रिकेट डिप्लोमेसी के जरिए भारत एक मुद्दत से संबंध सुधारने में लगा रहा, लेकिन पाकिस्तान आतंक के जरिए भारत को गहरे जख्म देता रहा। अप्रैल 2025 में पाक परस्त आतंकियों द्वारा पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों की कत्लोगारत के जख्म अभी ताजा हैं। अब एशिया कप में भारत-पाक की क्रिकेट टीमें जल्द ही आमने-सामने होंगी। न्यूज चैनलों व यू ट्यूब चैनलों पर पाकिस्तानी क्रिकेटरों व फनकारों के भारत विरोधी बयान सरेआम सुने जा सकते हैं। पहलगाम आंतकी हमले के रद्देअमल में भारत सरकार ने 'सिंधू जल समझौता' रद्द करके पाक के कई न्यूज व यू ट्यूब चैनल भी बंद किए हैं। उसी प्रकार मातृभूमि की रक्षा में बलिदान हो रहे सैनिकों के सम्मान में भारत को आतंकी मुल्क से क्रिकेट डिप्लोमेसी भी खत्म करनी होगी।

भारतीय मीडिया को अपने न्यूज चैनलों पर पाकिस्तानियों को गुफ्तगू के लिए दावत देना भी बंद करना होगा। देश के हुक्मरानों को वतन ए अजीज के लिए शहादत को गले लगाने वाले सैनिकों तथा सैन्य परिवारों के जज्बातों का सम्मान करना होगा। क्रिकेट का खेल देश से बड़ा नहीं है। क्रिकेट और आतंक का खूनी खेल दोनों एक साथ नहीं चलेंगे। पाकिस्तान की तखलीक भारत विरोध पर हुई है। पाकिस्तान से क्रिकेट खेलना सैन्य बलिदान की तौहीन है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# टैरिफ वार पर कितना सफल होगा भारत का स्वदेशी मंत्र





केशव शर्मा
घुमारवीं, बिलासपुर

विश्व अर्थव्यवस्था आज एक जटिल दौर से गुजर रही है। अमेरिका-चीन के बीच शुरू हुई टैरिफ वार (Tariff War) ने वैश्विक व्यापार को गहरे प्रभावित किया है। इस संघर्ष का असर न केवल इन दो दिग्गज अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है, बल्कि भारत सहित उभरते हुए बाजारों को भी नई चुनौतियों और अवसरों का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे समय में भारत सरकार ने 'स्वदेशी को अपनाने' और आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को बढ़ावा दिया है। सवाल यह है कि क्या यह पहल वास्तव में सफल हो पाएगी? टैरिफ वार अवसर या चुनौती? अमेरिका और चीन के बीच आयात-निर्यात पर लगाए गए भारी टैरिफ ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है। इससे कई देशों को वैकल्पिक उत्पादन केंद्र के रूप में उभरने का मौका मिला है।

भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वह विदेशी कंपनियों को आकर्षित कर खुद को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करे, लेकिन साथ ही, कच्चे माल, तकनीक और पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर निर्भरता के कारण भारत को चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। निर्माण क्षेत्र की वास्तविक स्थिति-कहां खड़ा है भारत? सरकार की मंशा थी कि 2022 तक निर्माण क्षेत्र का GDP में हिस्सा 25% हो जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया—हकीकत में यह भाग घटकर सिर्फ 16.7% (2013-14) से 15.9% (2023-24) रह गया है। अगर हम सिर्फ नाममात्र की GDP नहीं, बल्कि वास्तविक प्रदर्शन देखें, तो कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि 2018-19 तक भारतीय विनिर्माण में अन्य देशों की तुलना में सुधार हुआ है, लेकिन aggregate स्तर पर सुधार धीमा रहा है।

हालिया GDP डेटा के अनुसार, Qv FY 2025-26 में निर्माण क्षेत्र की वास्तविक विकास दर 7.7% रही, जो कि पहले से बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है। व्यापक आर्थिक संकेत- समीकरण में अंतर किधर है? अगस्त 2025 में % HSBC भारत मैन्युफैक्चरिंग PMI% एक 17-साल के उच्चतम स्तर 59.3 पर पहुंच गया, जिससे यह पता चलता है कि उत्पादन और घरेलू मांग बहुत मजबूत है। अगर भारत इन चुनौतियों से निपटने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार, तकनीकी निवेश और ग्लोबल सप्लाई चेन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे, तो स्वदेशी मंत्र की सफलता तय है। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और R&D में निवेश बढ़ाना होगा। MSME को सस्ती फाइनेंसिंग और गुणवत्ता सुधार पर ध्यान देना होगा। लॉजिस्टिक्स सुधार और सिंगल-विंडो क्लियरेंस से कारोबार आसान बनाना होगा। टैरिफ वार भारत के लिए खतरा नहीं, बल्कि अवसर है। लेकिन यह अवसर तभी फायदेमंद होगा, जब हम सिर्फ संरक्षणवाद तक सीमित न रहकर प्रतिस्पर्धी उत्पादन क्षमता विकसित करें।

इस प्रकार, 'स्वदेशी अपनाने' की नीति भाग्य बदलने की क्षमता रखती है, लेकिन उसकी सफलता मामले और क्षेत्र पर निर्भर करती है—और निरंतर सुधार, निवेश और वैश्विक सहयोग इसके साथ जारी रखना अनिवार्य है। स्वदेशी का मंत्र तभी सफल होगा जब वह गुणवत्ता, किफायत और नवाचार के साथ वैश्विक बाजार में दमदार प्रतिस्पर्धा कर सके। याद रखिए, स्वदेशी अपनाना सिर्फ भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती का सुनियोजित प्रयास है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**सरकारी** कार्यालयों में भ्रष्टाचार के कई कारण होते हैं। सबसे बड़ा कारण है जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी। जब अधिकारियों पर सख्त निगरानी नहीं होती, तो वे अपने पद का दुरुपयोग करने लगते हैं। लालफीताशाही की वजह से आम लोगों को अपने कार्यों के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है, जिससे वे जल्दी काम करवाने के लिए रिश्वत देने को मजबूर हो जाते हैं। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने का डर कम होता है, जिससे वे अपने कर्तव्यों को गंभीरता से नहीं लेते। राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार के मामलों में कड़ी कार्रवाई का न होना भी इस समस्या को बढ़ाता है। जब तक सख्त कानून, पारदर्शिता और नैतिक प्रशासन नहीं होगा, तब तक सरकारी कार्यालयों से भ्रष्टाचार हटाना कठिन रहेगा।

**रमेश चंद,धर्मशाला**

# अकेलापन:मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने का समय







योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितंबर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 'इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन' (आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरूकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है।

दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिए अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं, जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है 'आत्महत्या पर कहानी बदलना'।

इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरंतर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या करियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं।

आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को करियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्राय: विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं, लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं।

मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशत: अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है, लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है, क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते।

बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें। केंद्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन (किरण हेल्पलाइन) नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसिलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एडीआर रिपोर्ट ने बताई जनप्रतिनिधियों की हकीकत





शिवालिक अवस्थी
शीला चौक, धर्मशाला

कहते हैं इंसान के काम जब आसानी से नहीं हो पाते तब इंसान किसी ऐसी ताकत की तलाश करता है जिससे उसके कार्य सिद्ध हो सकें और यह ताकत भला राजनीति के अलावा कहां उपलब्ध हो सकती है।

जी हां, इंसान के कार्य जब सरलता से नहीं हो पाते तब वह किसी ऐसे राजनीतिज्ञ की तलाश करता है, जिससे उसका कार्य मोबाइल की एक कॉल से ही पूर्ण हो जाए। हमारे समाज में राजनीतिज्ञ की ताकत को बहुत बड़ी ताकत माना जाता है। जबकि राजनीतिज्ञ की सफलता की कहानी आम जनता द्वारा रचित की जाती है। यह वही आम जनता होती है जो राजनेता को अपने कीमती वोटों द्वारा बार-बार जीतवा कर राजनीति का धुरंधर बनाने में अहम भूमिका निभाती है। फिर चाहे उस राजनीतिज्ञ का चरित्र कैसा भी हो। कई बार राजनेता के अनुचित चरित्र के बारे में पता होने के बावजूद आम जनता बिना कुछ ज्यादा विचार किए अपने कीमती वोट उसे दे देती है।

यह समझकर कि यह तो उसकी निजी जिंदगी है, इससे हमें क्या? लेकिन एक बात ध्यान रखने योग्य होती है कि हर राजनीतिज्ञ उस समाज का आईना होता है। इसलिए हर बार सोच समझ कर हमें अपने वोट का सही इस्तेमाल करना चाहिए।

खैर, कई बार तो ऐसा भी देखा गया है कि किसी राजनेता का चरित्र विपक्षी दलों अथवा किसी अन्य द्वारा जानबूझ कर खराब करने की साजिश रची जाती है जिससे उसकी छवि धूमिल की जा सके और चुनाव आसानी से जीता जा सके। इसके लिए स्वयं का जागरूक होना अति आवश्यक है। यदि हम स्वयं जागरूक होंगे तभी सुदृढ़ समाज का निर्माण करने में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे।

ध्यान रहे आरोप लगाना और आरोप सिद्ध होने में बहुत फर्क होता है। इसलिए वोटर की सतर्कता होना बेहद जरूरी है।

बहरहाल, हम क्यों आज इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं आइए इस पर नजर दौड़ाते हैं। दरअसल हाल ही में एडीआर यानी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा 27 राज्य विधानसभाओं, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के वर्तमान मंत्रियों का कई पहलुओं पर विश्लेषण किया गया। इस रिपोर्ट में देश के कुल 652 में से 643 मंत्रियों का विश्लेषण किया गया।

रिपोर्ट द्वारा यह खुलासा किया गया कि 643 में से 302 मंत्रियों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। बहरहाल, केंद्र सरकार के 130वें संविधान संशोधन विधेयक से बेहतरीन देश निर्माण की उम्मीद तो जगी है, लेकिन यह कितना कारगर सिद्ध होगा यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। वर्तमान स्थिति के अनुसार कई पहलुओं पर एडीआर की रिपोर्ट चिंताजनक अवश्य है, किंतु यदि हम समझदारी के साथ चुनावों में अपने मत का सही प्रयोग करेंगे तो यह छोटी सी कोशिश जादुई आंकड़ों में बदलती नजर आने लगेगी। आखिरकार, एडीआर की इस रिपोर्ट में बहुत विस्तार से हर पहलू को दर्शाया गया है, इसलिए सभी को एक बार इस रिपोर्ट का आकलन स्वयं अवश्य करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ करवाई एफआईआर

## आरएम धर्मपुर बोले-खराब सड़क से यात्रियों को हो रहा है जानमाल का खतरा, 13 लॉन्ग रूट करने पड़ रहे हैं कैंसिल

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट से धर्मपुर निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग की दुर्दशा और इसे रोजाना एचआरटीसी को हो रहे नुकसान को लेकर एचआरटीसी डिपो धर्मपुर व सरकाघाट के आरएम ने सरकाघाट पुलिस स्टेशन में कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

रीजनल मैनेजर द्वारा दर्ज करवाई एफआईआर के अनुसार सरकाघाट से धर्मपुर तक निर्माणाधीन नेशनल हाईवे की हालत अति दयनीय है, जिस कारण हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों की जान को जोखिम बना हुआ है। साथ बसों को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी बरसात में दमसेहड़ा से लेकर पाडछु तक के भाग की हालत तो बेहद ही दयनीय है। जिसमें बरसात में रोजाना बसे फंस रही हैं और यात्रियों से भरी बसों को जेसीबी मशीनों की सहायता से टोचन करके खींचकर चढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही दमसेहड़ा से लेकर पाड़छु पुल वाले भाग में बसें फिसलती हुई चढ़ती व उतरती हैं, जिससे यात्रियों से भरी बस का हर समय फिसल कर पाडछु ढांक में गिरने से बड़ी मानवहानि होने का खतरा बना हुआ है।



खराब सड़क पर फंसी यात्रियों से भरी एचआरटीसी बस को जेसीबी मशीन की मदद से खींचते हुए।

**जेसीबी से गाड़ियां खींचकर हो रहा है निगम को नुकसान**

**कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज, जांच शुरू: एसएचओ**

इसे लेकर एसएचओ रजनीश ठाकुर ने कहा कि शिकायत पत्र से मामला जुर्म अधीन धारा 125 भारतीय न्याय संहिता में घटित होना पाया गया है। निर्माण कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत में उन्होंने कहा कि इस रोड़ की खराबी के कारण इस क्षेत्र के रोजाना 13 रूट प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा बाहरी क्षेत्रों द्वारा चलाई जाने वाली बसों का संचालन पिछले तीन महीनों धर्मपुर के लिए पूर्ण रूप से बंद है। गत सोमवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम धर्मपुर की जोगिंद्रनगर से बल्द्वाड़ा बस सेवा को जेसीबी मशीन द्वारा खींचा जा रहा था, तो उक्त बस की विंड स्क्रीन को जेसीबी ऑपरेटर द्वारा तोड़ दिया गया। जिसका अतिरिक्त वित्तीय बोझ हिमाचल पथ पर निगम धर्मपुर डिपो को उठाना पड़ रहा है। इस क्षेत्र द्वारा चलाई जाने वाली लंबी दुरी की अधिकतर बसें अपने निर्धारित समय से लेट हो जा रही हैं। जिस कारण बसें 400 से 500 किमी तक का सफर खाली तय कर रही हैं। अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण का कार्य कर रही कंपनी के ऊपर मानव जीवन को खतरे में डालने को लेकर उचित कानूनी कार्यवाही की जाए। ताकि मानव जीवन की बड़ी हानि को होने से रोका जा सके।

# सेब ढुलाई का कार्य जारी, 5 लाख से अधिक कार्टन मंडियों को भेजे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

उपनिदेशक बागवानी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि मंडी जिले के सराज और बालीचौकी विकास खंडों में सेब की फसल को बाहरी मंडियों में भेजने का कार्य जारी है। अब तक थुनाग क्षेत्र से लगभग 69 हजार कार्टन, छत्तरी क्षेत्र से 1.29 लाख कार्टन, बगस्याड क्षेत्र से 1.13 लाख कार्टन, जंजैहली क्षेत्र से 44 हजार कार्टन, बालीचौकी क्षेत्र से 1.09 लाख कार्टन और सदर क्षेत्र से लगभग 62 हजार कार्टन सेब मंडियों को भेजे जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि दुर्गम क्षेत्रों में तार स्पैन के माध्यम से भी सेब की ढुलाई मुख्य सड़क मार्गों तक की जा रही है। आपदा से प्रभावित थुनाग तहसील की पखरैर पंचायत के देजी गांव से तार स्पैन के माध्यम से 532 सेब कार्टन की ढुलाई की गई। गांव के लगभग सभी उत्पादकों ने अपनी फसल की ढुलाई पूरी कर ली है।

बालीचौकी के थाची, गतू और पंजाई क्षेत्रों में सेब की ग्रेडिंग और ढुलाई का कार्य भी जारी है। जिला प्रशासन लोक निर्माण विभाग और संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय करते हुए प्रभावित सड़कों को सुचारू करने में दिन-रात जुटा हुआ है। पंजाई से थलौट तक मार्ग खुल चुका है, जबकि थाची के लिए वाया शैटाधार, गाड़ागुशैणी के लिए वाया जंजैहली, सोमगाड़, गुराण और घाट के लिए वाया शैटाधार तथा बागाचुनौगी पंचायत में वाया दयोल मार्ग से परिवहन सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी में हेरोइन सहित चार किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी की टीम ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडी शहर के भ्यूली गुरुद्वारा के पास मारुति 800 (एचपी 33बी-5081) से 34 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक महिला भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित कुमार (32), राहुल (27), साहिस्ता (32) और शुभम (31) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के खिलाफ पुलिस की सतत निगरानी और सख्ती का संदेश गया है।

### जोगिंद्रनगर में 140 ग्राम चरस सहित दो दबोचे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पुलिस चौकी घट्टा की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक युवक और युवती को 140 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। एएसआई अतुल रैना की अगुवाई में जोगिंद्रनगर से बैजनाथ जा रही एक कार को रोका गया। तलाशी में कार से 140 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप कुमार (मझारनु) और रोशनी देवी (थलटूखोड) के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर युवती को न्यायिक हिरासत और युवक को पुलिस रिमांड पर भेजा गया। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने कहा कि नशे के सौदागरों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीम में एएसआई अतुल रैना, मुख्य आरक्षी विपिन, मुनीश राव, धनीराम, आरक्षी देवेंद्र, ममता और गृह रक्षक सुभाष शामिल रहे।

### सरौन स्कूल ने मनाया 40वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अजय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरौन का 40वां स्थापना दिवस जय बाबा कमलाहिया आराधना संस्था भोरंज के सहयोग से धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने संस्था अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी मनोज कुमार भारद्वाज को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीसी सदस्य शिव कुमार वर्मा, धर्म सिंह, रवि कुमार व ज्योति पठानिया शामिल हुए। समारोह में डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सहायता कार्यक्रम के तहत जूस वितरित किया गया। मनोज भारद्वाज ने बच्चों व अभिभावकों को नशे से दूर रहने, सड़क सुरक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रेरणादायी संदेश दिए और स्कूल को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष हाकम चंद पठानिया और प्रधानाचार्य लता पठानिया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से मिला सहारा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की तहसील बलद्वाड़ा के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा भाम्बला द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक महिला कांता देवी के पति कृष्ण चंद, निवासी गांव रोपा ठाठर को दो लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक मनोहर ने बताया कि कांता देवी ने अपने बैंक खाते से यह बीमा लिया हुआ था। आकस्मिक मृत्यु के बाद परिजनों को बैंक कर्मियों ने योजना की जानकारी दी और आवश्यक दस्तावेज पूरे करवाकर क्लेम की प्रक्रिया पूरी की। मनोहर ने सभी खाताधारकों से आग्रह किया कि पात्र लोग प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा और पेंशन योजनाओं का लाभ उठाएं ताकि विपरीत परिस्थितियों में परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके।

### विधायक का धरने पर बैठना एक ड्रामा: चौहान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अजय चौहान के अनुसार धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर का आधी रात को धरने पर बैठना महज़ एक ड्रामे जैसा है। उन्होंने बताया कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछले लंबे समय से सड़कों की हालत खराब है और लेकिन विधायक को इन सभी की याद बरसात बीत जाने के बाद याद आ रही है। चौहान ने कहा कि बेहतर होता अगर स्थानीय विधायक धर्मपुर क्षेत्र के अंदर काटी गई करोड़ों की लकड़ियों की जांच करवाने के लिए धरने पर बैठते या जिन लोगों के सड़क निर्माण के दौरान लोगों के घर भूस्खलन की जद में आ गए समय रहते उनके लिए धरना प्रदर्शन करते।

### घायलों से मिले पूर्व सीपीएस सोहन लाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल की देहवी में सोमवार तड़के फोरलेन वन-वे सड़क पर बोलेरो वाहन और बाइक की आमने-सामने टक्कर होने से घायल जाम्बला पंचायत के चाम्बा गांव निवासी अजय और चमन जो नेरचौक मेडिकल कॉलेज में उपचारधीन है। मंगलवार को पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने दोनों युवकों के परिजनों से मुलाकात कर हौसला बढ़ाया और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान सोहन लाल ठाकुर ने घायलों का उपचार कर रहे चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने पर बल दिया।

# जंगमबाग की तर्ज पर दी जाए आवासीय सुविधा

## लाछ, गाता व लठरली गांव के विस्थापित बोले-बीबीएमबी की सरप्लस भूमि भी हमें दें

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** सराज विधानसभा क्षेत्र में बरसात त्रासदी का केंद्र बिंदु बने लाछ, गाता और लठरली गांव के लगभग 35 परिवार अपने टूटे घरों और खेत खलिहानों की स्थिति देखकर आहत हैं। इनमें 7 फौजी परिवार भी शामिल हैं। बीएसएल परियोजना के विस्थापित ये लोग डैम जलाशय में अपनी जमीन गंवा चुके हैं और अब दूसरी बार विस्थापित हो रहे हैं।



लाछ, गाता व लठरली गांव के विस्थापित मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

पीड़ित राम लाल ने मांग करते हुए कहा कि बीबीएमबी हमें सुंदरनगर के जंगमबाग हादसे के पीड़ितों की तर्ज पर बीबीएमबी पंडोह के अस्थाई आवास उपलब्ध करवाए जाएं। इसके साथ ही घर बनाने के लिए भी बीबीएमबी की सरप्लस जमीन हमें दी जाए, क्योंकि ये जमीनें हमारे पुरखों ने केवल डैम निर्माण के लिए कौड़ियों के मुआवजे पर दी थी। हम दिए हुए मुआवजे को वापस करने को भी तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि उनके टूटे घरों को दिखा कर कई संस्थाएं आपदा के नाम पर राहत बांट रही है। मगर यह राहत हमारे गांव में ही नहीं अन्य गांव में जाकर बिना जरूरत के लोगों में बांटी भी जा रही। जो बिल्कुल गलत है। पंचायत प्रधान तादी अमरावती ठाकुर ने इन पीड़ित परिवारों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि बीबीएमबी को जल्द ही इन्हें अस्थाई आवास देने चाहिए जो इनका अधिकार है। पंडोह डैम विस्थापित कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष बीआर भाटिया ने पीड़ित परिवारों को राहत के रूप में आवासीय सुविधा दी जानी चाहिए तथा सरप्लस जमीन केवल ओर केवल पडोह डैम विस्थापितों का अधिकार है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस मसले पर गंभीरता से निर्णय लेने की मांग की है।

# एनएच निर्माण कंपनी के पदाधिकारियों में बदलाव तक जारी रहेगा अनशन: चंद्रशेखर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

एनएच 003 जालंधर-मनाली मार्ग पर निर्माण कार्यों में खामियों के खिलाफ धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर का आमरण अनशन अवाहदेवी चौक पर दूसरे दिन भी जारी रहा।



एनएच निर्माण में खामियों को लेकर दूसरे दिन हड़ताल पर बैठे विधायक व अन्य।

विधायक ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार्य कर रही कंपनी मौर्थ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को तब तक बदला नहीं जाता और किसी अन्य कंपनी को काम करने के लिए प्राधिकृत नहीं किया जाता, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि कंपनी की लापरवाही के कारण धर्मपुर विधानसभा की 22 पंचायतें पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई हैं। लोगों की आवाजाही में कठिनाइयां उत्पन्न हुई हैं, जिससे कर्मचारी, स्कूली बच्चे और आम जनता समस्याओं का सामना कर रहे हैं। चंद्रशेखर ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में जोर-शोर से उठाया था, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई।

विधायक ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार पूरी व्यवस्था बदलती नहीं, तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। इस दौरान पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अनशन को सफल बनाने में सहयोग दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मौके पर तूफानी दौरा करके स्थिति पर नजर रखी। एसडीएम स्वाति डोगरा की निगरानी में विधायक का मेडिकल चेकअप किया गया, जबकि डीएसपी संदीप गौतम भी मौके पर मौजूद रहे।

# किसानों को बारिश से हुए नुकसान पर आर्थिक सहायता लेने की दी जानकारी

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह में मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना प्रचार-प्रसार शिविर संपन्न**

**पंडोह।** बरसात त्रासदी के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्प है। इसका ज्वलंत उदाहरण ग्राम पंचायत पंडोह के सभागार में कृषि विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरूकता शिविर है। यह शिविर मुख्यमंत्री संरक्षण योजना के अंतर्गत कृषि प्रसार कार्यालय मंडी सदर द्वारा पंचायत प्रधान पंडोह गीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें कृषि विकास अधिकारी सुरेंद्र नायक ने मुख्य स्रोत व्यक्ति के रूप में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी।

उन्होंने कहा हमें उत्तम खेती के लिए सबसे पहले मिट्टी की जांच करनी चाहिए तत्पश्चात अपेक्षित नकदी अथवा अन्य फसलों के सर्टिफाइड बीज कृषि विभाग से ही खरीदने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सब्सिडी रेट पर किसानों को बीज, दवा खेती के आधुनिक कृषि उपकरण वितरित किए जाते हैं, ताकि किसान कम समय में अच्छा उत्पादन करते हुए अपने आपको आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकें। जिसमें, ट्रैक्टर,पावर टिलर और अन्य विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरण शामिल है।

उन्होंने कहा कि बरसात में किसानों के खेत टूट गए हैं, खेत के भीड़ टूट गए हैं, रास्ते टूटे हैं इनकी भरपाई के लिए खेतीहर मजदूर योजना के अंतर्गत किसानों को राहत प्रदान की जा रही है। इसके लिए राजस्व अधिकारी की रिपोर्ट आवश्यक है। विभाग से संपर्क करें और अधिक से अधिक लाभ लें। इस शिविर में 160 किसानों ने भाग लिया। जिन्हें 2 किलो मुफ्त खाद आवंटित की गई। इस शिविर में भाग कृषि प्रसार अधिकारी पांडू कुशल चंद और नवीन कुमार, पूर्व जिला परिषद सोहनलाल, वार्ड मेंबर गोपाल ठाकुर, सुरेंद्र कुमार सहित कई गांड मारने लोगों उपस्थित रहे।

# दैनिक वेतन भोगी व अंशकालीन कर्मी मानदेय न मिलने से परेशान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट, बलद्वाड़ा, उपतहसील भदरोता और ढलवाण के विभिन्न पटवार वृत्तों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारियों ने उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट स्वाति डोगरा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों बताया कि उन्हें अप्रैल से अगस्त तक का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण वे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।कर्मचारियों ने कहा कि पिछले पांच महीनों से मानदेय न मिलने की वजह से उनके परिवारों का भरण-पोषण करना बेहद मुश्किल हो गया है। उन्होंने मांग की कि बकाया मानदेय को तुरंत जारी किया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वे पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलने से उनका मनोबल टूट रहा है। कर्मचारियों ने उपमंडलाधिकारी से आग्रह किया है कि वे शीघ्र कार्रवाई कर संबंधित विभाग को निर्देश दें। इस मौके पर सीमा ठाकुर, मलका देवी, रीना देवी, रजनी देवी, सरिता, निशा देवी, सुनीता देवी, नीतू भारती, नरेश कुमार, सोनू कुमार, रविकांत, शनि कुमार, सुनील कुमार, राकेश कुमार, महेंद्रपाल, अक्षय कुमार, रणजीत कुमार, विजय कुमार करण सिंह और मीरा देवी सहित कई कर्मचारियों ने हस्ताक्षर किए।उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# पीएम की घोषणा पर जोगिंद्रनगर नेताओं ने कहा- संकट की घड़ी में मिला सहारा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

प्रदेश में हालिया बरसात और भूस्खलनों से हुई भारी तबाही के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को प्रदेशवासियों को बड़ी राहत दी। प्रधानमंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर हालात का जायजा लिया और इसके बाद हिमाचल को 1500 करोड़ के विशेष पैकेज की घोषणा की। साथ ही उन्होंने आपदा में जान गंवाने वाले परिवारों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने का भी ऐलान किया।

प्रदेश में प्राकृतिक आपदा ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। अनेक घर ढह गए, सड़कें और पुल बह गए तथा हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री मोदी की यह घोषणा प्रदेश के लिए संजीवनी साबित होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गुलाब सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित पैकेज आपदा प्रभावित परिवारों और ढांचागत सुधार के लिए मील का पत्थर बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल की पीड़ा को गहराई से समझा है और इस पैकेज से पुनर्निर्माण कार्यों को गति मिलेगी। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जमवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हिमाचल के दर्द को समझते हुए त्वरित राहत का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की संवेदनशीलता ने यह साबित किया है कि संकट की घड़ी में भी प्रदेश अकेला नहीं है। यह सहायता आपदा पीड़ितों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि 1500 करोड़ का पैकेज और प्रत्यक्ष आर्थिक मदद प्रदेश के लिए नई उम्मीद लेकर आई है।

# बालीचौकी के हालात न सुधरे तो करेंगे आमरण अनशन

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल में बरसात के दौरान मची तबाही के उपरांत प्रशासनिक विफलता को लेकर अब क्षेत्र के लोगों ने आमरण अनशन और जन आंदोलन की धमकी दी है। प्रेस को दिए एक लिखित बयान में पूर्व जिला परिषद सदस्य संत राम और दिले राम ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही बालीचौकी क्षेत्र के हालात नहीं सुधरे तो उन्हें जन आंदोलन के अतिरिक्त आमरण अनशन करने पर भी मजबूर होना पड़ सकता है।



जिलाधीश मंडी को आपदा के दौरान हुई बदहाली के बारे में ज्ञापन सौंपते हुए।

संत राम ने कहा कि पूरा बालीचौकी क्षेत्र पिछले 2 माह के चलते आपदा से पूरी तरह प्रभावित है, लेकिन क्षेत्र की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से संचार सेवा पूरी तरह से अस्त व्यस्त है। सड़कें बंद है और पेयजल की किल्लत से लोगों को लगातार जूझना पड़ रहा है। संत राम ने बताया कि बालीचौकी की 90 प्रतिशत सड़कें बंद पड़े हैं और पैदल रास्ते भी चलने योग्य नहीं रहे हैं। सड़कें बंद होने से जहां लोगों को राशन एवं अन्य जरूरी सामानों की किल्लत से जूझना पड़ रहा है, वहीं किसानों एवं बागवानों के उत्पाद खेतों में सड़ गए हैं।

इस विषय पर बालीचौकी क्षेत्र के कुछ प्रबुद्ध लोगों ने संत राम के नेतृत्व में जिलाधीश मंडी को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें क्षेत्र को आपदा से उबारने के लिए विशेष टीम का गठन किया जाए, ताकि वरीयता के आधार पर क्षेत्र को बदहाली के दौर से निकाला जा सके। ज्ञापन में अपना रिहायशी घर खो चुके लोगों के पुनर्वास की ओर भी विशेष ध्यान देने का आग्रह किया गया है।

इसके अलावा पूरे क्षेत्र में बदहाल बिजली और पेयजल सेवाओं को भी शीघ्र बहाल करने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस पार्टी के युवा नेता देवेंद्र प्रताप सिंह, दूले सिंह, नारायण सिंह एवं नेत्र सिंह भी शामिल रहे।

# लंबे इंतजार के बाद जोगिंद्रनगर अस्पताल को मिली पांच डॉक्टरों की सौगात: जीवन

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहे जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र को अब बड़ी राहत मिली है। प्रदेश सरकार ने एक साथ आठ नए डॉक्टरों की नियुक्ति कर दी है, जिनमें से पांच डॉक्टर जोगिंद्रनगर अस्पताल को मिले हैं। इसके अलावा लडभड़ोल, बस्सी व लांगना के अस्पतालों में भी एक-एक डॉक्टर की तैनाती की गई है। इस कदम से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

जोगिंद्रनगर अस्पताल को डॉ. प्रियंका, डॉ. दिलप्रीत सिंह, डॉ. रितुल कपूर, डॉ. नवीन कुमार व डॉ. सेजल नायक की सौगात मिली है। वहीं लडभड़ोल सिविल अस्पताल में डॉ. सौरभ शर्मा, बस्सी पीएचसी में डॉ. रवीना कुमारी और लांगना पीएचसी में डॉ. अनुष्का यादव की नियुक्ति की गई है। कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने इसे अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि उन्होंने लगातार सीएम सुक्खू से क्षेत्र की समस्या को उठाया था। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आठ डॉक्टरों की नियुक्ति संभव हो सकी।



**सीएम सुक्खू का जताया आभार**

विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान उन्होंने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से विधानसभा में उठाया था और आज सरकार ने आठ डॉक्टरों की नियुक्ति कर जनता को राहत दी है। प्रकाश राणा ने सीएम का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करेगा। इसके अलावा पूर्व कांग्रेस सचिव राकेश धरवाल ने भी इस नियुक्ति का स्वागत किया। वहीं हिमाचल किसान सभा के उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने कहा कि यह नियुक्ति जनता के संघर्ष और आंदोलन का परिणाम है।

# सजाओपीपलु में नशा न करने वाले किए सम्मानित

## मातृ शक्ति ने बढ़ाया नशा मुक्त अभियान का हौसला, बनी प्रेरणा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**धर्मपुर** के सजाओपीपलु में नशा मुक्ति अभियान समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उन लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार का नशा नहीं किया। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र पार कर चुके लोगों को इस मंच से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मातृ शक्ति ने प्रस्ताव पारित कर ऐसे लोगों को नशा मुक्त समाज के प्रतीक के रूप में सराहा। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर प्रियंका ने व्यंग्य करते हुए कहा कि महिलाएं भले नशा न करें, लेकिन उन्हें कुछ और तरह के नशे जरूर होते हैं, जैसे काम करना, सूट खरीदना और नशेड़ी पति या पड़ोसियों को झेलना।



सजाओपीपलु में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त लोगों को सम्मानित करते हुए व साथ में मुख्य अतिथि डॉ. वीना राठौर।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी, खासकर लड़कियां भी सिंथेटिक नशे की गिरफ्त में आ रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। डॉ. वीना राठौर ने बताया कि धर्मपुर में अभियान का नेतृत्व कर रहे एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी खुद नशा मुक्त हैं और उन्होंने बेटों की शादी में भी शराब परोसने से इनकार किया। इसी तरह अन्य पदाधिकारी जैसे भूपेंद्र सिंह, राजपाल, राजेंद्रपाल, डॉ. अश्विनी राठौर और कंचना देवी भी नशे से दूर हैं और समाज के लिए मिसाल बने हैं। समिति का उद्देश्य ऐसे लोगों को मंच देना है, जो नशा मुक्त रहकर समाज को सही दिशा दिखा रहे हैं।

**गुमराह** आरटीआई कानून को दरकिनार करने पर श्रद्धालुओं में रोष, कमेटी ने कहा- नहीं लिया कोई धन

# भद्रकाली मंदिर कमेटी भराड़ी ने नहीं माने एसडीएम के आदेश

अनंत ज्ञान, महादेव

माता भद्रकाली मंदिर कमेटी भराड़ी ने कानून को ताक पर रखकर आरटीआई कानून को तार तार कर दिया व इसमें सुंदरनगर प्रशासन मूक बनकर मात्र औपचारिकताएं निभाने में लगा रहा। एक तरफ कमेटी द्वारा एसडीएम के आदेशों को रौंदा जा रहा था, तो दूसरी तरफ एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर दबाव में लग रहा था। इसी बीच आरटीआई कानून तार तार हो गया।

गौर हो कि श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर कमेटी के आय व्यय का ब्यौरा लेने के लिए आरटीआई डाली गई थी, जिस पर कमेटी ने एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर को गुमराह कर कह दिया कि हम आरटीआई के दायरे में नहीं आते और हमने कोई सरकारी धन भी नहीं लिया है। इसी जानकारी को एसडीएम कार्यालय ने श्रद्धालुओं को दे दिया। अब एसडीएम कार्यालय प्रबंधन भी कानून के कटघरे में आ गया है। कमेटी का झूठ उन कागजों ने जनता के सामने लाकर रख दिया, जो इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं व लोग प्रशासन के खिलाफ जमकर गुब्बार निकाल रहे हैं।

**कब-कब लिए सरकारी पैसे**

माता भद्रकाली मंदिर कमेटी भराड़ी ने वर्ष 2006 डीसी मंडी से 4,50,000 रुपए प्राप्त किए। दान क्रमांक संख्या 337 में मै. हरीश सिमेंट सुंदरनगर से 2 लाख रुपए प्राप्त किए। सांसद प्रतिभा सिंह ने भी मंदिर कमेटी को धनराशि देने की घोषणा की थी। इसके अलावा आम लोगों ने भी दिल खोल कर दान दिया और कमेटी पैसा लेने के बाद भी कहती है कि हमने कोई सरकारी पैसा नहीं लिया।



"जानकारी मिली है कि पुजारियों को कमेटी तंग कर रही है। मामले को राज्य स्तरीय बैठक में उठाकर सीधे तौर पर सीएम सुक्खू से कानून के पालन को लेकर सवाल पूछा जाएगा और कानून के तार-तार होने की जानकारी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को भी दी जाएगी।

**सोनू भटोउ, प्रदेशाध्यक्ष मठ मंदिर बचाओ संघर्ष समिति।**

"मंदिर मामले में दोनों पक्षों की बैठक बुलाई गई है और श्रृंगार कक्ष के ताले को खोलने के आदेश किए गए थे। इस संबंध में मामला संज्ञान में आया है और नवरात्रे भी आ रहे हैं। कमेटी को दोबारा बुला कर आदेश किए जाएंगे।

**-अमर नेगी एसडीएम सुंदरनगर।**

**मंदिर विवाद?**

माता भद्रकाली मंदिर में विवाद गहराता जा रहा है। श्रद्धालुओं का आरोप है कि मंदिर कमेटी ने लंबे समय से श्रृंगार कक्ष पर ताला जड़ रखा है और उसी कक्ष में चौकीदार का बिस्तर लगाकर उसे सुलाया जा रहा है। धार्मिक ग्रंथों की दुर्दशा भी श्रद्धालुओं को आहत कर रही है। आरोप है कि लाखों रुपये की आय-व्यय को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा और मंदिर में बलि तक दी जा रही है, जिसकी वीडियो वायरल है। श्रद्धालु कमेटी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, एडीएम कार्यालय ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पुजारियों को अनुष्ठान बरामदे में करने के लिए विवश करना भी विवाद को और बढ़ा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो एलईडी स्क्रीन पर अलग-अलग दर्शन, श्रद्धालु भ्रमित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के बाबा श्री माईदास सदन में स्टेट बैंक द्वारा स्थापित एलईडी स्क्रीन और मंदिर न्यास द्वारा स्थापित एलईडी स्क्रीन में अलग-अलग दर्शन हो रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं को दुविधा हो रही है। एक एलईडी स्क्रीन बाबा श्री माईदास सदन गेट के बाहर और दूसरी गेट से अंदर इंटर करने के बाद भवन के अंदर लगी हुई है। एसबीआई द्वारा स्थापित एलईडी स्क्रीन में रिपीट वीडियो चल रहा है, जबकि मंदिर न्यास की एलईडी स्क्रीन पर मंदिर के लाइव दर्शन हो रहे हैं। इस बारे में जेई विशाल ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सीसीटीवी ऑपरेटर को इस बारे में जानकारी दी गई है और इसे जल्द ठीक किया जाएगा। इससे पता चलता है कि मंदिर प्रशासन इस समस्या का समाधान करने के लिए सक्रिय है।

### संजय टंडन ने चिंतपूर्णी के दरबार में भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर उनके साथ हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी संजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय खन्ना महामंत्री उपिंदर और सुशील कालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। संजय टंडन चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। वह अपनी संगठनात्मक क्षमताओं और राजनीतिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उनकी माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

### विद्यार्थियों ने सीखे आग से बचाव के उपाय

**अनंत ज्ञान, चौकीमन्यार।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में आपदा प्रबंधन क्लब द्वारा फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में आग से बचने के उपाय और सही प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने विद्यार्थियों से आग से सुरक्षा और उसका महत्व के बारे में बात की। उन्होंने कहा 'फायर ड्रिल केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। यह छात्रों को आपातकालीन स्थिति में सही निर्णय लेने और अपनी जान के रक्षा करने के लिए प्रशिक्षित करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न क्लबों जिसमें ईको क्लब, ऊर्जा क्लब, एनएसएस इकाई, रेड रिबन क्लब और रेडक्रॉस क्लब के सदस्य सक्रिय रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग से प्रोफेसर कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. राम सिंह, प्रोफेसर नवीन शर्मा, सुपरिंटेंडेंट राकेश कुमार, सीनियर क्लर्क दिनेश, अमन और कार्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पीटीए गठन के लिए मीटिंग 13 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, चौकीमन्यार।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के पीटीए सचिव डॉ. रामकुमार नेगी ने कहा है कि महाविद्यालय की अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन हेतु अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) की आम बैठक गत 2 सितंबर को प्रस्तावित थी, परंतु भारी बारिश होने के कारण एवं महाविद्यालय में अवकाश रहने के कारण यह मीटिंग आयोजित नहीं की जा सकी थी, अब महाविद्यालय की आगामी पीटीए मीटिंग 13 सितंबर को दोपहर 12 बजे महाविद्यालय परिसर में प्रस्तावित की गई है। इस आम बैठक में महाविद्यालय की सत्र वर्तमान समय पर कार्यरत पीटीए कार्यकारिणी को भंग करके, अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने महाविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं संरक्षकों से अनुरोध किया है कि वह महाविद्यालय द्वारा प्रस्तावित पीटीए आम बैठक में अवश्य उपस्थित रहें। सचिव डॉ. रामकुमार नेगी ने छात्रों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने अभिभावकों एवं संरक्षकों को महाविद्यालय के अभिभावक शिक्षक संघ की इस आम सभा में उपस्थिति सुनिश्चित करवाएं।

### दिव्यांग बेटी सिमरन को व्हील चेयर की दान

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए सतीश कुमार बाली जी (बैरियां) ने कृष्णा नगर के तरसेम लाल चौधरी की अपंग बेटी सिमरन चौधरी को सहायतार्थ व्हीलचेयर भेंट की। इस मौके पर चौकीमन्यार के उपप्रधान जीवन कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने श्री बाली के इस नेक कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में जरूरतमंदों की मदद करना हर व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। व्हीलचेयर मिलने पर सिमरन और उसका परिवार भावुक हो उठा। सिमरन ने मुस्कुराते हुए कहा कि अब मुझे घर से बाहर निकलने और लोगों से मिलने-जुलने में आसानी होगी। मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मुझे नई आजादी मिल गई है।' सिमरन के पिता तरसेम लाल चौधरी ने कहा कि हमारी बच्ची को रोजाना चलने-फिरने में बड़ी कठिनाइयां आती थीं। यह व्हीलचेयर हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। हम दिल से सतीश कुमार बाली औरलोगों का आभार प्रकट करते हैं।'

### विक्रम बत्रा की जयंती पर एनसीसी रैंक सेरेमनी आयोजित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में एनसीसी रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने बतौर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर रैंक प्राप्त करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। अंडर ऑफिसर जसविंदर सिंह, सर्जेंट प्रंशुल चौहान, कविता और पलक, कॉर्पोरल चिराग परमार, लक्ष्य दद्वाल, नितिका और पूजा, लांस कॉर्पोरल वंश और अदिति ठाकुर ने अपनी गरिमा और अनुशासन के साथ अपनी रैंक प्राप्त की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने सभी रैंक प्राप्त करने वाले कैडेट्स को बधाई दी और सभी कैडेट्स को एकता और अनुशासन का पालन करके अपने जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, एएनओ लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की जयंती है पर सभी रैंक प्राप्त करने वाले कैडेट्स ने नई जिम्मेदारियों को स्वीकार किया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी रैंक प्राप्त करने वाले कैडेट्स को एनसीसी शपथ दिलाई गई।

### प्रधानमंत्री मोदी का विशेष पैकेज देने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व का हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ के बाद विशेष राहत पैकेज देने की घोषणा कर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल प्रदेश से खास लगाव रहा है, जब वह हिमाचल प्रदेश के प्रभारी के रूप में काम करते थे, तब से लेकर अब तक उन्होंने हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए बहुत बड़ी बड़ी सौगातें दी हैं। अब जब प्रदेश वासियों पर विपत्ति आई है तो वे व्यक्तिगत तौर पर प्रदेश की भोलीभाली जनता का हाल जानने पहुंचे हैं।

## आपदा प्रबंधन बैठक में विधायक विवेक ने अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

# काम नहीं करोगे तो भुगतना पड़ेगा खामियाजा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आई आपदा से हुए भारी नुकसान पर अब राजनीति नहीं, बल्कि राहत और पुनर्वास कार्य ही प्राथमिकता है। इसी क्रम में बंगाणा मुख्यालय और डीआरडीए हाल ऊना में आयोजित आपदा प्रबंधन की बैठक के दौरान कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि काम आप नहीं करेंगे और खामियाजा मुझे भुगतना पड़ेगा, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुटलैहड़ की जनता ने मुझ पर भरोसा जताया है और मैं पीड़ित परिवारों से किया गया अपना वादा निभाउंगा।



अधिकारियों के साथ बैठक करते कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, साथ हैं अन्य।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ा विस क्षेत्र की हर पंचायत में इस बार प्राकृतिक आपदा ने गहरा असर छोड़ा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के नुकसान की भरपाई करवाना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू से भी वह व्यक्तिगत रूप से कुटलैहड़ के नुकसान को लेकर चर्चा कर चुके हैं और हर स्तर पर सरकार से सहायता दिलाने का प्रयास जारी है।

विवेक शर्मा ने अधिकारियों को फील्ड में उतरकर काम करने का सख्त आदेश दिया। उन्होंने कहा कि केवल दफ्तरों में बैठकर रिपोर्ट बनाने से जनता की तकलीफें खत्म नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही करेंगे तो इसकी जवाबदेही तय होगी। उन्होंने कहा कि राहत और पुनर्वास कार्य में देरी से जनता में असंतोष बढ़ता है, इसलिए समयबद्ध तरीके से सभी कार्य पूरे किए जाएं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वह स्वयं अगले सप्ताह से प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे और सीधे जनता से फीडबैक लेकर प्रशासनिक रिपोर्टों की हकीकत की जांच करेंगे।

बैठक के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में भी सक्रियता बढ़ी है और अब गांव-गांव जाकर नुकसान की रिपोर्ट बनाने का काम तेज हो गया है। कुटलैहड़ में आई आपदा ने भले ही कई परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया हो, लेकिन विधायक विवेक शर्मा की पहल से जनता में एक नई उम्मीद और विश्वास जागा है।

### दिव्यांगों को दीं व्हील चेयर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** सुकड़ियाल पंचायत के गांव सुकड़ियाल निवासी भुवनेश कुमार, पंचायत पीपलू के विक्रम सिंह तथा पंचायत सुकड़ियाल की बिमला देवी को विधायक विवेक शर्मा ने व्हील चेयर प्रदान कर राहत दी क्योंकि ये चलने-फिरने में काफी कठिनाई का सामना कर रहे थे। व्हील चेयर प्राप्त करने के बाद तीनों ने विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि बीमारी और अस्वस्थता के कारण वे घर से बाहर निकलने या अपने कार्य निपटाने में असमर्थ थे, लेकिन विधायक विवेक शर्मा ने फरिश्ते की तरह आगे बढ़कर उनकी मदद की है और उन्हें नई उम्मीद मिली है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जनता की सेवा करना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के प्रत्येक ज़रूरतमंद तक मदद पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि वे ज़रूरतमंदों की सहायता करने के लिए आगे आएं।

## भारत के 51 व हिमाचल के 5 शक्तिपीठों की झलक देगा चिंतपूर्णी म्यूजियम



मूर्तिकार हिमाद्री मजूमदार म्यूजियम के निर्माण का जोर-शोर से कार्य करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी के बाबा श्री माईदास सदन में मंदिर न्यास द्वारा एक भव्य म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर लगभग 7.79 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। इस म्यूजियम के निर्माण का कार्य 28 फरवरी, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। म्यूजियम में हिमाचल के पांच शक्तिपीठों और भारत के 51 शक्तिपीठों के बारे में जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

**मूर्तिकार हिमाद्री मजूमदार की भूमिका :** कोलकाता के मूर्तिकार हिमाद्री मजूमदार इस म्यूजियम के लिए मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं। हिमाद्री मजूमदार ने गुजरात में स्टैचू ऑफ यूनिटी के नीचे बने म्यूजियम में स्टैचू ऑफ यूनिटी की प्रतिकृति भी बनाई है और कई अन्य म्यूजियमों में मूर्तियों का निर्माण किया है।

### गुफा का भी किया जाएगा निर्माण

इस म्यूजियम में चिंतपूर्णी मंदिर का स्वरूप और माता चिंतपूर्णी के चारों दिशाओं में स्थितियों में स्थित महादेव के मंदिरों के रिप्लिका स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा, एक गुफा का निर्माण भी किया जाएगा। म्यूजियम में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिसमें एआर और वीआर जैसी सुविधाएं शामिल हो सकती हैं ।

## श्रद्धालुओं की आस्था से मिले दान की अनदेखी, वाटर कूलर खराब

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में रोजाना हजारों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं और अपनी श्रद्धा अनुसार दान करते हैं, लेकिन मंदिर न्यास प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए वाटर कूलर की हालत बहुत खराब है, जिसके ऊपर दान किए गए व्यक्ति का नाम भी लिखा हुआ है। बाबा माईदास सदन के मुख्य गेट के पास लगा वाटर कूलर कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है, अपने स्थान पर भी नहीं है और इससे पानी भी नहीं निकल रहा है , जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



बाबा श्री माईदास सदन के बाहर वाटर कूलर की दयनीय स्थिति।

इस बारे में मंदिर के जेई विशाल ठाकुर से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली है और इसकी रिपेयर की जाएगी। इससे पता चलता है कि मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर गंभीर है और समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठा रहा है।

## महिलाओं को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 12 सितंबर तक चलाए जा रहे विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला परिषद ऊना के सम्मेलन कक्ष में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव एवं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश अनीता शर्मा ने की।

इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को महिलाओं और बच्चों के अधिकारों, कानूनी प्रावधानों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में पोक्सो अधिनियम, कानूनी जागरूकता, कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा ( पोश अधिनियम एवं शी बॉक्स) और नि:शुल्क विधिक सहायता सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अनीता शर्मा ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 (पोश एक्ट) का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव रहित कार्य वातावरण प्रदान करना है।



मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि 10 या अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति और छोटे संस्थानों के लिए स्थानीय शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। उन्होंने यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गई ऑनलाइन शिकायत प्रणाली है, जिसमें कार्यरत महिलाएं यौन उत्पीड़न से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं और उसकी स्थिति भी ऑनलाइन देख सकती हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने नि:शुल्क विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी दी, जो समाज के कमजोर वर्गों जैसे महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांगजन, औद्योगिक श्रमिक, कम आय वर्ग, कैदी और मानव तस्करी के शिकार लोगों के लिए उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरेंद्र कुमार ने मिशन शक्ति योजना की जानकारी साझा की। इस दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए उपलब्ध नि:शुल्क सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित, जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

## कठिन समय में विफल रही सरकार : मिन्हास

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने कहा कि हिमाचल प्रदेश हाल ही में आई भीषण आपदा से जूझ रहा है, जिसमें हजारों लोग प्रभावित हुए लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस कठिन समय में पूरी तरह विफल रही है।

जनता की पीड़ा और आवश्यकताओं पर कोई ठोस कदम न उठाते हुए केवल झूठी घोणाओं और उल-जलूल बयान बाजी सीमित रही। राहत और पुनर्वास कार्यों में प्रदेश सरकार की नाकामी साफ झलक रही है और ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के प्रति अपनी संवेदना एवं बड़ा दिल दिखाते हुए प्रदेश को 1500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज प्रदान करने का ऐलान किया है। इसके अलावा भी अन्य घोषणाएं की हैं। यह स्पष्ट दर्शाता है कि जब प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता को राहत पहुंचाने में विफल रही, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आगे बढ़कर हिमाचल की जनता का हाथ थामा और हरसंभव सहयोग दिया।

## यूनिट स्तरीय प्री-रिपब्लिक डे के लिए छात्र चयनित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा की एनएसएस यूनिट के तत्वावधान में यूनिट स्तरीय प्री-रिपब्लिक डे सिलेक्शन का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने जानकारी दी कि यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवियों को चयन प्रक्रिया की तीन चरणीय गाइडलाइन से होकर गुजरना पड़ा। इस प्रक्रिया में चार स्वयंसेवियों का चयन किया गया है पूनम कुमारी, तृतीय वर्ष, सुरुचि तृतीय वर्ष, कृष्ण कुमार बीबीए तृतीय सेमेस्टर और कुमारी मुस्कान (बीबीए तृतीय सेमेस्टर ये चयनित स्वयंसेवी आगामी 10 सितंबर 2025 को जिला स्तरीय प्री-रिपब्लिक डे सिलेक्शन में भटोली कॉलेज में भाग लेंगे।

## सोमभद्रा नदी में ट्रैक्टर के बह जाने से दो लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान, पंजवार/गगरेट**

- खेतों से काम कर वापस लौट रहे थे घर
- शवों को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा

उपमंडल गगरेट के कुठेहड़ा जसवाला गांव में सोमभद्रा नदी के तेज बहाव में एक ट्रैक्टर के बह जाने से ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई। एक का शव ट्रैक्टर के नीचे दबा बरामद हुआ, जबकि दूसरे का शव सोमभद्रा नदी में ही कुछ दूरी पर दबा मिला है। गगरेट पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है।

कुठेहड़ा जसवाला के संजीव कुमार पुत्र यशपाल (49 वर्ष) व सुरजीवन पुत्र रोशन सिंह (49 वर्ष ) सोमवार रात्रि सोमभद्रा नदी पार नंदपुर में ट्रैक्टर से अपने खेतों को जोतकर वापस आ रहे थे। उस समय सोमभद्रा नदी उफान पर थी। वे पानी की गहराई का अंदाजा अंधेरा होने के कारण लगा नहीं पाए। जैसे ही नदी पार करने के लिए उन्होंने ट्रैक्टर नदी में उतारा तो ट्रैक्टर अचानक पलट गया। इसके चलते ट्रैक्टर पर बैठा युवक पानी के बहाव के साथ बह गया और ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया।

हादसा होते किसी ने देख लिया और तत्काल मदद के लिए लोगों को फोन किया। लोगों ने ट्रैक्टर के नीचे से सरजीवन को निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। घटनास्थल से करीब दो सौ मीटर दूर संजीव का भी शव बरामद हो गया। दोनों शादीशुदा थे। सरजीवन की दो बेटियां और संजीव के एक बेटा व बेटी है। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया को दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा गया है।

## ऑनलाइन ठगी से बचाव व वित्तीय समावेशन पर दिया जोर

**अश्विनी, भाटिया, अनंत ज्ञान**

**जोल।** उप तहसील जोल की ग्राम पंचायत खरयालता के पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता केंद्र ऊना द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविर का आयोजन पीएनबी तलमेहडा बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्तीय सलाहकार आरबीआई राजकुमार डोगरा ने की।

इस मौके पर उनके साथ सीआरपी सुलोचना देवी और मनु कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डोगरा ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छोटी बचत के माध्यम से समृद्ध जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने बैंक से ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसमें ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीण उपभोक्ताओं को बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना और मुद्रा लोन जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही बैंक ऋण, जमा योजनाएं एवं अन्य बैंकिंग सेवाओं की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।



खरयालता पंचायत में वित्तीय साक्षरता शिविर में शामिल प्रतिभागी।

- खरयालता पंचायत में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

पीएनबी तलमेहड़ा के वरिष्ठ प्रबंधक रजनीश कुमार ने ऑनलाइन ठगी और बैंकिंग फ्रॉड से बचने के उपाए साझा किए।

उन्होंने इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण ऑन क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है। शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर खरयालता पंचायत के प्रधान अशोक शर्मा मोनू, पंचायत सदस्य बीरो देवी, आशा देवी, दीवान चंद सहित कई लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## अमन ने एशियन पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, ऊना**



विजेता को पुरस्कृत करते एएसपी और अन्य।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ऊना संजीव भाटिया ने एशियन पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के 120 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता अमन चौहान को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि समूचे हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अमन आने वाली भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है और उनकी लगन और मेहनत उन सभी युवाओं के लिए उदाहरण है जो खेलों में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।

इस दौरान एससी आयोग के सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा, विजय डोगरा और उनके भाई क्षितिज गिल उपस्थित रहे। इस दौरान अमन चौहान ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु जीवन कुमार और अपने माता-पिता को दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, खेल मंत्री यादविंद्र गोमा और एससी आयोग का भी प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

बता दें अमन चौहान कांगड़ा जिले के लंबागांव से संबंध रखते हैं। उन्होंने 16 से 18 अगस्त तक नेपाल के काठमांडू में आयोजित हुई एशियन पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 120 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। इस चैंपियनशपि म अमन चौहान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह स्वर्ण पदक हासिल किया।

## समीक्षा पीएम आदर्श ग्राम योजना के तहत एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने दिए दिशा-निर्देश

# योजना के गांवों में विकास कार्यों को तेजी से करें पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के तहत ऊना जिले के चयनित गांवों में चल रहे विकास कार्यों को तेज रफ्तार से पूरा करने के निर्देश दिए हैं । वह मंगलवार को डीआरडीए बैठक कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एडीसी ने कहा कि ग्राम विकास योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का समयबद्ध और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित हो तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्र जमा होने के बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी।

**पुस्तकालय निर्माण पर दें विशेष ध्यान :** गुर्जर ने कहा कि अन्य बुनियादी विकास कार्यों के साथ-साथ गांवों में आधुनिक पुस्तकालयों की स्थापना पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे पुस्तकालय बनाए जाएं, जहां सामान्य ज्ञान-विज्ञान की किताबों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी उपयुक्त संसाधन उपलब्ध हों।



एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर बैठक को संबोधित करते हुए।

**पहले चरण में 23, दूसरे में 13 गांव चयनित :** उन्होंने बताया कि योजना के पहले चरण में जिले के 23 गांव शामिल हैं, जिनके लिए 3 करोड़ 99 लाख 20 हजार रुपए प्रदान किए जा चुके हैं। इनमें से 2 करोड़ 42 लाख 67 हजार 406 रुपए खर्च किए जा चुके हैं। शेष धनराशि का सदुपयोग शीघ्र करने के निर्देश दिए। दूसरे चरण में 13 गांवों को शामिल किया गया है। उन्होंने उनकी ग्राम विकास योजनाएं जल्द सौंपने को कहा, ताकि वहां भी कार्य तेजी से शुरू हो सके।

**विवाद रहित कार्यों को प्राथमिकता :** एडीसी ने कहा कि ग्राम विकास योजना में ऐसे कार्य प्राथमिकता में रहें जिन पर किसी प्रकार का विवाद न हो, ताकि विकास की गति प्रभावित न हो। उन्होंने पूर्ण हो चुके कार्यों का विवरण फोटो सहित पीएमएजीवाई पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए।

**बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद :** बैठक में जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित, कृषि उपनिदेशक कुलभूषण धीमान, बागवानी उपनिदेशक केके भारद्वाज, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजीव शर्मा, खंड विकास अधिकारी अंब, हरोली, गगरेट व बंगाणा, संबंधित ग्राम पंचायत प्रधान, सचिव और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ये हैं पहले चरण के 23 चयनित गांव

पीएमएजीवाई में ऊना जिले के पहले चरण के 23 चयनित गांवों में गगरेट अप्पर, गोदरी सिद्ध, बसोली अप्पर, कंगरूही, लडोली, कैलाशनगर, कुंगड़थ, खड्ड खास, दुलैहड़, सासन, चतेहड़ बुहल, डबाली, खरोह, परोइयां कलां, बौल, मोह खास, त्यार, पनसाई, सकोहन, चौकी, जोल, सलोई और बटूही शामिल हैं।

### दूसरे चरण के 13 चयनित गांव

**वहीं,** योजना के दूसरे चरण में जिले के 13 गांव चयनित किए हैं, जिनमें बहडाला, भदसाली थोलियां, चलेट उपरला, डंगोह खास, धमांदरी, घंघरेट, गोंदपुर बनेहड़ा उपरला, जखेड़ा, कुनेरन निचला, कुरियाला, मैड़ी खास, पिरथीपुर निचला और सलोह उपरला गांव हैं।

## देश के ढांचे को सरल बनाने में कार्य कर रही मोदी सरकार : भाजपा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले के भाजपा नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के कर ढांचे को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी दिशा में हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संशोधन अधिनियम पारित किया गया है, जो आम जनता, व्यापारी वर्ग और उद्योग जगत - तीनों के लिए वरदान साबित होगा।

भारतीय जनता पार्टी ऊना व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, भाजपा मंडल प्रवक्ता बलविंदर गोल्डी, भाजपा मंडल महामंत्री नरेंद्र ठाकुर, तिलक राज, परमिंदर, मोहिंदर छिब्बर, युवा मोर्चा अध्यक्ष रूपिंदर सिंह, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य जसविंदर सिंह, पूर्व पार्षद नवदीप कश्यप, पवन कपिला, सौरभ लुंबा, विजय साहनी, राजेश दत्ता, सुखविंदर सांगरा, अनील सैनी, ललित समा, नीरज जैतक, परवीन सहोता, केशव चौधरी, सोनू चौधरी, साहिल, हरबिंदर, चरणदास, विकास पुरी, आकाश, पवन छिब्बर, अशोक पूरी, कमल शर्मा, मदन पुरी, विनय आगरा, सुरजीत सैनी, जतिंदर सैनी, राकेश सिंह गिक्का,विक्रम शर्मा, प्रमोद कपिला, रम्मी कपिला ने साझा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक जीएसटी सुधार से जनता को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा सरकार कर व्यवस्था को सरल और सुदृढ़ बनाना चाहती है जिससे सभी वर्गों को लाभ पहुंचे और भारत देश और समृद्ध हो, लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस सरकार वर्षों तक एक समान कर व्यवस्था लागू नहीं कर सकी। कांग्रेस सरकार और उनके नेताओं द्वारा बनाई गई कमजोर नीतियों के कारण व्यापार जगत हमेशा कई करों और भ्रष्टाचार के जाल में फंसा रहा। मोदी सरकार ने साहसिक निर्णय लेकर को लागू किया और अब इसमें लगातार सुधार कर जनता को राहत पहुंचाई जा रही है। इन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह संशोधन वास्तव में 'जनता के लिए, जनता के साथ और जनता के हित में' लिया गया निर्णय है।



हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला पहुंचने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत व अभिनंदन करते बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी।

## न्यूज ब्रीफ

### आज व कल सभी शिक्षण संस्थान रहेंगे बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू ने एक आदेश जारी करते हुए जानकारी दी है कि बंजार व मनाली उपमंडल में 10 व 11 सितंबर को सभी निजी व सरकारी शिक्षण आंगनबाड़ी केंद्र संस्थान बंद रहेंगे। वहीं, उपतहसील जरी में सभी शिक्षण संस्थान तथा कुल्लू उपमंडल में निम्नलिखित स्कूल केवल 10 सितंबर को बंद रहेंगे। इनमें 1 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खलोगी 2. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बागन 3. राजकीय उच्च विद्यालय, नरोगी, राजकीय उच्च विद्यालय, बस्तोरी 5. राजकीय उच्च विद्यालय, चहानी 6, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बागन, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, नरोगी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, धरमोट, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, दोघरी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पीज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बधाई, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बेधार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बुआई, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, लोट, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, चोपरसा, राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय, करटह, राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय, शरणा। आदेश में कहा गया कि इन स्थानों पर सड़कों कि खराब स्थिति व छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यह आदेश जारी किये गए हैं।

### लापता हुई दो नाबालिग लड़कियां सुरक्षित बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** काजा में सरकारी स्कूल के छात्रावास से लापता हुई दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया है। लाहौल-स्पीति की पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला ने बताया कि पुलिस को दो नाबालिग छात्राओं के लापता होने की सूचना मिली थी। शिकायत के बाद, धारा 137(2) बीएनएस के तहत एफआईआर संख्या 25/25 दर्ज की गई और एसडीपीओ काजा अजय भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस दल गठित किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने गहन तलाशी के बाद दोनों लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर लिया है। जांच के दौरान, मामले में शामिल दो आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### 25 को कुल्लू में, 26 को मनाली में होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कुल्लू राजेश भंडारी ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से मनाली में 8 सितंबर और आरटीओ कुल्लू के लिए 18 सितंबर को निर्धारित ड्राइविंग टेस्ट को पुनर्निर्धारित किया गया है, अब आरएलए मनाली के लिए 26 सितंबर और आरटीओ कुल्लू के लिए 25 सितंबर के लिए रखा गया है।

### चाइल्ड हेल्प लाइन के महत्व की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर में चाइल्ड हेल्प लाइन के रिसोर्स पर्सन द्वारा बच्चों के अधिकारों के बारे में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। रिसोर्स पर्सन ने बच्चों को उनके अधिकारों, विशेष रूप से शिक्षा, सुरक्षा, और शोषण से मुक्ति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन के महत्व और जरूरत पड़ने पर इसका उपयोग कैसे किया जाए, इसकी भी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव और कम उम्र में विवाह (बाल विवाह) के गंभीर दुष्परिणाम पर भी जोर दिया। रिसोर्स पर्सन ने समझाया कि ये दोनों ही चीजें बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को कैसे प्रभावित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन कुरीतियों से दूर रहें और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं। इस अवसर पर, स्कूल के प्रधानाचार्य तिलक राज ने चाइल्ड हेल्प लाइन के रिसोर्स पर्सन का विद्यालय में आने पर स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से रिसोर्स पर्सन द्वारा साझा किए गए विचारों को अपने जीवन में अपनाने का अनुरोध किया।

### प्रभावितों तक सहायता पहुंचाना प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंज में लगाए राहत शिविर में रह रहे लोगों से भेंट की और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। डीसी ने बंजार उपमंडल के आपदा प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से भेंट कर उनकी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। डीसी ने कहा कि मानसून सीजन में जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, ऐसे लोगों को राहत केंद्रों में रखा गया है। उन्होंने कहा कि जो परिवार किराये के भवनों में रह रहे हैं, उनके किराये की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को असुरक्षित भवनों में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी और लोगों से भी अपील की कि वे स्वेच्छा से ऐसे भवनों को छोड़ दें। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकारी मशीनरी युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। जिलेभर में मानसून से सड़कों, पुलों, बिजली आपूर्ति और पेयजल योजनाओं को भारी नुकसान हुआ है, जिसकी बहाली का कार्य तेजी से किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि जिन क्षेत्रों से राशन की मांग आ रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में पूर्ण रूप से कटे कुछ क्षेत्रों के लिए 125 क्विंटल से अधिक राशन किट एयर ड्राप किया गया है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हर प्रभावित व्यक्ति तक राहत पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग से कटे क्षेत्र की महिलाएं, जिनकी प्रसूति के लिए एक से डेढ़ महीना शेष है। ऐसी महिलाओं की सुविधा के लिए इन्हें सीएचसी तेगुबहड़ में स्थानांतरित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

# शमारनी की गलियों में पसरा मातम

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** निरमंड खंड की घाटू पंचायत के शमारनी गांव में मंगलवार तड़के ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक और सदमे में डाल दिया। पहाड़ से टूटे मलबे ने रात को चैन की नींद सो रहे शिवराम के परिवार पर कहर बरपाया। देखते ही देखते परिवार के पांच सदस्य मलबे में दब गए और हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह गए। गांव में मातम का ऐसा माहौल छा गया है, मानो हर आंगन से चूल्हे की आग बुझ गई हो।

इस त्रासदी में शिवराम ने अपनी पत्नी, बेटे, बहू और दो मासूम पोते-पोती को खो दिया। खुद गंभीर रूप से घायल शिवराम के लिए यह गम सहना असंभव है। इनके साथ उसने जिंदगी गुजारनी थी, उन्हें अपनी आंखों के सामने खो देने का दर्द शब्दों में बयान करना कठिन है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को गांव में एक साथ पांच चिताएं जलेंगी और अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी शिवराम का भतीजा निभाएगा। यह दृश्य पूरे इलाके के लिए हृदय विदारक होगा। ग्राम पंचायत प्रधान भोगा राम ने बताया कि हादसे की खबर मिलते ही जब वे मौके पर पहुंचे, तो दृश्य बेहद भयावह था। पहाड़ी से और भूस्खलन का खतरा बना हुआ था, बावजूद इसके ग्रामीणों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया। किसी तरह से आठ में से तीन लोगों को जीवित निकाल लिया गया, लेकिन बाकी पांच की मौत ने सबकी आंखों को नम कर दिया। विशेषकर जब बच्चों के निर्जीव शरीर मलबे से निकाले गए, तो वहां मौजूद हर शख्स की रूह कांप गई और आंसू बह निकले। आज शमारनी गांव गमगीन है। हर घर से बस यही आह निकल रही है काश यह हादसा न हुआ होता। गांव की गलियों में मातम पसरा है और लोग एक-दूसरे को ढांढस बंधाते हुए उस परिवार की यादों में डूबे हुए हैं। यह त्रासदी आने वाले समय तक गांव और क्षेत्र की स्मृतियों में एक गहरे जख्म की तरह बनी रहेगी।

## निरमंड हादसे पर विधायक ने जताया शोक, मौके पर जाकर लिया जायजा



निरमंड भूस्खलन हादसे के प्रभावितों को गले लगाकर ढांढस बंधाते हुए आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार।

अनंत ज्ञान, आनी

आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने विकास खंड निरमंड की ग्राम पंचायत घाटू के शर्मानी गांव में हुए भूस्खलन हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने घटना की सूचना मिलते ही मौके का रुख किया और प्रभावित परिवारों से मिलकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। विधायक ने कहा कि यह हादसा हृदय विदारक है। इसमें क्षेत्र ने अपनों को खो दिया। उन्होंने कहा कि इस आपदा ने ऐसे जख्म दिए हैं, जिन्हें भरना आसान नहीं होगा। हादसे में जहां 5 लोगों की दुखद मौत हो गई है। वहीं, तीन लोगों को ग्रामीणों के सहयोग से मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की।

# सत्य प्रकाश ठाकुर को एक बार फिर भुट्टिको की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भुट्टी विवर्ज हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी भुट्टि कालोनी के प्रबंधक कमेटी के चुनाव विधिवत रूप से संपन्न हुए। इसमें नौ जोन से निदेशक सत्य प्रकाश ठाकुर, रोहित ठाकुर, मोहर सिंह, मदन लाल, आत्मा राम, इंद्रा देवी, सोहन सिंह, जोगध्यान व प्रेम सिंह चुने गए।

इसकी घोषणा मनीषा भारद्वाज निर्वाचन अधिकारी, निरीक्षक सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं कुल्लू द्वारा की गई। इसके उपरांत सर्वसम्मति से सत्य प्रकाश ठाकुर को अध्यक्ष, रोहित ठाकुर व मोहर सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर नए अध्यक्ष व पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने चुने हुए सभी निदेशक मंडल के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि आशा करता हूं कि आने वाले समय में सभी निदेशक मंडल के सदस्य मिलजुलकर इस सभा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे तथा हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के कारण सभा को जो आर्थिक संकट आया है, उसमें जल्द उभरने में सफलता हासिल करेंगे। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष ने निर्वाचन अधिकारी मनीषा भारद्वाज द्वारा सभा के करवाए, गए निष्पक्ष चुनाव के लिए उन्हें धन्यवाद किया व शॉल व टोपी से सम्मानित किया।



भुट्टिको सोसायटी की नई कार्यकारिणी में चुने हुए सदस्य व निर्वाचन अधिकारी।

# दशहरा उत्सव के दौरान दिन के समय कलाकेंद्र में होगा लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

**प्रदर्शन की अवधि सिर्फ 10 से 12 मिनट तक ही होगी**

जिला भाषा अधिकारी कुल्लू प्रोमिला गुलेरिया ने कहा कि दशहरा उत्सव समिति द्वारा दशहरा उत्सव के दौरान दिन के समय लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में जिला कुल्लू के लोक नृत्य दलों की लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोक नृत्य दलों के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार लोक नृत्य दलों में कलाकारों की संख्या 22 से ज्यादा नहीं होगी। इसमें दल के गायक, वादक और नर्तक भी शामिल होंगे। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रदर्शन की अवधि सिर्फ 10 से 12 मिनट तक ही होगी। प्रतियोगिता में पारंपरिक नृत्य, गीत व वादन ही प्रस्तुत किया जाएगा। संबंधित दल अपने ही क्षेत्र में प्रचलित नृत्य, गीत और संगीत प्रस्तुत करेगा। नृत्य दलों द्वारा परंपरागत वाद्यों का ही प्रयोग किया जाएगा। नर्तकों, गायकों, वादकों के परिधान व आभूषण परंपरागत व मूल होने चाहिए। निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा। लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले दलों को दशहरा समिति कुल्लू द्वारा नाम राशि व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। लोक नृत्य प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के इच्छुक लोक नृत्य दल 25 सितंबर से पहले जिला भाषा अधिकारी कार्यालय, देव सदन भवन, ढालपुर, कुल्लू में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01902-222406 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों का केंद्रीय टीम ने किया दौरा

अनंत ज्ञान, बंजार



मानसून सीजन में भारी वर्षा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने मंगलवार को बंजार उपमंडल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान केंद्रीय टीम ने मौके पर जाकर प्रभावित परिवारों से भेंट की और नुकसान का विस्तृत आकलन किया।

केंद्रीय टीम में गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव जी. पार्थसारथी, केंद्रीय जल निगम (जल शक्ति मंत्रालय) के निदेशक वसीम अशरफ, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के मुख्य अभियंता अनिल कुमार कुशवाहा, प्रदेश सरकार की ओर से संयुक्त सचिव (डिजास्टर मैनेजमेंट) निशांत ठाकुर, एचआरटीसी के कार्यकारी निदेशक मुरारी लाल और टीसीबी स्पेशलिस्ट डॉ. कृष्ण चंद शामिल रहे। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित केंद्रीय टीम के साथ मौजूद रही और टीम को अलग-अलग स्थानों में हुए नुकसान की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। केंद्रीय टीम ने निरीक्षण के दौरान शाड़ावाई में उठाऊ पेयजल योजना, बजौरा पुल के पास उठाऊ सिंचाई योजना, निर्माणाधीन आयुर्वेदिक अस्पताल भवन, कोटला उठाऊ पेयजल योजना, जिला मंडी के बालीचौकी में भारी भूस्खलन से भवनों को हुआ नुकसान और एनएच-305 पर जगह-जगह भूस्खलन से क्षतिग्रस्त स्थिति का भी जायजा लिया। केंद्रीय टीम ने बंजार उपमंडल में जगह-जगह हुए भूस्खलन के कारण सड़कों, पुलों, सरकारी भवनों, पेयजल योजनाओं, बिजली आपूर्ति लाइनों और लोगों के रिहायशी भवनों का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय टीम ने बंजार उपमंडल के बहुत से गांवों की जमीन धंसने का भी जायजा लिया। केंद्रीय टीम ने शिल्ली गांव, सराई गांव में लोगों के घरों को हुए नुकसान, सिदवां जीरो प्वॉइंट, तांदी धार गांव, पलाच गांव, नगर पंचायत बंजार में (दाडू धार), कॉलेज रोड बंजार, बिहाली गांव, तीर्थन वैली, तलाड़ा गांव, सारी, धारा और कंड गांव में हुए भूस्खलन एवं धंसाव की स्थिति का जायजा किया। इसके अतिरिक्त टीम ने सैंज घाटी के एनएचपीसी सिउंड डैम क्षेत्र का भी दौरा किया। इसके साथ लगते सोती गांव की जमीन धंसने का भी जायजा लिया। केंद्रीय टीम ने प्रभावित इलाकों की गंभीर स्थिति का विस्तृत अध्ययन किया। केंद्रीय टीम दो दिन के कुल्लू प्रवास के बाद वापस लौट गई।

# निर्देशों की अनुपालना पर फिलिंग स्टेशन पर 10,000 रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** डीसी लाहौल-स्पीति व अध्यक्ष आपदा प्रबंधन प्राधिकरण किरण भड़ाना ने बताया कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत पेट्रोल व डीजल विक्रेताओं को आवश्यक ईंधन भंडार बनाए रखने के निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे, ताकि वर्तमान आपदा की स्थिति में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित रह सके। इसके बावजूद केलांग स्थित एम/एस उपासक फीलिंग स्टेशन द्वारा निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया।

इस संबंध में 31 अगस्त को उक्त विक्रेता को नोटिस जारी किया गया था, परंतु प्राप्त जवाब के बाद भी आवश्यक सुधार नहीं किया गया। जिला आपदा प्राधिकरण प्रबंधन ने इस गंभीर लापरवाही को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 एवं 34 के अंतर्गत एम/एस उपासक फिलिंग स्टेशन पर 10,000 रुपए का दंड लगाया है। उन्होंने बताया कि निर्देशों का अनुपालन न करने पर विक्रेता के खिलाफ संचालन निलंबन, परिसर जब्ती तथा आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त दंड राशि सात दिनों के भीतर जिला कोषागार में जमा करना अनिवार्य होगी तथा इसकी अनुपालना की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रस्तुत करनी होगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कठोर कदम आपदा प्रबंधन में निरंतरता बनाए रखने और जनहित की रक्षा के लिए उठाया गया है तथा भविष्य में भी इस संबंध में कड़ी निगरानी जारी रहेगी।

# युवतियों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश महिला विकास निगम केलांग ने युवतियों को रोजगार योजना एवं ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण योजना की जानकारी दी। कार्यवाहक जिला प्रबंधक हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति विकास निगम केलांग कमल जीत ठाकुर ने बताया कि निगम का उद्देश्य स्थानीय युवतियों को आर्थिक आत्मनिर्भरता व उच्च शिक्षा के लिए सक्षम बनाना है। हिमाचल प्रदेश महिला विकास निगम द्वारा प्रदेश की पात्र युवतियों को अपना रोजगार स्थापित करने के लिए अधिकतम 1,00,000 तक का ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर प्रदान किया जाता है। इस योजना में 6 महीनों की ब्याज रहित अवधि भी दी जाती है। आवेदन के लिए महिला की आयु 18 से 55 वर्ष तथा परिवार की वार्षिक आय अधिकतम 1,00,000 होनी चाहिए। महिला विकास निगम द्वारा प्रदेश की पात्र युवतियों को उच्च शिक्षा के लिए 75,000 तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। ऋण की चुकौती नौकरी प्राप्ति के 6 माह बाद आसान किस्तों में प्रारंभ होती है। योजना का लाभ उन्हीं छात्राओं को मिलेगा, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में 1,00,000 से अधिक न हो। ऋण के लिए सम मूल्य की जमानत या भूमि गिरवी रखनी होती है। यह योजना वर्ष 1997-98 से सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही है। शैक्षिक ऋण केवल उन्हीं छात्राओं को दिया जाएगा, जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से नियमित अध्ययनरत हैं।

# मनाली-लेह मार्ग बहाल, ट्रक चालकों ने ली राहत की सांस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

बीआरओ ने मनाली-लेह मार्ग को बहाल कर दिया है। ब्यास नदी में बाढ़ आने के चलते 26 अगस्त से बंद इस मार्ग के बहाल हो जाने से दो सौ से अधिक बड़े वाहन चालकों सहित लाहौल के किसानों को बड़ी राहत मिली है।

सेना के वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई थी। सड़क बंद हो जाने के कारण लेह से मनाली आ रहे ट्रक चालक जगह-जगह फंस गए थे। बीआरओ ने सभी जगह सड़क एक सप्ताह के भीतर बहाल कर ली थी, लेकिन मनाली के समीप वशिष्ठ व समाहन में सड़क बहाल करना उनके लिए चुनौती बना हुआ था। हालांकि, समाहन में सड़क जैसे-कैसे बहाल कर ली है, लेकिन सफर जोखिमभरा है। पहाड़ी से पत्थर आने की स्थिति में नुकसान हो सकता है। दूसरी ओर धुंधी के पास सड़क अभी छोटे वाहनों के लिए ही बहाल हुई है। लेह से आने वाले बड़े वाहनों को टनल के नार्थ पोर्टल से कोकसर रोहतांग होते हुए ही मनाली आना पड़ेगा। धुंधी सहित नेहरुकुंड, वशिष्ठ व समाहन में सड़क एक तरफा होने से ट्रैफिक जाम भी लगा, लेकिन वाहन चालकों को दो सप्ताह बाद राहत मिल गई। बीआरओ द्वारा युद्धस्तर पर काम करने से लाहौल के किसान खुश हैं। किसान राहुल, किशन व रतन ने बताया कि सड़कें बंद होने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है, लेकिन अब सड़क बहाल होने से राहत मिली है। उन्होंने सड़क की युद्धस्तर पर बहाली के लिए बीआरओ का आभार जताया। गत सोमवार को मौके पर पहुंचे बीआरओ की दीपक परियोजना के चीफ इंजीनियर राहुल कुमार ने सड़कों की बहाली के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कमांडर कर्नल गौरव सहित उनकी टीम का होंसला बढ़ाया।

## ट्रक चालकों को निशुल्क भोजन खिलाकर पेश की मानवता की मिसाल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** लेह से मनाली आ रहे ट्रक चालकों को आपदा ने जख्म दिए तो मनाली के ग्रामीणों ने उनके लिए खाने-पीने की व्यवस्था कर उनके जख्मों पर मरहम लगाया। इस नेक कार्य में मनाली पैराग्लाइड एसोसिएशन और हिंद युवक मंडल बुरुआ भी पीछे नहीं रहा। इन्होंने नेहरुकुंड व बाहंग में फंसे ट्रक चालकों के लिए लगातार नौ दिन खाने-पीने की व्यवस्था की। लेह से आ रहे ट्रक चालकों का जैसे ही पलचान नेहरुकुंड व बाहंग में फंसने का पता चला, तो बुरुआ पंचायत ने नेहरुकुंड, पलचान ने पलचान व रुआड़ शनाग व वशिष्ठ के ग्रामीणों ने बाहंग में मानवता की मिसाल पेश की। पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र पाल ने बताया कि नेहरूकुंड में फंसे ट्रक चालकों के लिए लगातार नौ दिन तक लंगर सेवा चलाकर मानवता की सशक्त मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि भारी बारिश व भूस्खलन के कारण नेहरूकुंड के पास फंसे ट्रक चालकों के लिए मनाली पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन और हिंद युवक मंडल बुरुआ ने संयुक्त रूप से नौ दिन तक लंगर सेवा जारी रखी। उन्होंने बताया कि लगातार खराब मौसम के चलते कई वाहन चालकों को भोजन व जरूरी सुविधाओं की परेशानी हो रही थी, ऐसे समय में स्थानीय युवाओं व संगठनों ने आगे बढ़कर उनकी मदद की। लंगर में गरम खाना, चाय और पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिससे सैकड़ों लोगों को राहत मिली।

> **लाहौल** के किसानों व लेह-लद्दाख आने-जाने वाले वाहन चालकों की दिक्कत को देखते हुए मनाली-लेह मार्ग बहाली का कार्य युद्धस्तर पर किया गया है। फिलहाल क्षतिग्रस्त सड़कों को एक तरफा वाहनों के लिए बहाल किया है। जल्द ही अटल टनल मार्ग भी बड़े वाहनों के लिए बहाल किया जाएगा
>
> **कर्नल गौरव, कमांडर बीआरओ।**

# पंचायत कोटला और चकुरठा में राशन खत्म

**अनंत ज्ञान, बंजार।** भारी बारिश के चलते ग्राम पंचायत कोटला व चकुरठा में भारी तबाही मची है। यहां जगह-जगह भूस्खलन हुआ है। वहीं, सड़कें तबाह हो गई हैं। दोनों पंचायतों का संपर्क शेष दुनिया व मुख्य बाजार से कट गया है। पिछले 15 दिनों से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और अब लोगों के घरों में खाद्य सामग्री समाप्त हो चुकी है। स्थानीय जनता ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि उन्हें जल्द उनके गांव तक राशन पहुंचाया जाए। कोटला पंचायत के प्रधान तेजा सिंह व चकुरठा की प्रधान ठाकरी देवी ने बताया दी कि दोनों पंचायतों में लोगों के पास राशन खत्म हो गया है। ठाकरी ने बताया कि उनकी पंचायत के गांव पढारणी, फगवाना, दलयाड़ा में राशन की किल्लत आ गई है। वहीं, कोटला पंचायत के प्रधान तेजा ने बताया कि उनके गांव लौल, धराखरी, धारा, जनेड़ा, कोटला में भी राशन की किल्लत हो गई है। उन्होंने मांग की है कि जल्द उनकी पंचायतों को हेलिकॉप्टर के माध्यम से राशन भेजा जाए।

# छात्रों की समस्याओं को अब और अनदेखा किया, तो होगा आंदोलन



एबीवीपी कुल्लू इकाई के कार्यकर्ता मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कुल्लू इकाई ने मंगलवार को कुल्लू महाविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया और सह प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपा।

छात्रों ने कॉलेज में कई दिक्कतों को सामने रखा। इनमें कॉलेज की बिल्डिंग और ढांचे को मजबूत करना, आर्ट्स ब्लॉक के पास स्लाइडिंग जगह पर सेफ्टी वॉल लगाना, वॉशरूम में सफाई और पानी की सही व्यवस्था करना, छात्रों के लिए पार्किंग सुविधा, एमएससी जैसे नए विषय शुरू करना, साफ पेयजल की सुविधा, टूटा-फूटा फर्नीचर बदलना, कॉलेज में बाहर के लोगों की एंट्री रोकना व ऑडिटोरियम बनवाना शामिल है। इकाई अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने कहा कि स्टूडेंट्स लंबे समय से इन समस्याओं से परेशान हैं, लेकिन प्रशासन की तरफ से अब तक कोई पुख्ता कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने साफ कहा कि अगर जल्दी कार्रवाई नहीं हुई, तो परिषद को आंदोलन तेज करना पड़ेगा। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का हल नहीं निकलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

**दौरा** पीएम मोदी ने हिमाचल को दी वित्तीय सहायता, भाजपा ने जताया आभार

# केंद्र की इस मदद से प्रभावित परिवारों को मिलेगी बढ़ी राहत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता अखिलेश कपूर।



जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद।

हिमाचल प्रदेश में बीते दिनों से हो रही भारी बारिश व बाढ़ के चलते करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। हालातों का जायजा लेने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मंगलवार को हिमाचल प्रदेश का दौरा किया गया।

इस दौरान जहां पीएम के द्वारा आपदा प्रभावित परिवारों के साथ मुलाकात की। वहीं, प्रभावित परिवारों की मदद करने के लिए भी उन्हें केंद्र सरकार से बजट उपलब्ध करवाया गया है, ऐसे में भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करती है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता अखिलेश कपूर और जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि धर्मशाला में पीएम मोदी के द्वारा बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ भी मुलाकात की गई और यहां पर 1500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज भी जारी किया गया। संयुक्त बयान में प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर और जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हिमाचल का दौरा कर बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का हवाई सर्वेक्षण किया और कांगड़ा में बैठक कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। ऐसे में प्रदेश की मदद के लिए प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ की वित्तीय सहायता की घोषणा की। इसके अलावा आपदा में जान गंवाने वालों के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और घायलों को 50,000 की सहायता प्रदान करने की बात कही। केंद्र की इस मदद से प्रभावित परिवारों को बढ़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आपदा में जिन लोगों के घर नष्ट हुए हैं, उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को पक्के मकान मिलेंगे और जिन किसानों की भूमि बाढ़ या भूस्खलन में नष्ट हो गई हैं, उन किसानों के लिए विशेष सहायता भी दी जाएगी। इसमें बिजली कनेक्शन भी शामिल हैं। इसके अलावा हजारों स्कूली छात्रों की शिक्षा के लिए प्रभावित स्कूल भवनों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि प्रदेश में बच्चों की शिक्षा बाधित न हो। अखिलेश कपूर व अमित सूद ने कहा कि बाढ़ के कारण नदी-नालों का रुख मुड़ गया है और इससे लोगों को भी पेयजल दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में प्रदेश में जल संरक्षण के लिए संरचनाओं का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि भूजल का स्तर भी सुधर सके। राष्ट्रीय राजमार्गों का पुनर्निर्माण भी केंद्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल है और पशुपालकों के लिए मिनी किट्स जारी की जाएंगी, ताकि प्रदेश में पशु पालन से जुड़े लोगों को फायदा हो सके। प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर व जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि मंगलवार को पीएम ने धर्मशाला में प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। ऐसे में पीएम मोदी ने एनडीआरएफ व एसडीआरएफ सेना, प्रशासन और आपदा मित्रों के प्रयासों की सराहना की और प्रदेश के पुनर्निर्माण में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# सरकार की लापरवाही से आमजन को राहत नहीं मिल रही: सुरेंद्र शौरी

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रदेश सरकार व प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य आपदा की भयंकर मार झेल रहा है, लेकिन सरकार की संवेदनहीनता व लापरवाही के कारण आम जनता को राहत नहीं मिल रही है। विधायक ने कहा कि भारी वर्षा व भूस्खलन से बंजार विधानसभा क्षेत्र में सड़कें बंद हैं, पुल टूट गए हैं, और लोग अपने घरों से बेघर हो चुके हैं। इसके बावजूद सरकार का राहत कार्यों में कोई ठोस प्रयास दिखाई नहीं देता।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक अमला सिर्फ कागजी कार्रवाई में व्यस्त है और जमीनी स्तर पर पीड़ित लोगों को सहायता नहीं मिल पा रही है, जब जनता त्राहिमाम कर रही है, तब सरकार व प्रशासन का यह रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही से एनएच-305 बहाल होने में देरी हुई है। इससे मरीजों व राहत सामग्री की आवाजाही में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, अभी भी जगह-जगह पर सड़क की दयनीय स्थिति है। वहीं, नागरिक अस्पताल बंजार में मरीजों को पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। भारी भूस्खलन से बंजार कॉलेज का भवन गिरने की कगार पर है।

उन्होंने कहा की लोगों को राशन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध नहीं करवा पा रहा। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य सड़कें बहाल न होने के कारण लोगों की फल व सब्जियां खेतों में ही सड़ गईं। विधायक शौरी ने कहा कि अभी तक बंजार विधानसभा क्षेत्र में 600 से अधिक रिहायशी मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। शौरी ने मांग की कि सरकार तत्काल प्रभाव से राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाए और सभी प्रभावित लोगों को समुचित सहायता उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार ने स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया, तो आपदा के इस भयंकर दौर में भी जनता के साथ मिलकर सड़कों में आंदोलन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मच्छरों का प्रकोप, मलेरिया का बढ़ा खतरा

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। सिरमौर जिले के सतौन में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई घरों में सभी लोग बुखार और संक्रमण से पीड़ित हैं। क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र में बुखार और इन्फेक्शन के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। इससे लोगों में मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय निवासी खतरी राम, धीरेंद्र सिंह, बीजा राम ठुंडू, राजेंद्र शर्मा, आचार्य तरुण शर्मा, सुनील कुमार, रणजीत सिंह, कमला देवी, सुरेंद्रा देवी, सतीश कुमार आदि का कहना है कि शाम होते ही सतौन में मच्छरों का हमला शुरू हो जाता है। खुली नालियों, गंदे पानी और बरसात के बाद जमा हुए गड्ढों में मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ रही है यदि समय रहते रोकथाम के कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीणों ने पंचायत और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जल्द दवाई का छिड़काव करवाया जाए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि बीमारी फैलने से रोकी जा सके। सतौन के लोगों में इस बात को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है कि अगर विभाग ने त्वरित कार्रवाई नहीं की तो मलेरिया का प्रकोप महामारी का रूप ले सकता है।

### खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग के लिए टीम रवाना

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। सिरमौर जिले के विकासखंड पांवटा साहिब के कोटड़ी व्यास स्पोर्ट्स क्लब के ग्राउंड में 3 दिवसीय कैंप के बाद एसआरसी हिमाचल की रग्बी टीम को युवा समाजसेवी राजेश चौधरी (राजेश मोबाइल गैलरी माजरा) ने टीम को उत्तराखंड के हरिद्वार रोशन बाद स्टेडियम में खेलो इंडिया रग्बी अस्मिता लीग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए किट व अपना आशीर्वाद देकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि हर एक खिलाड़ी, बच्चों को खेल खेलना चाहिए, जिससे हम फिट रहेंगे व नशे से भी बच सकेंगे। वहीं, टीम में स्नेहा, महक, नंदिता, अंकिता, जोया, रितिका, आंशु, कोमल दीपिका, स्नेहा चौधरी आदि खिलाड़ियों ने समाजसेवी राजेश चौधरी का इस नेक काम के लिए धन्यवाद किया। उसके बी क्लब के कोच धर्मेंद्र चौधरी टीम के कोच सुधीर व मैनेजर रूबी चौधरी एसएमसी कोटडी व्यास के अध्यक्ष मान सिंह ने भी समाजसेवी राजेश चौधरी को किट स्पॉसर व टीम को रवाना करने के लिए आशीर्वाद के लिए धन्यवाद किया। राजेश चौधरी पहले भी कोटड़ी व्यास के खिलाड़ियों के लिए हमेशा प्रोत्साहन करते रहे हैं। धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि पिछले वर्ष हमारी सीनियर रग्बी टीम ने ब्रांज मेडल व जूनियर टीम ने गोल्ड मेडल व 51000 की राशि इनाम में प्राप्त की थी।

### सरदार हरभजन सिंह बने संस्था के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। गुरुद्वारा श्री पांवटा साहिब में सर्वधर्म सर्व समाज की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गुरुद्वारा अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष किसी भी आपदा की स्थिति में पीड़ितों की मदद के लिए एक संस्था बनाई जाए। यह संस्था आपदा प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी वास्तविक आवश्यकताओं की पूर्ति तब तक करेगी, जब तक वे स्वयं आत्मनिर्भर होकर खड़े नहीं हो जाते। इस अवधि तक संस्था की ओर से पीड़ितों को निरंतर पूर्ण प्रसाद (सहायता सामग्री) उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में तय किया गया कि हिमाचल व पंजाब दोनों राज्यों में संस्था एक-एक गांव को गोद लेगी और वहां की जरूरतों को पूरा करेगी। इसके लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया। इसमें नुसरत अली, हरजीत सिंह फौजी, जीवन सिंह फौजी और गुरविंदर सिंह गोपी को शामिल किया गया। यह कमेटी प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का आकलन करेगी और अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। अगली बैठक 21 सितंबर को गुरुद्वारा साहिब कैंटीन हाल में आयोजित की जाएगी। इसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में संगठन का नाम सर्वसम्मति से पांवटा साहिब साध संगत सेवा समिति रखा गया। साथ ही सरदार हरभजन सिंह को संस्था का अध्यक्ष चुना गया। संस्था के सदस्य के रूप में सरदार तरसेम सिंह सग्गी, गुलजार सिंह निहालगढ़, नरेंद्रपाल सिंह सहोटा, हरप्रीत सिंह खालसा, डॉ. रोहताश नागिया, इंदरजीत मीका, मनीष तोमर, मौलाना कबीरुद्दीन फरहान, परविंदर बिट्टू, कमलजीत, वरिंदर सिंह खालसा आदि समाजसेवी शामिल किए गए। बैठक में उपस्थित संगत ने इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया और इसे समाजसेवा की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

### सेवानिवृत्त पूर्व कैप्टन जगदेव का निधन

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन के प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर के पिता पूर्व कैप्टन (सेवानिवृत्त) जगदेव सिंह राठौर का सोमवार प्रातः 7:9 बजे फोर्टिस अस्पताल मोहाली में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे और पिछले तीन दिनों से हृदय संबंधी बीमारी के चलते उपचाराधीन थे। कैप्टन जगदेव सिंह राठौर ने भारतीय सेना की 222 फील्ड रेजिमेंट में 32 वर्षों तक सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे निस्वार्थ भाव से समाजसेवा में सक्रिय रहे। वे अपने नेक दिल, मिलनसार और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनका पैतृक निवास गांव रिहाल, डाकघर हनुमान बड़ोग है। उनके निधन से न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन व योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### डॉ. शांडिल आज सोलन जिले के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 10 सितंबर को सोलन के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 10 सितंबर को प्रातः 11.30 बजे डीसी कार्यालय सोलन में जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### बच्चे 1098 हेल्पलाइन का दुरुपयोग न करें

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। चाइल्ड हेल्पलाइन सिरमौर की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर भारापुर (धौलाकुआं ब्लॉक) में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, उनके अधिकारों व बच्चों से जुड़े कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी देना रहा। शिविर की शुरुआत में चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर सुरेश पाल ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य अर्चना गुप्ता और बच्चों का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों-जीवन का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, सहभागिता का अधिकार और विकास के अधिकार के साथ-साथ उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि 1098 हेल्पलाइन का दुरुपयोग न करें और केवल जरूरत पड़ने पर ही इसका इस्तेमाल करें। शिविर में सरकार द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई सिरमौर के माध्यम से चल रही योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप स्कीम, सुख शिक्षा योजना और सुख आश्रय योजना की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों को मोबाइल फोन के प्रयोग और उससे होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

### राजस्व खातों को आधार व मोबाइल से जोड़ना अनिवार्य

अनंत ज्ञान, नाहन। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जिला वासियों से आह्वान किया कि जिले के सभी भू-मालिक संबंधित ग्राम पंचायत में ग्रामीण राजस्व अधिकारी(पटवारी)से संपर्क कर निर्धारित तिथि पर राजस्व खातों को आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से लिंक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भू-मालिकों के राजस्व खातों को आधार कार्ड व मोबाइल नं. से लिंक करने के कार्य को प्राथमिकता के तौर पर निपटाया जाना है, ताकि सभी भू-मालिकों को पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, राजस्व कोर्ट केस, पीएम किसान सम्मान निधि योजना व अन्य राजस्व कार्यों को करने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। डीसी ने कहा कि भू-मालिक इन शिविरों के लिए निश्चित की गई तिथियों की जानकारी के लिए ग्रामीण राजस्व अधिकारी(पटवारी)से संपर्क कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए आठ खिलाड़ी चयनित

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। नेपाल के पोखरा में आयोजित होने वाली 11वीं वेस्ट एशिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में हिमाचल से आठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इन आठ खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ी जिला सोलन से चयनित किए गए हैं। इनमें से दो क्रिकेट खिलाड़ी दाड़लाघाट क्षेत्र से चुने गए हैं। इन खिलाड़ियों के कोच हुतासन शर्मा जो ग्राम पंचायत सूरजपुर से संबंध रखते हैं। उन्होंने बताया कि यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि इस क्षेत्र से भी क्रिकेट की प्रतिस्पर्धा में खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुने गए हैं। हुतासन शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश से चयनित खिलाड़ियों में सोलन जिले से अंकुश ठाकुर, सौरभ शर्मा, नमन राणा, नमन चंदेल तथा हमीरपुर से आरव वशिष्ठ, बिलासपुर से सुजल शर्मा पुत्र जगत राम, मनवीर सिंह शिमला, सुजल शर्मा पुत्र राकेश कुमार बिलासपुर से संबंध रखते हैं। उन्होंने बताया कि यह सूची 11वीं क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जारी की है।

# बारिश से हुआ 221 करोड़ रुपए का नुकसान

## 37 घर पूरी तरह तबाह, 149 घरों को आंशिक नुकसान, 49 घर करवाए खाली, 237 लोग राहत शिविर में

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। सोलन जिले में बारिश से अब तक 221 करोड़ का नुकसान आंका गया है, जबकि तीन लोगों को आपदा में जान गवानी पड़ी। जिले में बारिश का सबसे अधिक कहर नालागढ़ के रामशहर, पंजेरा और बद्दी बरपा में देखने को मिला है, जहां सैकड़ों लोगों को घर छोड़कर राहत शिविरों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिले में बारिश ने 37 घर पूरी तरह तबाह कर दिए, जबकि 149 घरों को आंशिक नुकसान हुआ। नालागढ़ के रामशहर और पंजेरा क्षेत्र में अतिवृष्टि से 49 घर खाली करवाए गए। इसके चलते 237 लोगों को राहत शिविर में शरण दी गई है। प्रशासन ने रामशहर व पंजेरा क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि और दरकती पहाड़ियों के कारणों का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट टीम का दौरा करवाने का निर्णय लिया है।



पिछले दिनों नालागढ़ की पंचायत बाह के घनीरी गांव में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते डीसी मनमोहन शर्मा।

डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले में अभी तक बारिश से 221 करोड़ का आंकड़ा आंका गया है। लोक निर्माण, जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड को अधिक नुकसान हुआ। जिले में बारिश से तीन लोगों की मौत हुई। बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ सहित राम शहर और पंजेरा के पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश से घरों व गोशालाओं को नुकसान हुआ, जहां 40 से अधिक मकानों को खाली करवाकर लोगों को राहत शिविरों में रखा गया है।

### लोक निर्माण विभाग को सबसे अधिक नुकसान

जिले में बारिश से लोक निर्माण विभाग को सबसे अधिक नुकसान झेलना पड़ा। बारिश से सड़कों और पुलों को हुए नुकसान का आंकड़ा करीब 114 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। जिले के विभिन्न मंडलों में भूस्खलन, डंगों के गिरने और अन्य बारिश के चलते अधिकतर संपर्क मार्गों को क्षति हुई। इसी तरह जल शक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं को खासा नुकसान पहुंचा है। इससे पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसकी बहाली का कार्य अब शुरू हो गया है। प्रशासन के मुताबिक जिले में जल शक्ति विभाग को 51 करोड़ का नुकसान झेलना पड़ा। वहीं, बिजली बोर्ड को भी इस आपदा से नुकसान हुआ है। जिले में बोर्ड को 71 करोड़ रुपए का झटका लगा।

### बीबीएन में बरपा बारिश का कहर

जिले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ सहित राम शहर और पंजेरा के पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश ने कहर ढाया है। उपमंडल में जगह-जगह भूस्खलन से लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। तहसील रामशहर के पटवार सर्कल के अधीन गांव कयारड़ू, घाटदोघी, ककडडोघी सहित अन्य प्रभावित गांवों में 72 घरों को खाली करवाकर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। खाली करवाए गए अधिकतर मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और भूस्खलन के चलते खतरे की जद में हैं। प्रशासन की टीमें आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का आकलन करने के साथ-साथ लोगों की मदद में जुटी हैं। वहीं, बंद पड़े संपर्क मार्गों को प्रशासन व आपसी सहयोग से बहाल करने की जदोजहद जारी है। प्रभावित लोगों को फौरी राहत व सुरक्षित जगहों पर ठहरने के प्रबंध किए गए हैं।

### मनीषा को कुत्तों को हटाने का नोटिस

अनंत ज्ञान, नाहन। एसडीएम नाहन राजीव संख्यान की अदालत के 26 अगस्त को मोनीषा अग्रवाल बनाम सचिन बिंद्रा एवं अन्य निवासी सुंदर बाग कालोनी के मामले में दिए गए फैसले के खिलाफ अप्पर कोर्ट द्वारा कोई राहत नहीं मिली है, ऐसे में अब एसडीएम कोर्ट का फैसला ही बरकरार रहेगा। उधर, नगर परिषद ने एडीजे की अदालत से कोई राहत न मिलने के बाद एक बार फिर से सुंदर बाग के एक घर से तय संख्या से ज्यादा कुत्तों को हटाने बारे मकान मालिक को नोटिस जारी कर दिया है। एसडीएम कोर्ट ने अपने फैसले में नगर परिषद को 3 महीने के अंदर शहर की सड़कों पर घूम रहे लावारिस कुत्तों, को शिफ्ट करने के लिए डॉग शेल्टर बनाने के आदेश जारी किए थे। अदालत के फैसले के अनुसार अब 3 से ज्यादा कुत्ते घरों में नहीं रखे जा सकेंगे। शहर में बेसहारा कुत्तों का टीकाकरण करने के आदेश नगर परिषद व वेटनरी विभाग को दिए जा चुके हैं। नगर परिषद के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि कोर्ट के फैसले के अनुसार सुंदर बाग में स्थित मकान मालिक को एक बार फिर नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि तत्काल तय संख्या से अधिक कुत्तों को हटा लें अन्यथा एसडीएम कोर्ट के आदेशों अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एटीएम बदल कर शातिरों ने निकाले 80 हजार रुपए

अनंत ज्ञान, सोलन। एक्सिस बैंक सोलन के एटीएम में जुब्बल के रहने वाले राजेंद्र का एटीएम कार्ड बदलकर शातिरों ने उनके यूको बैंक खाते से करीब 80 हजार रुपए निकाल लिए। राजिंदर चंडीगढ़ सेब लेकर जा रहे थे और सोलन में अपनी बहन के घर कुछ देर आराम करने के लिए रुके थे। राजिंदर ने बताया कि उन्होंने एटीएम से दो हजार रुपए निकालने की कोशिश की, तभी दो युवकों ने उन्हें ट्रांजेक्शन पूरा न होने की बात कहकर बातों में उलझा लिया और उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। शातिरों ने उनका पासवर्ड भी पढ़ लिया और उनके खाते से 80 हजार रुपए निकाल लिए, जैसे ही राजिंदर के मोबाइल पर ट्रांजेक्शन का मैसेज आया, उन्होंने तुरंत अपना एटीएम कार्ड ब्लॉक करवाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त की है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और उम्मीद है कि शातिर जल्द ही पुलिस की हिरासत में होंगे। इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आई हैं, जहां शातिर एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खातों से पैसे निकाल लेते हैं। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए एटीएम का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतना जरूरी है। एटीएम पिन को गुप्त रखना व अनजान लोगों से सावधान रहना चाहिए।

### राजेश बने महाकाली टैक्सी यूनियन के प्रधान

अनंत ज्ञान, राजगढ़



महाकाली टैक्सी यूनियन की बैठक विश्राम गृह राजगढ़ में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें राजेश कुमार ( राजा ) को प्रधान, हंसराज को उपप्रधान, दौलत राम और देवराज को संयुक्त सचिव, अमर रोका व परसराम को मुख्य सलाहकार और इंद्रजीत सिंह को संस्थापक नियुक्त किया गया। इससे पहले इंद्रजीत वर्मा ने यूनियन के प्रधान पद व परस राम ने सचिव पद से स्वेच्छा से अपना इस्तीफा दिया। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को यूनियन के सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दीं और सभी प्रतिनिधियों ने यूनियन के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। प्रधान ने बताया कि टैक्सी यूनियन द्वारा लोगों को बेहतर उचित दरों पर टैक्सी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि राजगढ़ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से अनेक निजी गाड़ियां बिना परमिट के सवारियां ढो रही हैं, जिससे वह सरकार को हर वर्ष लाखों रुपए का टैक्स का चूना लगा रहे हैं। इस गंभीर मामले को प्रशासन व पुलिस के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि बिना परमिट सवारियों ढोने पर अंकुश लग सके।

### चिट्टा तस्करी में संलिप्त पुलिसकर्मी बर्खास्त

अनंत ज्ञान, सोलन

पुलिस थाना धर्मपुर के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक हरीश शर्मा पुत्र इंद्र दत्त शर्मा निवासी गांव जदारी डाकघर व तहसील कंडाघाट जिला सोलन 31 वर्ष को 11.33 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया था।

इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की आगामी जांच पर पाया गया कि उक्त चिट्टा तस्करी में उसके साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था। इस पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगामी अन्वेषण अमल में लाकर उक्त मामले में संलिप्त अन्य युवक की पहचान की गई और संलिप्त आरोपी ललित कंवर पुत्र बलजीत सिंह निवासी डाकखाना जाबली तहसील कसौली जिला सोलन उम्र 28 वर्ष का रहने वाला पाया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि यह युवक जिला सोलन में पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है। इस पर 19 जून को कांस्टेबल ललित कंवर उपरोक्त को उक्त मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिला सोलन पुलिस विभाग द्वारा उक्त पुलिस कर्मचारी ललित कंवर को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था तथा उक्त आरोपी पुलिस कर्मचारी के खिलाफ नियमित विभागीय जांच के आदेश पारित करके विभागीय जांच खोली गई थी। इस विभागीय जांच के दौरान उक्त पुलिस कर्मचारी ललित के खिलाफ लगे आरोप पूर्ण रूप से सिद्ध होने पाए गए। उक्त द्वारा किया गया यह जघन्य अपराध विभागीय अनुशासन और नियमों का स्पष्ट उल्लंघन को दर्शाता है। इसके अलावा, इस जघन्य अपराध को अंजाम देकर कांस्टेबल ललित ने न केवल पुलिस कर्मियों की ईमानदारी को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि समग्र रूप से पुलिस बल की छवि को भी धूमिल किया है। यह कृत्य पुलिस विभाग में जनता के विश्वास व भरोसे को कम करता है और उनके कार्यों ने पुलिस विभाग को घोर अपमानित किया है व इसकी सार्वजनिक छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है और जनता के विश्वास पर आघात किया है। उक्त पुलिस कर्मचारी द्वारा पुलिस विभाग में रहते हुए इस तरह का घृणित कृत्य पुलिस विभाग जैसे अनुशासित बल में सहनीय नहीं है। इस पर उक्त घृणित कार्य/कदाचार के लिए उक्त पुलिस कर्मी/कांस्टेबल ललित को गंभीर कदाचार, अनुशासनहीनता, लापरवाही, कर्तव्य विमुखता व पुलिस विभाग जैसे अनुशासित बल में रहते हुए एक गंभीर अपराध को अंजाम देने के लिए पुलिस नियमावली के तहत हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग की सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त इसके खिलाफ अभियोग से संबंधित कार्रवाई न्यायिक प्रक्रिया के तहत जारी है। इसके अतिरिक्त नशा तस्करी पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अपनाई जा रही जीरो टोलरेंस की नीति के तहत सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा इस तरह की मुहिम भविष्य में भी जारी रहेगी।

### नेशनल रैंकिंग में 3 श्रेणियों में नौणी विवि को मिला स्थान

अनंत ज्ञान, सोलन

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा की रैंकिंग जारी कर दी है। इन परिणामों की घोषणा कल नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा की गई। इस वर्ष रैंकिंग को 17 श्रेणियों में जारी किया गया। इनमें से तीन श्रेणियों में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी को स्थान मिला है।

देशभर में कृषि, वानिकी और पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों में नौणी 12वां स्थान पर रहा। कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों के श्रेणी में देशभर के सभी आईसीएआर संस्थाओं को गिनकर, विश्वविद्यालय ने 20वां स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय ने निरंतर प्रगति दर्शाते हुए अपने अंकों में सुधार किया है। 2024 में 54.67 अंक से बढ़कर 2025 में 55.53 अंक प्राप्त किए हैं। 17 मानकों में से विश्वविद्यालय ने 9 मानकों में सुधार किया है तथा चार मानकों में पूर्ण अंक बनाए रखे हैं। यह सुधार मुख्यतः छात्र संख्या, प्राध्यापकों की योग्यता और अनुभव, शोध प्रकाशन, प्रकाशनों की गुणवत्ता, क्षेत्रीय विविधता और धारणा जैसे मानकों में बेहतर प्रदर्शन के कारण हुआ है। नौणी को देशभर के विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 101-150 बैंड तथा ओवरऑल श्रेणी में 151-200 बैंड में भी स्थान मिला है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि विवि इन रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करता रहा है, जो बागवानी और वानिकी के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान व विस्तार कार्यों के प्रति इसकी सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस वर्ष कई मानकों में हमारे कुल अंकों में सुधार हुआ है, जो विवि द्वारा किए जा रहे सकारात्मक कार्यों को दर्शाता है। हालांकि, हम उन मानकों का भी विश्लेषण कर रहे हैं।

### न्यायमूर्ति बारोवालिया ने साझा किए अनुभव

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश के लोकायुक्त व हिमाचल प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सीबी बारोवालिया ने शूलिनी विवि में मानवाधिकार पर अतिथि व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन विधि विज्ञान संकाय द्वारा किया गया था। एसोसिएट डीन डॉ. नंदन शर्मा ने विशिष्ट वक्ता का स्वागत किया और आज की दुनिया में मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। न्यायमूर्ति ने मानवाधिकारों के ऐतिहासिक विकास का वर्णन किया और समकालीन समाज में उनकी प्रासंगिकता को समझाया। उन्होंने इन अधिकारों की रक्षा में कानूनी पेशेवरों की भूमिका पर प्रकाश डाला और इनकी रक्षा में शामिल चुनौतियों व नैतिक जिम्मेदारियों को समझाने के लिए अपने लंबे कानूनी करियर के वास्तविक जीवन के उदाहरण साझा किए। सत्र का समापन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रेणु पाल सूद के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### महिलाओं को एनीमिया, कैंसर और सुरक्षा योजनाओं पर दी जानकारी



मिशन शक्ति के तहत आयोजित जागरूकता अभियान में पहुंची महिलाएं।

अनंत ज्ञान, सोलन

महिला व बाल विकास विभाग सोलन द्वारा मिशन शक्ति के तहत विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

शिविर की अध्यक्षता जिला मिशन समन्वयक सोलन रेनू शर्मा ने की। रेनू शर्मा ने कहा कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं व किशोरियों को एनीमिया, सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम, महिलाओं को प्रभावित करने वाले कैंसर की रोकथाम व इसकी जल्द पहचान के बारे में अवगत करवाकर उनके जागरूकता स्तर को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति एक व्यापक व दूरदर्शी पहल है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है। शिविर में उपस्थित महिलाओं को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिला व बाल विकास के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं, महिला सशक्तिकरण के लिए बुनियादी आजीविका, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सेवाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान में लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### खुशियों का बैंक माजरा जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा संस्था द्वारा संचालित खुशियों का बैंक, माजरा लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कार्य कर रहा है। इस बैंक में समाजसेवियों द्वारा एकत्रित किए गए कपड़े, बिस्तर, किताबें, व्हीलचेयर, स्टिक, वॉकर जैसी उपयोगी वस्तुएं उन लोगों तक पहुंचाई जाती हैं, जिन्हें इनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है। संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा व संस्थापक डॉ. अनुराग गुप्ता ने बताया कि खुशियों का बैंक, माजरा में जमा किया गया सामान कई जरूरतमंद परिवारों के जीवन में संबल साबित होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर में रखी अनुपयोगी वस्तुएं संस्था को दान करके इस नेक कार्य में सहयोग करें। शिविर से बाहर से काम की तलाश में आए कई प्रवासी परिवारों की हालत खराब हो गई थी, ऐसे समय में संस्था ने प्रभावित परिवारों को कपड़े वितरित किए।

### आयोजन | सिरमौर में आपदा के कारण हुए नुकसान तथा राहत कार्य की समीक्षा बैठक

# क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द किया जाए दुरुस्त: हर्षवर्धन

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला सिरमौर में आपदा के कारण हुए नुकसान तथा राहत कार्य की समीक्षा बैठक नाहन स्थित बचत भवन में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उद्योग, संसदीय मामले और श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने की।

यह बैठक हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधायक पांवटा साहिब सुखराम चौधरी, विधायक पच्छाद रीना कश्यप व विधायक नाहन अजय सोलंकी की उपस्थिति में आयोजित हुई। उद्योग मंत्री ने बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला सिरमौर में मानसून के कारण लगभग 230 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने नायब तहसीलदार तथा पटवारियों को आपदा से हुए नुकसान का सही आकलन कर पात्र व्यक्तियों को राहत दिलाने के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों को अवरुद्ध मार्गों को खोलने तथा क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को



जिला सिरमौर में बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री हर्षवर्धन चौहान। साथ हैं अन्य।

शीघ्रता से दुरुस्त करने को कहा। उन्होंने जिला प्रशासन को आपदा से क्षतिग्रस्त हुए स्वास्थ्य व शिक्षण संस्थानों को प्राथमिकता आधार पर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस आपदा के समय सभी से मिलकर साथ खड़े होने का आह्वान किया, ताकि सिरमौर जिले में हुई इस क्षति की शीघ्रता से पूर्ति की जा सके। उन्होंने कहा कि इस समीक्षा बैठक का उद्देश्य सभी चुनें हुए प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में हुई आपदा की जानकारी लेने तथा उस क्षेत्र में किए जा रहे राहत कार्यों की समीक्षा करना भी है। बैठक में बताया कि जिला सिरमौर में मानसून से हुए नुकसान से निपटने के लिए जिले के संबंधित विभागाध्यक्षों के साथ नियमित रूप से बैठक आयोजित की जा रही है। जिला सिरमौर में आपदा के समय खोज व बचाव के लिए तहसील ददाहू के कुब्जा पवेलियन में राष्ट्रीय आपदा बचाव बल स्थापित किया गया है। आपदा से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल भी स्थापित किए गए हैं। जिले में आपदा से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट के लिए 24×7 जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र भी स्थापित हैं और टोल फ्री नंबर-1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

बैठक में अवगत करवाया गया कि जिला सिरमौर में 20 जून से 9 सितंबर तक 10 पक्के घर व 12 कच्चे घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त और 51 पक्के घर व 40 कच्चे घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिले में 90 गोशालाएं, 4 दुकानें क्षतिग्रस्त और 44 पशुधन का नुकसान हुआ है। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बैठक के अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि जिले में आपदा से हुई क्षति का सही आकलन कर प्रभावित परिवारों को जल्द राहत उपलब्ध करवाई जाएगी।

### कोटी ऊतरऊ स्कूल की जर्जर स्थिति बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रशासन से गुहार



जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के कोटी ऊतरऊ स्कूल की जर्जर स्थिति।

अनंत ज्ञान, शिलाई

जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र का कोटी ऊतरऊ राजकीय प्राथमिक पाठशाला का भवन वर्तमान में इतनी जर्जर स्थिति में है कि बारिश होने पर छत से पानी टपकना शुरू हो जाता है।

छत भी जैसे गिरने की कगार पर है। इस प्रकार देवभूमि हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में आपदाओं का मंजर देखने व सुनने को मिल रहा है। इसमें सैकड़ों हजारों लोग बेघर व अपने जीवन से हाथ धो बैठे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में स्थानीय गांव के जागरूक व नवयुवक मंडल कोटी ऊतरऊ के अध्यक्ष, जो वर्तमान में शिक्षक के रूप में मिल्ला स्कूल में अपनी बखूबी भूमिका निभा रहे हैं उन्होंने अपने गांव के इस स्कूल की जर्जर स्थिति से निपटने के लिए शिक्षा विभाग, डीसी सिरमौर और स्थानीय विधायक व मंत्री हर्षवर्धन चौहान से सुरक्षा के रूप में गुहार लगाई है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो।

बुद्धिजीवियों व दोनों राजनीतिक दलों के सक्रिय कार्यकर्ताओं और नेताओं से भी जनहित में निवेदन किया है कि ऐसे गंभीर मामलों का समाधान करने के लिए हम सभी एकजुटता का परिचय दें, ताकि भविष्य में जल्द समाधान हो सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड के लिए 20 सर्वे टीमें गठित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ में नक्शा पायलट प्रोग्राम की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता निशांत कुमार यादव, उपायुक्त, यूटी चंडीगढ़ ने की। बैठक में सर्वे ऑफ इंडिया, नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर, नगर निगम चंडीगढ़, मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (वीसी के माध्यम से) तथा राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई, नक्शा, यूटी चंडीगढ़ के अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि पायलट प्रोजेक्ट में पांच गांव बुटेल, अटावा, कजहेड़ी, पलसौरा और सारंगपुर तथा 15 सेक्टर (सेक्टर 2 से 17) शामिल हैं। यह भी अवगत कराया गया कि ड्रोन सर्वे पूर्ण हो चुका है तथा संपत्तियों की फील्ड वेरिफिकेशन 20 सितंबर से प्रारंभ होगी। इसके लिए पांच-पांच सदस्यों वाली 20 सर्वे टीमों का गठन किया गया है, जो यह कार्य व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न करेंगी। डीसी ने इन गांवों के लाल डोरा क्षेत्रों में संपत्तियों के रिकॉर्ड ऑफ राइट्स तैयार करने की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत सभी संपत्ति अभिलेखों का एकीकरण कर अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड जारी किए जाएंगे। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि फील्ड डेटा संकलन के लिए तैनात सर्वेयरों को पर्याप्त प्रशिक्षण अवश्य प्रदान किया जाए, ताकि कार्य की शुद्धता और दक्षता सुनिश्चित हो सके।

### चाइल्डहुड कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एक समय पर दुर्लभ समझे जाने वाले चाइल्डहुड कैंसर के मामले अब लगातार बढ़ रहे हैं। वयस्क कैंसर के विपरीत, जो अक्सर धूम्रपान, शराब का सेवन, या अस्वास्थ्यकर आहार जैसे जीवनशैली के कारण से जुड़े होते हैं, बच्चों में कैंसर के मामले आमतौर पर जेनेटिक्स प्रवृत्तियों से जुड़े होते हैं, जैसे गर्भावस्था के दौरान मैटरनल हेल्थ, पर्यावरणीय संपर्क, जिसमें प्रदूषण, विषाक्त पदार्थ आदि शामिल हैं। असिस्टेंट कंसल्टेंट-पीडियेट्रिक ऑन्कोलॉजी, मैक्स अस्पताल, मोहाली, डॉ. कृतिका गोयल ने कहा, कैंसर मूल रूप से एक आनुवंशिक रोग है, लेकिन इसे विकसित करने का जोखिम हमारे रहने के वातावरण द्वारा आकारित होता है। बच्चों के लिए, यह जोखिम जन्म से पहले ही शुरू हो सकता है। एक मां के आहार, हानिकारक रसायनों के संपर्क में आने के माध्यम से, या गर्भावस्था के दौरान निष्क्रिय धूम्रपान के कारण। उन्होंने कहा कि प्रिवेंटिव कदम महत्वपूर्ण अंतर बना सकते हैं। प्रेग्नेंट महिलाओं को स्वस्थ पोषण अपनाना चाहिए शराब, धूम्रपान, प्रोसेस्ड फूड से बचना चाहिए और प्रीनेटल विटामिनों का पर्याप्त सेवन सुनिश्चित करना चाहिए। बच्चों के लिए, कीटनाशकों, वायु प्रदूषण और अनावश्यक रेडिएशन के संपर्क को कम करना चाहिए। साथ ही शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और स्क्रीन समय को सीमित करना चाइल्डहुड कैंसर दीर्घकालिक के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

### स्थायी पानी निकासी के लिए 50 करोड़ की परियोजना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थायी तौर पर पानी निकासी के लिए वॉटर डिस्पोजल टैंक बनाए जाएंगे जिसमें बड़ी पाइपलाइन और हाईपावर पंप लगाए जाएंगे, ताकि पानी को टांगरी नदी में डाला जा सके। इस कार्य पर लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे और इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग व एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को विस्तृत परियोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। विज ने मंगलवार को अंबाला छावनी के इंडस्ट्रियल एरिया में पानी के निकासी प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को कहा कि यहां से जल्द से जल्द पानी निकासी हो। उन्होंने बताया कि बीते तीन दिनों से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और उम्मीद है कि कल शाम तक पूरा पानी निकल जाएगा।

# हरियाणा सरकार ने ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स को बताया अवैध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह विभाग ने जनहित की रक्षा और वित्तीय अखंडता को बनाए रखने के लिए ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते चलन के खिलाफ चेतावनी जारी की है।

ये प्लेटफॉर्म अपने उपयोगकर्ताओं को ऐसे व्यापार/समझौते करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिनमें भुगतान अंतर्निहित घटना के घटित होने या न होने के हां/ना प्रस्ताव के परिणाम पर निर्भर करता है, जिसने राज्य और केंद्र दोनों अधिकारियों की गंभीर चिंता को जन्म दिया है। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह परामर्श भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक विस्तृत पत्र के बाद जारी किया गया है। इसमें ऐसे प्लेटफॉर्म्स से जुड़े जोखिमों और कानूनी अस्पष्टताओं पर प्रकाश डाला गया है। सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडे ने राज्य सरकार को लिखे एक पत्र में चेतावनी दी है कि ये प्लेटफॉर्म अक्सर मुनाफा, स्टॉप लॉस और ट्रेडिंग जैसी वित्तीय शब्दावली का उपयोग करके वैध निवेश सेवाओं की नकल करते हैं, जिससे उपयोगकर्ताओं को यह विश्वास हो जाता है कि वे विनियमित प्रतिभूति व्यापार में संलग्न हैं। ये प्लेटफॉर्म निवेश के समान दिखने के लिए डिजाइन किए गए हैं। सेबी के पत्र में कहा गया है, ये प्लेटफॉर्म, प्रतिभूतियों के व्यापार से जुड़े शब्दों का इस्तेमाल करके वैधता का झूठा आभास पैदा कर रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने जोर देकर कहा कि ये प्लेटफॉर्म भले ही अभिनव लगें, लेकिन ये संभावित रूप से कानूनी और नियामक ढांचों की सीमाओं से बाहर काम कर रहे हैं। उन्होंने अनियमित व्यापार के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द का हवाला देते हुए कहा, इन प्लेटफॉर्म पर प्रतिभूतियों का कोई भी व्यापार, अगर कारोबार किए गए विचार प्रतिभूतियों के रूप में योग्य हैं, तो अवैध है और अवैध व्यापार के समान है। डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पुलिस महानिदेशक सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को हरियाणा सार्वजनिक जुआ निवारण अधिनियम, 2025 के तहत उचित कार्रवाई करने और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रासंगिक प्रावधानों पर विचार करने के निर्देश दिए हैं। ये कानून उन संस्थाओं पर मुकदमा चलाने का कानूनी आधार प्रदान करते हैं, जो अवैध प्रतिभूति व्यापार सहित अनधिकृत वित्तीय गतिविधियों में संलग्न हैं।

#### विचार-व्यापार नियामक दायरे में नहीं आता: सेबी

**उन्होंने** बताया कि सेबी ने आगे स्पष्ट किया है कि विचार-व्यापार उसके नियामक दायरे में नहीं आता है, क्योंकि जिन उपकरणों का व्यापार किया जाता है वे वर्गीकृत नहीं हैं। परिणामस्वरूप, ऐसे प्लेटफॉर्म में भाग लेने वाले निवेशकों को विनियमित बाजारों में आमतौर पर उपलब्ध किसी भी निवेशक सुरक्षा तंत्र द्वारा सुरक्षा नहीं मिलती है। सेबी की सलाह में चेतावनी दी गई है, निवेशकों और प्रतिभागियों को पता होना चाहिए कि प्रतिभूति बाजार के दायरे में कोई भी निवेशक सुरक्षा तंत्र ऐसे निवेश या भागीदारी के लिए उपलब्ध नहीं होगा। वित्त मंत्रालय ने भी ऐसी गतिविधियों को प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956, विशेष रूप से धारा 13, 16, 17 और 19 के उल्लंघन के रूप में वर्गीकृत किया है। ये उल्लंघन संज्ञेय अपराध हैं और 2023 में लागू की गई नई आपराधिक संहिताओं के तहत इनकी जांच की जा सकती है। इसमें भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 406, 420 और 120-बी के तहत दंड भी शामिल है। डॉ. मिश्रा ने नागरिकों से सावधानी बरतने और ऐसे प्लेटफॉर्म से जुड़ने से बचने का आग्रह किया, जो नियामक निगरानी के बिना सट्टा रिटर्न का वादा करते हैं।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मोदी ने की 1600 करोड़ की वित्तीय मदद



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (9 सितंबर) को हिमाचल और पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हेलिकॉप्टर से हवाई सर्वे किया। दोनों राज्यों के लिए उन्होंने कुल 3100 करोड़ की सहायता राशि का ऐलान किया। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। गुरदासपुर में पीएम मोदी ने 19 किसानों, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम से बातचीत की।

मंत्रियों व अधिकारियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने पंजाब को 1600 करोड़ देने का ऐलान किया। इस पर पंजाब के मंत्री बरिंदर गोयल ने कहा कि ये बहुत बड़ा मजाक है। वहीं आप प्रदेशाध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कहा केंद्र ने पंजाबियों के जख्मों पर नमक छिड़का है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने कुल्लू, मंडी और चंबा में हुए नुकसान का सर्वे किया। कांगड़ा में बैठक में अधिकारियों से प्रेजेंटेशन लिया और 1500 करोड़ की मदद का ऐलान किया। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे। पीएम ने 18 प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंडी की एक साल की बच्ची नितिका को टॉफी दी और फिर उसे गोद में उठाया। नितिका के माता, पिता और दादी की 30 जून को मंडी में बादल फटने से आई बाढ़ में मौत हो गई थी।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में चंडीगढ़ 27वें स्थान से 8वें पर पहुंचा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, चंडीगढ़ ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में 8वाँ स्थान प्राप्त किया है, जो 2024 में 27वें स्थान से एक उल्लेखनीय छलांग है।

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण, जो प्रतिवर्ष पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जाता है, शहरों का मूल्यांकन उनके वायु गुणवत्ता सुधार के निरंतर प्रयासों और प्रगति के आधार पर करता है। चंडीगढ़ की 19 स्थानों की यह प्रगति, इसके सतत शहरी विकास प्रयासों, सक्रिय वायु गुणवत्ता प्रबंधन रणनीतियों और नागरिक सहभागिता का प्रमाण है। नगर निगम चंडीगढ़, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग, राज्य परिवहन विभाग और चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति के सामूहिक प्रयासों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिनमें निम्नलिखित कदम शामिल हैं। निदेशक पर्यावरण सह सदस्य सचिव, सौरभ कुमार ने कहा यह उपलब्धि चंडीगढ़ की अपने निवासियों के लिए स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नीति-निर्माताओं से लेकर नागरिकों तक, सभी के सामूहिक प्रयासों ने इसे संभव बनाया है और हम एक स्वस्थ और हरित शहर की दिशा में कार्य करते रहेंगे। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण शहरों का मूल्यांकन आठ प्रमुख मानकों पर करता है। नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सड़क धूल नियंत्रण, निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट प्रबंधन, वाहन उत्सर्जन नियंत्रण, औद्योगिक उत्सर्जन पर कड़ी निगरानी, अन्य उत्सर्जनों पर नियंत्रण, जन-जागरूकता अभियान, तथा कणीय पदार्थ सुधार की प्रवृत्ति।

# युवा पीढ़ी करेगी विरासत की हिफाजत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेश का विरासत व पर्यटन विभाग विरासत की हिफाजत अभियान चलाएगा। विशेष कार्य योजना के तहत युवाओं, विशेषकर स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों का भ्रमण करवाते हुए इतिहास से जोड़ा जाएगा। अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 18 सितंबर को विरासत नगरी नारनौल से करेंगे। यह जानकारी सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दी। डॉ. अरविंद शर्मा ने चंडीगढ़ में सेवा पखवड़ा अभियान के निमित्त विरासत व पर्यटन विभाग की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने प्रदेश भर में प्रस्तावित सेवा पखवाड़ा अभियान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

# 17 से दो अक्तूबर तक देशभर में मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा सप्ताह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय, सेक्टर 33 कमलम में सेवा पखवाड़ा सप्ताह को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा सप्ताह 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पूरे देशभर में मनाया जाएगा। यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे इस देशव्यापी सेवा अभियान का हिस्सा रही।

इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभिन्न जिलों से आए संयोजक एवं सहसंयोजक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यशाला के संयोजक प्रदेश महामंत्री संजीव राणा तथा सहसंयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पांचाल, भारत कुमार व इंदिरा सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका गुर्जर मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने सेवा पखवाड़ा सप्ताह के महत्व और इसके विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को दी। डॉ. अलका गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की प्रेरणा का दिन है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत पूरे देश में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, गरीबों एवं वंचितों की सहायता, और समाजहित से जुड़े अन्य कार्य किए जा रहे हैं। यह आयोजन समाज के हर वर्ग को जोड़ने और सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।

## देश-विदेश

# दिल्ली सचिवालय और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राजधानी दिल्ली में लगातार बम की धमकी भरे संदेश आ रहे हैं। यह सिलसिला थम नहीं रहा है। अब दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज और दिल्ली सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल में धमाके का समय भी बताया गया है। ई-मेल में दोनों जगहों पर विस्फोट करने की बात लिखी गई थी। धमकी का ई-मेल मिलते ही पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। एहतियातन दोनों स्थानों को सुरक्षा घेरे में लेकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, धमकी भरा ई-मेल मंगलवार सुबह प्राप्त हुआ, जिसके बाद तुरंत उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। सीएम सचिवालय में एडिशनल डीसीपी सेंट्रल, एसीपी कमला मार्केट व एसएचओ आईपी एस्टेट मौके पर पहुंचे और बम निरोधक दस्ते के साथ जांच शुरू कराई। इसी तरह मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में एटीओ, आईपी एस्टेट ने टीम के साथ सघन तलाशी अभियान चलाया। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां भी तैनात की गई हैं। दिल्ली पुलिस की साइबर सेल को धमकी वाले ई-मेल के स्रोत की जांच में लगाया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस ई-मेल की भाषा व स्टाइल पहले मिले कई फर्जी मेल से मिलती-जुलती है। (अनंत ज्ञान)

# क्या भारत में होगी टिकटॉक की एंट्री?

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पीएम मोदी की चीन यात्रा के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि सरकार चीनी एप पर से बैन हटा देगी। वहीं, अब इस मामले में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव का बयान सामने आया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकार का पक्ष आधिकारिक रूप से साफ करते हुए कहा है कि सरकार की चीनी एप टिकटॉक पर से बैन हटाने की कोई योजना नहीं है। एक इंटरव्यू में केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने साफ कहा कि इस मुद्दे पर सरकार में कोई चर्चा ही नहीं हुई है। उन्होंने कहा, 'किसी भी पक्ष से इस तरह का कोई प्रस्ताव सामने नहीं आया है।' (अनंत ज्ञान)

**केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के जवाब ने सबको चौंकाया**

# सेंसेक्स 314 अंक उछला, निफ्टी 24868 के पार

**एजेंसी, मुंबई**



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में लिवाली और अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 314 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 95 अंक की बढ़त रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन बढ़त में रहा और 314.02 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,101.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.07 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित सूचकांक निफ्टी 95.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवा कारोबारी सत्र है जब निफ्टी में बढ़त दर्ज की गई।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से देश की दूसरी बड़ी आईटी सेवा कंपनी इन्फोसिस के शेयर में 5.03 प्रतिशत की तेजी रही। कंपनी ने कहा कि उसका निदेशक मंडल 11 सितंबर को इक्विटी शेयर की पुनर्खरीद के प्रस्ताव पर विचार करेगा। (अनंत ज्ञान)

# अफगानिस्तान में भीषण सड़क हादसे में 11 मरे

**एजेंसी, अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान में एक भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है जिसमें एक ही परिवार के 7 लोगों समेत 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। उत्तरी अफगानिस्तान के बदाखशान प्रांत में हुए इस हादसे में एक व्यक्ति अभी भी घायल है। मंगलवार को स्थानीय पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एक वाहन के खाई में गिरने से यह दुर्घटना हो गई है। दरायेम जिले में हुए इस हादसे के पीछे ड्राइवर की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# एपल आज लॉन्च करेगा आईफोन 17 सीरीज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एपल आज अपने सालाना इवेंट में सबसे पतला आईफोन लॉन्च करेगी। यह आईफोन प्लस की जगह लेगा। इवेंट में आईफोन17 सीरीज में कुल 4 मॉडल्स पेश किए जाएंगे। एपल एयरपॉड्स प्रो-3 भी लॉन्च किए जाएंगे। इसमें हार्ट रेट मॉनिटरिंग जैसे हेल्थ ट्रैकिंग फीचर्स मिल सकते हैं। यह फीचर पहले एपल के बीट्स पावरबीट्स प्रो-2 में पेश किया गया था, लेकिन ये ऑप्टिकल सेंसर का उपयोग करता है। इसके अलावा एपल वॉच सीरीज-11 को लॉन्च किया जा सकता है। सभी डिवाइस अपडेटेड ओएस-26 के साथ आएंगे, जिसमें लिक्विड ग्लास इंटरफेस मिलेगा। लॉन्च इवेंट का नाम 'ऑव ड्रॉपिंग' रखा गया है। कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो में एपल पार्क में भारतीय समय अनुसार, रात 10.30 बजे से इवेंट शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो भारत में स्टैंडर्ड आईफोन 17 की कीमत 79,900 रुपए से शुरू हो सकती है, जो इसके टॉप मॉडल प्रो मैक्स के लिए 1,64,900 रुपए तक जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

# राजस्थान में दूसरी बार टूटा बारिश का रिकॉर्ड

**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान इस बार मानसून के सीजन में ऐतिहासिक बारिश का गवाह बन रहा है। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि राज्य में 108 वर्षों में दूसरी सबसे ज्यादा बरसात हो चुकी है। साल 1917 में 844.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी, जबकि इस बार अब तक 693.1 मिमी पानी बरस चुका है। खास बात यह है कि मानसून अभी पूरी तरह विदा भी नहीं हुआ है, ऐसे में यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। बता दें कि बाड़मेर, जैसलमेर, सिरोही और जालौर में कई इलाकों में 1 से 2 इंच तक बारिश दर्ज की गई। वहीं, राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम साफ रहा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है, 10 सितंबर के बाद से मानसून की रफ्तार धीमी पड़ जाएगी और अगले चार दिन तक कहीं भी तेज बारिश की संभावना नहीं है। लगातार हो रही बारिश से राज्य के जलस्रोत भी लबालब हो गए हैं। राजस्थान के 693 छोटे-बड़े बांधों में से 437 बांध पूरी तरह भर चुके हैं, जबकि 164 बांध 25 से 90 प्रतिशत तक पानी से भरे हैं। (अनंत ज्ञान)

# दक्षिण कोरिया 300 नागरिकों को चार्टर्ड विमान से लाएगा स्वदेश

**एजेंसी, सियोल।** अमेरिका में दक्षिणी जॉर्जिया के हुंडई-एलजी एनर्जी सॉल्यूशन बैटरी प्लांट से आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के छापे में हिरासत में लिए गए लगभग 300 दक्षिण कोरियाई नागरिक एक चार्टर्ड विमान से स्वदेश लौटेंगे। यही नहीं, दक्षिण कोरिया अपने शीर्ष राजनयिक को भी अमेरिका भेज रहा है। इसका मकसद आव्रजन छापे को लेकर बढ़ते असंतोष को ऐसे संकट में बदलने से रोकना है, जो उसके सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी के साथ संबंधों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। द कोरिया टाइम्स अखबार और सीएनएन चैनल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, सियोल के अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्री चो ह्यून सोमवार शाम स्थानीय समयानुसार वाशिंगटन डीसी के लिए रवाना हुए। इससे कुछ घंटे पहले सरकार ने घोषणा की है।

# अंबाला के विशाल मेगा मार्ट में लगी भीषण आग

**एजेंसी, अंबाला**



**2 फ्लोर का सामान खाक, एक दमकलकर्मी की हालत बिगड़ी**

हरियाणा के अंबाला में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे विशाल मेगा मार्ट के शोरूम में आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में पूरे मॉल को चपेट में ले लिया। लोगों को इसका पता तब चला, जब मॉल के शीशे आग की गर्मी से चटककर गिरने शुरू हुए और धुआं बाहर निकलने लगा।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। हालांकि, आग ज्यादा फैल जाने से इस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की 5 और गाड़ियां बुलाई गई, जिनकी मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

फायर अधिकारी तरसेम राणा ने बताया कि आग कपड़ों में फैल गई थी, जिससे इस पर काबू पाने में मुश्किल आई। शीशे भी टूट कर गिर रहे हैं। इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, दमकलकर्मी परमजीत का दम घुट गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। (अनंत ज्ञान)

# एयर इंडिया और इंडिगो ने काठमांडू की उड़ानें कीं रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर इंडिया और इंडिगो ने मंगलवार को पड़ोसी देश नेपाल में जेन जी के विरोध प्रदर्शनों से गहराई अराजकता की स्थिति को देखते हुए दिल्ली और काठमांडू के बीच अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का इस्तीफा आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया है। एयर इंडिया ने अपने एक बयान में कहा कि काठमांडू में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली रूट की उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इन उड़ानों में एआई2231/2232, एआई2219/2220, एआई217/218 और एआई211/212 शामिल हैं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और जल्द आगे की जानकारी साझा करेंगे। एयर इंडिया में हम हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। इंडिगो ने कहा कि काठमांडू में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, हवाई अड्डे को परिचालन के लिए बंद कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी भी 14 वर्ष के पीक पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर में कमजोरी के बीच कीमती धातुओं में ग्लोबल रैली के चलते मंगलवार को घरेलू स्तर पर सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं क्योंकि यूएस लेबल मार्केट के निराशाजनक आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में एग्रेसिव कटौती की उम्मीदों को बल दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतें ऑल टाइम हाई पर पहुंच गईं, जबकि चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एमसीएक्स पर, दिसंबर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपए या 0.41 प्रतिशत बढ़कर 1,10,047 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, भारत में 24 कैरेट सोने की कीमत मंगलवार को 10,804 रुपए प्रति ग्राम दर्ज की गई। वहीं, चांदी की 1,25,651 रुपए पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

# कर्नाटक सरकार बोली-राष्ट्रपति और राज्यपाल सिर्फ नाममात्र के प्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति के संदर्भ पर आठवें दिन सुनवाई हुई, जिसमें यह पूछा गया था कि क्या अदालतें राज्य विधानसभाओं में पास बिलों पर विचार करने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर सकता है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने इस पर अपनी दलील दी और कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत, राष्ट्रपति और राज्यपाल सिर्फ नाममात्र के प्रमुख हैं। दोनों, केंद्र और राज्यों में मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर काम करने के लिए बाध्य हैं। कर्नाटक सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट गोपाल सुब्रमण्यम ने चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बेंच को बताया कि विधानसभा में पारित बिलों पर कार्रवाई के लिए राज्यपाल की संतुष्टि ही मंत्रिपरिषद की संतुष्टि है। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 14 सवालों की जांच कर रहा है। बेंच में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल हैं। यह मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। जहां गवर्नर से राज्य सरकार के बिल रोककर रखे थे। (अनंत ज्ञान)

## बेबाकी — लोगों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को 4 दिन का टेस्ट मैच बताया

# सेना प्रमुख बोले-सेना के लिए आत्मनिर्भर भारत जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा कि सेना के लिए भी आत्मनिर्भर भारत जरूरी है। पहले संघर्ष के समय जहां 100 किमी की रेंज वाले हथियारों की जरूरत थी, आज वहां 300 किमी की रेंज वाले हथियार चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे विरोधियों की तकनीक आगे बढ़ रही है। हम विदेशी हथियारों पर हमेशा निर्भर नहीं रह सकते। अपनी क्षमता पर भरोसा और लगातार मजबूत होना ही हमें भविष्य के युद्धों के लिए तैयार कर सकता है। सेना प्रमुख ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा कि कुछ लोगों ने कहा कि यह तो चार दिन का टेस्ट मैच था, लेकिन आप युद्ध के बारे में पहले से कुछ नहीं कह सकते। हमें कोई अंदाजा नहीं था ऑपरेशन कितने दिन चलेगा। युद्ध हमेशा अनिश्चित होता है। जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि यह इतना लंबा चलेगा। ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 साल चला। (अनंत ज्ञान)

#### नई तकनीक और भविष्य की तैयारी जारी

**सेना** प्रमुख ने आने वाले समय में नई तकनीक वाले हथियारों को सेना में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत हथियारों के मामले में राइफल से लेजर हथियारों तक जाना चाहता है। हम ऐसे टैंक सेना में शामिल कर रहे हैं जो बिना किसी व्यक्ति के संचालित हो सकें। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सेना के लिए नए हेलिकॉप्टरों की खरीद पर भी बात चल रही है। मैं कुछ दिन पहले ही इस सिलसिले में विदेश गया था। हम सैनिकों की जिंदगी बेहतर करने पर जोर दे रहे हैं।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान 400 वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे किया कार्य: इसरो प्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने मंगलवार को बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए 400 से अधिक वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के 52वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते हुए नारायणन ने कहा कि इसरो ने राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए उपग्रह डेटा उपलब्ध कराया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सभी उपग्रह चौबीसों घंटे सक्रिय थे और सभी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे थे। नारायणन ने कहा '400 से अधिक वैज्ञानिक दिन-रात, पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे थे और मिशन के दौरान सभी पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रह पूरी तरह से सक्रिय थे।' उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सशस्त्र संघर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका पर विशेष ध्यान गया। इस दौरान ड्रोन और स्वदेशी 'आकाश तीर' जैसी वायु रक्षा प्रणालियों की क्षमताओं की व्यापक जांच हुई। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे रक्षित और अंशुल

**एशिया पेसिफिक चैंपियनशिप**

**एजेंसी, दुबई।** मौजूदा अखिल भारतीय एमेच्योर चैंपियन अंशुल मिश्रा और रक्षित दहिया 23 से 26 अक्टूबर तक यहां होने वाली 16वीं एशिया पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। मौजूदा प्रवेश सूची के अनुसार भारत से दहिया और मिश्रा के अलावा राघव गुलाटी और रणवीर मित्रो भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन चारों खिलाड़ियों को अच्छा-खासा अंतरराष्ट्रीय अनुभव है, खासकर गुलाटी ने दुबई में काफी खेला है, जहां वह अपना ज्यादातर समय बिताते हैं। इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी को 2026 में मास्टर्स टूर्नामेंट में खेलने का निमंत्रण मिलेगा जबकि उपविजेता खिलाड़ी क्वालीफाइंग सीरीज में भाग लेगा। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के 120 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### मनदीप सिंह ने किया पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एशिया कप जीतने के बाद भारतीय हॉकी खिलाड़ी अपने-अपने घर लौट रहे हैं। हॉकी प्लेयर मनदीप सिंह ने बाढ़ प्रभावित पंजाब पर दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि सभी हॉकी खिलाड़ी विचार-विमर्श कर पंजाब के बाढ़ग्रस्त इलाकों में लोगों की मदद करने जाएंगे और किसी एनजीओ के साथ मिलकर वे पंजाब के लोगों की मदद करेंगे। मनदीप सिंह ने कहा कि 8 साल बाद भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई कप पर जीत हासिल की है और हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने अपनी जगह बना ली है। टीम बेहतर प्रदर्शन कर रही है और पुराने खिलाड़ियों के एक्सपीरियंस और नए खिलाड़ियों के जोश और तकनीक से अच्छा प्रदर्शन हो रहा है। इस बार भारतीय हॉकी टीम वर्ल्ड कप में भी अच्छा प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीत कर आएगी। मनदीप सिंह ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम भी अपना अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मनदीप के माता-पिता ने भी एशिया कप की जीत को लेकर पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि टीम आगे से बेहतर प्रदर्शन कर वर्ल्ड कप में भी जीत हासिल करेगी और आने वाले ओलंपिक में भी जीत हासिल कर गोल्ड मेडल इंडिया की झोली में डालेगी। (अनंत ज्ञान)

### ट्यूनीशिया ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया

**एजेंसी, ट्यूनिस।** मोहम्मद अली बेन रोमधाने के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से ट्यूनीशिया ने गिनी पर 1-0 से जीत दर्ज करके फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। ट्यूनीशिया को अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए दो मैच बाकी रहते जीत की जरूरत थी। वह ग्रुप एच में आठ मैचों में 22 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद नामीबिया से 10 अंक आगे है। ट्यूनीशिया ने क्वालीफाइंग में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। ट्यूनीशिया ने कुल सातवीं और लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। वह विश्व कप में 2018 और 2022 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। (अनंत ज्ञान)

### क्रिकेटर मार्कस ने की सारा से सगाई

**स्टार** क्रिकेटर मार्कस स्टोइनिस ने अपने जीवन में नई पारी की शुरुआत की है। स्टार क्रिकेटर ने अपनी लंबे समय से गर्लफ्रेंड सारा चारनच से सगाई कर ली है। स्टोयनिस ने रोमांटिक अंदाज में सारा को नाव पर प्रपोज किया और उन्हें अंगूठी पहनाई।



### बैजबॉल को लेकर गलतफहमी खिलाड़ियों का अनादर :मैकुलम

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि क्रिकेट का बैजबॉल ब्रांड कोई कड़ी खेल शैली नहीं है बल्कि यह खिलाड़ियों को स्वच्छंद होकर खेलने की छूट देने से जुड़ा है तथा इसको लेकर गलत धारणाएं खिलाड़ियों के लिए अपमानजनक है। मैकुलम ने 2022 में इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कमान संभाली और आक्रामक अंदाज में क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दी। क्रिकेट जगत ने इस शैली को बैजबॉल नाम दिया लेकिन मैकुलम को यह शब्द पसंद नहीं है।

मैकुलम ने 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पॉडकास्ट में कहा, ''हमारे अंदर कभी भी अपने बारे में ऐसी मानसिकता नहीं रही है। चीजों को लेकर हमारा रवैया सख्त नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''हम जिस तरह की क्रिकेट खेलते हैं उसको लेकर कुछ गलत धारणा है। मुझे लगता है कि यह सभी खिलाड़ियों और टीम के अन्य सदस्यों के लिए अपमानजनक है। हम कड़ी मेहनत करते हैं और सफल होना चाहते हैं लेकिन हमें इस तरह से वर्गीकृत करना सही नहीं है।'' न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि उनका जोर हमेशा खिलाड़ियों की मानसिकता पर रहा है, न कि किसी विशेष तरीके से खेलने पर। मैकुलम ने कहा, ''हमारे लिए यह ऐसा माहौल तैयार करने से जुड़ा है जिसमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव को झेलने और अपनी भूमिका को अच्छी तरह से समझने पर जोर देते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी कौशल का खुलकर प्रदर्शन करें। (अनंत ज्ञान)

**एशिया कप** मैच में भारतीय ऑलराउंडर निभाएंगे बड़ी भूमिका

# आज यूएई से भिड़ेगी टीम इंडिया

**एजेंसी, दुबई**

खिताब का प्रबल दावेदार भारत एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को यहां जब मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा तो ऑलराउंडर के जरिए टीम में पर्याप्त संतुलन स्थापित करने की कोशिश करेगा।

**मैच भारतीय समयानुसार रात 8:00 बजे शुरू होगा**

भारत हालांकि अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि इस मुकाबले में तीसरे स्पिनर या विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के साथ उतरना है या नहीं।

मुख्य कोच गौतम गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद से भारत ने सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर को प्राथमिकता दी है। ऐसा विशेष कर बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए किया गया है ताकि आठवें नंबर तक उसके पास अच्छे बल्लेबाज रहें। अमीरात के खिलाफ मैच 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले अभ्यास मैच की तरह होगा। कमजोर मानी जाने वाली यह टीम भारतीय टीम प्रबंधन को इस बात का अंदाजा देगी कि टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए किस संयोजन के साथ मैदान में उतरना बेहतर होगा। जसप्रीत बुमराह का सामना करना या शुभमन गिल को गेंदबाजी करना किसी एसोसिएट देश के क्रिकेटर के जीवन में आम बात नहीं है और एशिया कप उन्हें खेल के वास्तविक माहौल से अवगत कराएगा।

भारतीय टीम में संजू सैमसन बनाम जितेश शर्मा की पहेली फिलहाल सुलझ गई है। जितेश की फिनिशर की भूमिका को सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी पर प्राथमिकता मिलना तय है। गिल अब अभिषेक शर्मा के साथ बल्लेबाजी का आगाज करेंगे। ऐसे में तीसरा नंबर बचता है लेकिन इस स्थान पर तिलक वर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे वह टी20 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव तीसरे या चौथे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं। इसके बाद ऑलराउंडर का नंबर आता है जिसमें हार्दिक पंड्या महत्वपूर्ण हैं। वह एक उपयोगी तेज गेंदबाज होने के साथ कुशल बल्लेबाज हैं।(अनंत ज्ञान)



**टीम इंडिया**
सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह।

**संयुक्त अरब अमीरात**
मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, अर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतीउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह, सगीर खान।

## एशिया कप में इब्राहिम जादरान एक रन बनाकर हुए आउट

**एजेंसी, अबु धाबी**

टी-20 एशिया कप 2025 का पहला मैच अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग के बीच अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेला गया। वहीं अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया।

खबर लिखे जाने तक अफगानी टीम ने 9 ओवर में 2 विकेट पर 72 रन बना लिए थे। सेदिकुल्लाह अटल और मोहम्मद नबी क्रीज पर हैं। इब्राहिम जादरान एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अतीक इकबाल ने विकेटकीपर जीशान अली के हाथों कैच कराया। ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज (8 रन) को आयुष शुक्ला ने नियाजाकत खान के हाथों कैच कराया। वहीं जादरान 50वां टी-20 इंटरनेशनल मैच खेल रहे थे। मैच के दौरान स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था।



## यूरोपीय फुटबॉल विश्व कप: टोनाली ने इटली को विश्व कप क्वालीफाइंग में इसराइल पर जीत दिलाई

**एजेंसी, डेब्रेसेन (हंगरी)**

**इसराइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत की हासिल**

सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग में सोमवार को इसराइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

जून में नॉर्वे से 3-0 की हार के बाद इटली का क्वालीफिकेशन अभियान मुश्किल में पड़ गया था। उसकी मुश्किल तब और बढ़ गई थी जब तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए मैच में इजराइल ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। इटली ने मोइज़ कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने माटेओ रेटेगुई ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया। लेकिन इजराइल ने दो मिनट में दो गोल करके स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। उसकी तरफ से डोर पेरेट्ज़ ने दो गोल किए। इसके बाद टोनाली ने खेल समाप्ति से एक मिनट पहले गोल करके इटली को पूरे अंक दिलाए।

यूरोपीय क्वालीफाइंग के अन्य मैच में कोसोवो ने स्वीडन को 2-0 से, स्विट्जरलैंड ने स्लोवेनिया को 3-0 से, डेनमार्क ने यूनान को 3-0 से, स्कॉटलैंड ने बेलारूस को 2-0 से और क्रोएशिया ने मोंटेनेग्रो को 4-0 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में अभी काफी क्रिकेट बची है : हेजलवुड

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि आगामी एशेज श्रृंखला में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की खतरनाक तेज गेंदबाजी तिकड़ी आखरी बार एक साथ खेलते हुए दिखेगी।

उन्होंने कहा कि तीनों तेज गेंदबाजों में अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेल सकते हैं। इन तीनों तेज गेंदबाजों की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट से जूझ रहे हैं तथा स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। एसईएन रेडियो ने हेजलवुड के हवाले से कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, ''अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। (अनंत ज्ञान)



## मैदान पर आक्रामकता के बिना काम नहीं चल सकता :सूर्यकुमार

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले एशिया कप के मुकाबले में आक्रामकता पर अंकुश नहीं लगाएगी। भारतीय टीम बुधवार को यूएई के खिलाफ ग्रुप ए का पहला मैच खेलेगी जिसके बाद रविवार को उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा । सूर्यकुमार ने टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैदान पर आक्रामकता हमेशा रहती है। अगर आपको जीतना है तो इसके बिना काम नहीं चल सकता।''



उनसे पूछा गया था कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में क्या खिलाड़ी आक्रामकता कम करेंगे । इसी सवाल पर पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा ,'' अगर कोई आक्रामक होना चाहता है तो यह उसका फैसला है । जहां तक मेरी टीम का सवाल है तो मैं कोई दिशा निर्देश किसी को नहीं देता ।'' सूर्यकुमार ने कहा कि अच्छे अभ्यास सत्र के बाद उनकी टीम लय में है । उन्होंने कहा ,'' हमने कुछ अच्छे अभ्यास सत्र किये । अच्छा लग रहा है । एशिया कप की सर्वश्रेष्ठ टीमों से खेलना अच्छी चुनौती होगी ।'' भारतीय कोच लालचंद राजपूत की यूएई टीम भले ही कमजोर मानी जा रही हो लेकिन भारतीय कप्तान ने कहा कि वह मेजबान को हलके में नहीं लेंगे ।

उन्होंने कहा ,'' वे शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं और हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला में कुछ करीबी मुकाबले खेले हैं । उम्मीद है कि वे एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे ।'' यह पूछने पर कि क्या पहले मैच में भारतीय टीम कोई प्रयोग करेगी, सूर्यकुमार ने कहा ,'' जब आप किसी प्रारूप में खेलते हैं तो आपको यह जानना होता है कि तैयारी कितनी अच्छी है । बिना वजह प्रयोग की क्या जरूरत है । (अनंत ज्ञान)

## पाक गेंदबाज उस्मान शिनवारी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के 31 वर्षीय तेज गेंदबाज उस्मान खान शिनवारी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान के लिए कुल 34 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस क्रिकेटर ने दिसंबर 2019 में आखिरी बार पाकिस्तान की ओर से खेला था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उस्मान खान शिनवारी ने साल 2013 में पाकिस्तान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया। टी20 फॉर्मेट के डेब्यू के बाद उन्हें वनडे और टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका भी मिला।

शिनवारी ने पाकिस्तान की ओर से 17 वनडे मैच खेले, जिसमें 18.61 की औसत के साथ 34 शिकार किए। वहीं, 16 टी20 मुकाबलों में इस गेंदबाज ने 13 विकेट निकाले। इस तेज गेंदबाज ने दिसंबर 2019 में इकलौता टेस्ट मैच खेला। श्रीलंका के खिलाफ रावलपिंडी में आयोजित इस मुकाबले में शिनवारी ने 54 रन देकर सिर्फ एक ही विकेट अपने नाम किया था।

इसके तुरंत बाद वह टीम से बाहर हो गए और अपना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खो दिया। शिनवारी एसीसी पुरुष वनडे एशिया कप 2018 में पाकिस्तानी टीम का हिस्सा थे। अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज को छोटे से कार्यकाल में ही कई बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसने उनके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के रास्ते बंद कर दिए। वनडे फॉर्मेट में शिनवारी श्रीलंका के खिलाफ दो मुकाबलों में पांच शिकार कर चुके हैं। 2017 में 34 रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय महिला रिकर्व टीम कांस्य पदक प्लेऑफ में, पुरुष हारे

**एजेंसी, ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया)**

**तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से 2.6 से हारी**

दीपिका कुमारी, गाथा खड़के और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में पहुंच गई लेकिन पुरुष टीम पहले दौर से बाहर हो गई।

तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से 2.6 से हार गई। अब कांस्य पदक के लिए भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय महिला टीम की नजरें 2015 के बाद विश्व चैंपियनशिप में पहले पदक पर है। भारत ने अभी तक दो पदक जीते हैं और दोनों कंपाउंड वर्ग में मिले है । पुरूष टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता और ऋषभ यादव तथा ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मिश्रित टीम में रजत पदक हासिल किया। रिकर्व में महिला टीम की अगुवाई कर रही चार बार की ओलंपियन दीपिका क्वालीफिकेशन में 677 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त गाथा ने 666 और 30वीं वरीयता प्राप्त अंकिता ने 656 अंक बनाए । टीम क्वालीफिकेशन में भारत तीसरे स्थान पर रहकर सीधे दूसरे दौर में पहुंचा।

तीनों ने शानदार शुरूआत करते हुए दसवीं वरीयता प्राप्त स्लोवेनिया को 5.1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने तुर्की को मात दी लेकिन सेमीफाइनल में जापान से हार गई। फाइनल में जापान का सामना चीनी ताइपै से होगा जिसने मेजबान दक्षिण कोरिया को शूटआफ में हराया। पुरूष रिकर्व टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसे पहले दौर में 24वीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क ने हराया। नौवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में नीरज चौहान (670 अंक, 36वीं वरीयता), ओलंपियन धीरज बोम्मदेवरा (669, 39वीं) और राहुल (657, 62वीं) थे। शूटआफ तक चले मैच में भारतीय टीम 26.28 से हार गई। कंपाउंड वर्ग में ज्योति, परनीत कौर और प्रिथिका प्रदीप के व्यक्तिगत वर्ग में हारने के साथ ही भारतीय चुनौती खत्म हो गई ।

बीस वर्ष की परनीत कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में कोलंबिया की अलेजांद्रा से 144 . 145 से हारकर चौथे स्थान पर रही। परनीत ने क्वार्टर फाइनल में ज्योति को 149 . 147 से हराया था लेकिन सेमीफाइनल में सोफिया पेइज से 142.143 से हार गई।

29 वर्ष की ज्योति 2017 के बाद पहली बार व्यक्तिगत वर्ग से खाली हाथ लौटेंगी। सोलह वर्ष की प्रिथिका को प्री क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की लिसेल जातमा ने 148.145 से हराया। भारत के लिए 2023 में बर्लिन में अदिति स्वामी ने महिला व्यक्तिगत खिताब जीता था । (अनंत ज्ञान)

**जूनियर हॉकी विश्व कप** पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेंगी 24 टीमें

## चिली के खिलाफ अभियान का आगाज करेगा मेजबान भारत

**एजेंसी, चेन्नई**

मेजबान भारतीय टीम नवंबर दिसंबर में चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान का आगाज 28 नवंबर को चिली के खिलाफ करेगी। पिछली चैंपियन जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मदुरै में उद्घाटन मैच खेला जाएगा। पहली बार टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।

एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री टी उदयनिधि स्टालिन, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की गई। इन 24 टीमों में पाकिस्तान भी शामिल है जिसे पहला मैच स्विटजरलैंड से 28 नवंबर को चेन्नई में खेलना है। पाकिस्तान ने हालांकि अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सुरक्षा कारणों का हवाला देकर बिहार के राजगीर में रविवार को समाप्त हुए एशिया कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी। भारत ने हालांकि कहा था कि पाकिस्तानी टीम को वीजा मुहैया कराया जाएगा।

भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर एशिया कप खिताब जीता और अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई किया। भारत और पाकिस्तान का सामना 29 नवंबर को चेन्नई में होना है। भारतीय टीम दो दिसंबर को चेन्नई में स्विटजरलैंड से खेलेगी। (अनंत ज्ञान)



### 24 टीमों को छह पूल में बांटा गया

सभी 24 टीमों को चार चार के छह पूल में बांटा गया है। भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विटजरलैंड के साथ रखा गया है। हर ग्रुप की शीर्ष टीम और दो सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इसके बाद से नॉकआउट आधार पर मैच खेले जाएंगे। भारत ने 2001 में होबर्ट में और 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीता है। जर्मनी टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है जिसने सात बार खिताब जीता है।

## राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे हिमाचल के जूनियर व सीनियर खिलाड़ी




**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश की जूनियर एवं सीनियर योगासन टीम, छठी राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुई है। इस टीम को जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर की अध्यक्ष स्वाती शर्मा ने अपना आशीर्वाद देकर हमीरपुर बस स्टैंड से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किया। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 11 से 14 सितंबर तक छत्तीसगढ़ में आयोजित की जा रही है। हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ के राज्य सचिव डॉ विवेक सूद ने बताया कि इस प्रतियोगिता का कोचिंग कैंप 3 से 6 सितंबर 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से लिया गया तथा 6 तारीख को इसका समापन हुआ। इस मौके पर उपस्थित हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ के सह सचिव विनोद कुमार ने कैंप इंचार्ज अजय शर्मा मुख्य कोच शशि कुमार व इस कैंप में सहयोग देने वाले हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभिन्न जिलों से जुड़े हुए सभी जजों का धन्यवाद किया।

जिन्होंने इन खिलाड़ियों को योग की बारीकियां सिखाई। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी ऋषभ, विकास, गुरमीत, अमित, राहुल, विशाल, तमन्ना, दीक्षिता, वंशिका, प्रियंका, दिशा, कनिष्का, शिवांशी, शालिनी और ज्योति भाग ले रहे हैं।